सूर्योदय 6:00 सूर्यास्त 6:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 17.5 न्यू | 26 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,718.01 |
| निफ्टी | 24,715.05 |
| सोना 1,05,945 | चांदी 1,23,207 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

ज्ञानदाता को शत्-शत् नमन

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 5 सितंबर 2025 | 21 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 248, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भिवानी कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े फायरिंग

**एजेंसी, भिवानी।** हरियाणा के भिवानी कोर्ट परिसर में वीरवार की दिनदहाड़े फायरिंग हो गई है। दो युवक आए और वहां मौजूद 3 दोस्तों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से एक युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जबकि उसके दो दोस्तों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। सूचना मिलते ही एसपी सुमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इससे पहले कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों ने तुरंत ही घायल को उठाकर ऑटो से सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं। (अनंत ज्ञान)

### पटना में सड़क हादसे में 5 दोस्तों की मौत

**एजेंसी, पटना।** पटना में सड़क हादसे में 5 दोस्तों की मौत हुई है। बुधवार रात 1 बजे उनकी कार चलते ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा परसा बाजार थाना के महोली फ्लाई ओवर के नीचे हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि कार ट्रक के अंदर घुस गई। ट्रक के ड्राइवर को इसका पता भी नहीं चला। वह कार को घसीटते हुए 25 मीटर दूर तक चला गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। गैस कटर से कार को काटकर सभी शवों को निकाला गया। मरने वालों में गोपालपुर के 50 साल के राजेश कुमार, 38 साल के संजय कुमार, सिपारा के 38 साल के कमल किशोर, 35 साल के प्रकाश चौरसिया और मुजफ्फरपुर के 30 साल के सुनील कुमार शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### अफगानिस्तान में फिर लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, काबुल।** अफगानिस्तान में विनाशकारी भूकंप आने के बाद से लगातार धरती का कांपना जारी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के एक बयान में बताया गया कि वीरवार को अफगानिस्तान में फिर से 4.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई। यह सुबह 10:40 बजे 135 किलोमीटर की गहराई में आया। इससे पहले बुधवार देर रात 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशॉक का खतरा बढ़ गया था। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से टकरा गया पक्षी

**एजेंसी, विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर वीरवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8:15 बजे का था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। (अनंत ज्ञान)


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- झूठ बोलकर जिम्मेदारियों से भाग रही कांग्रेसः अनुराग — पेज 2
- साइबर क्राइमः आठ माह में आठ एफआईआर, 7 करोड़ की ठगी — पेज 4
- इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार जल्दः डिप्टी सीएम — पेज 6
- दो माह से दूध की पेमेंट अटकी, किसान परेशान — पेज 9
- सोलन-शामति बाईपास में आई दरारें, यातायात बंद — पेज 12


# पहाड़ों पर तबाही के लिए इंसान जिम्मेदार : सुप्रीम कोर्ट

## कहा-प्रकृति अवैध पेड़ कटान का ले रही बदला; केंद्र, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब और जेएंडके सरकार को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने वीरवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है। कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटान ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने वीरवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और चार राज्यों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी।

याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों का अवैध कटान हुआ है। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, 'इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटान एक बड़ी वजह है। पेड़ों का अवैध कटान हो रहा है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। वहीं, मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमने प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई।



शीर्ष अदालत ने मामले में तीन सप्ताह में मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बीच हिमाचल के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आईएफएस अधिकारियों और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह आपदा में बड़े पैमाने पर कटे हुए स्लीपर बहकर आए हैं, यह जांच का विषय है। सरकार व वन विभाग को इस विषय में गहराई से सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएफएस और डीएफओ जंगल में तो जाते ही नहीं हैं। प्रदेश के जंगलों को गार्ड के भरोसे छोड़ दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल में 'पुष्पा स्टाइल' में बहकर पंडोह डैम तक पहुंच गई थीं सैकड़ों टन लकड़ियां

**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंच गई थीं। यह दृश्य सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसे 'पुष्पा स्टाइल' में पेड़ों के अवैध कटान से जोड़कर वायरल किया गया था, जिससे वन विभाग और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे। विवाद गहराता देख कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने भी अपनी ही सरकार और सीएम के महकमे पर सवाल खड़े कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि वन विभाग ठीक से काम नहीं कर रहा और अवैध कटान व खनन जैसी गतिविधियां कुल्लू जैसी आपदाओं की बड़ी वजह बन रही हैं।



## भरमौर से सुरक्षित चंबा पहुंचाए 500 श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


प्रदेश में मणिमहेश यात्रा पर गए श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी को लेकर जिला प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वीरवार को जिला प्रशासन ने भरमौर से 500 श्रद्धालुओं को सुरक्षित गाड़ियों के माध्यम से चंबा पहुंचाया। हालांकि, कुछ स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण श्रद्धालुओं को पैदल चलना पड़ा।

**सीएम स्वयं कर रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी**

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार, प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में निशुल्क भोजन-पानी, वाहन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रदेश सरकार ने बताया कि वीरवार को 34 बीमार और बुजुर्ग श्रद्धालुओं को छोटे हेलिकॉप्टरों से सुरक्षित चंबा पहुंचाया गया। इसके लिए सात उड़ानें भरी गईं। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम मणिमहेश यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए लगातार फ्री बस सेवा प्रदान कर रहा है। अब तक 153 बसों के माध्यम से लगभग 6,647 श्रद्धालुओं को पठानकोट और कांगड़ा तक सुरक्षित पहुंचाया जा चुका है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के लिए मनरेगा नियमों में दी जाएगी ढील

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य में मानसून की अप्रत्याशित आपदाओं के मद्देनजर ग्रामीण अधोसंरचना के पुनर्निर्माण और रोजगार सृजन के लिए मनरेगा नियमों में महत्वपूर्ण ढील देने का निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भारी बारिश, अचानक बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाओं से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य समयबद्ध तरीके से हो सके। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य के कृषि और बागवानी क्षेत्र, पशुधन तथा ग्रामीण अधोसंरचना को इस मानसून में व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में अब उपायुक्तों को ग्राम सभा की पूर्व स्वीकृति की प्रतीक्षा किए बिना मनरेगा के तहत नए कार्यों को मंजूरी देने का अधिकार दिया गया है। खराब मौसम की स्थिति में बैठकें आयोजित करना व्यवहारिक नहीं होता, इसलिए पंचायत, जिला परिषद और ग्राम सभा से कार्योत्तर स्वीकृति बाद में ली जाएगी।

### एनडीए से अलग हुए दिनाकरन



**एजेंसी, चेन्नई।** टीटीवी दिनाकरन की एएमएमके ने एनडीए गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा की है। एएमएमके दूसरी पार्टी है, जिसने एनडीए का साथ छोड़ा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक से निष्कासित ओ पन्नीरसेल्वम ने अपने दल को गठबंधन से बाहर कर दिया था। दिनाकरन ने मीडिया से कहा कि यह आंदोलन (एएमएमके) कुछ लोगों के विश्वासघात के खिलाफ शुरू किया गया था। हमें विश्वास था कि वे बदल जाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। दरअसल, तमिलनाडु में एनडीए का नेतृत्व अन्नाद्रमुक कर रही है। 2023 में अलग होने के बाद एएमएमके ने अप्रैल 2025 में भाजपा के साथ गठबंधन किया है। दिनाकरन का आरोप है कि एआईएडीएमके ने एएमएमके को गठबंधन में शामिल करने का विरोध किया था। दिनाकरन ने अमित शाह से हस्तक्षेप की उम्मीद की थी, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

## पराठा; दूध, हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

### दुर्लभ और गंभीर बीमारियों की दवाइयों पर भी नहीं लगेगा जीएसटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5% और 18% होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी जानकारी दी है। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं, इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवनरक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी।

हालांकि लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स खैनी और सिगरेट पर अब 28% की जगह 40% जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वहीं, बीड़ी के दाम में थोड़ी सी कमी आएगी। बीड़ी पर जीएसटी पहले 28% था, जिसे घटाकर 18% कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

#### 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे नए स्लैब



**वित्त** मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। हालांकि, तंबाकू वाले सामान पर नई 40% जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है।

#### देश के आम आदमी को मिलेगा लाभ : पीएम



**पीएम** मोदी ने कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से आम आदमी किसानों और मिडिल क्लास को मिलेगा सीधा फायदा होगा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने के सरकार के इरादे के बारे में बात की थी। केंद्र सरकार ने आज उस वादे को पूरा कर दिया है।

#### जीएसटी में बदलाव से हिमाचल को उठाना पड़ेगा 1000 करोड़ का नुकसान : हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल के इंडस्ट्री मिनिस्टर हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जीएसटी की दरें कम करना स्वागत योग्य कदम है। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी, मगर हिमाचल के रेवेन्यू कलेक्शन में इससे कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में चेंज से करीब 1000 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। राज्य सरकार पहले ही 98 हजार करोड़ से ज्यादा के कर्ज में डूबी हुई है।

## हिमाचल से इकलौते शिक्षक शशि को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**



**सोलन।** शिक्षक वह दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को ज्ञान की रोशनी से मिटा देता है। उनके सिखाए हुए रास्तों पर चलकर हम जीवन में नई ऊंचाइयों को छूते हैं। राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला शमरोड़ जिला सोलन के जेबीटी शिक्षक शशि पॉल, जो नवाचार विधियों से युवा पीढ़ी में ज्ञान और शिक्षा की नई चेतना जगाने का कार्य कर रहे हैं, उन्हें ऐसी ही खूबियों के लिए दिल्ली में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश से शशि पॉल एकमात्र शिक्षक हैं, जिन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी।

#### इसलिए हुआ चयन

**शशि** पॉल परिस्थितियों के मुताबिक कुछ अलग विजन का जज्बा रखते हैं। कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा, तो उन्होंने 5 अप्रैल 2020 में व्हाट्सऐप व गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की। उन्होंने देखा कि प्राथमिक स्तर के कई बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगी व छात्रवृत्ति परीक्षाओं को पास करने में असहज महसूस करते हैं। इसको देखते हुए उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रदीप कुमार से मिलकर निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग शुरू की।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा में जमकर हुआ हंगामा

## भाजपा चीफ व्हिप को घसीटकर निकाला

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में वीरवार को जमकर हंगामा हुआ। बंगाली प्रवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर सत्ता पक्ष की ओर से लाए प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही थी। इस दौरान विपक्ष (भाजपा) ने नारेबाजी की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रस्ताव पर बोलने वाली थीं, तभी भाजपा विधायकों ने 2 सितंबर को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के निलंबन पर सवाल उठाते हुए नारे लगाए, जिसका टीएमसी विधायकों ने विरोध किया।

हंगामे के बीच विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने अव्यवस्था फैलाने के आरोप में भाजपा के चीफ व्हिप शंकर घोष को विधानसभा से सस्पेंड कर दिया। घोष के जाने से इनकार करने पर मार्शलों को बुलाया गया और उन्हें घसीटकर सदन से बाहर निकाला गया। बाहर निकालते समय वह गिर गए और बाद में बेहोश हो गए। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। घोष के अलावा दो अन्य भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल और मिहिर गोस्वामी को भी सदन से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, भाजपा नेता सुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि वीरवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में ममता बनर्जी और उनके गुलाम प्रशासन ने लोकतंत्र की हत्या कर दी।



गौर रहे कि पश्चिम बंगाल विधानसभा का तीन दिन का विशेष सत्र 1 सितंबर को शुरू हुआ था। 3 सितंबर को करम पूजा के कारण राजकीय छुट्टी थी। वीरवार को इस सत्र का आखिरी दिन था। (अनंत ज्ञान)

## महाराष्ट्र में मराठों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का विरोध

**एजेंसी, ठाणे**

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर नया टकराव सामने आ गया है। ओबीसी संगठन के सदस्यों ने जिला कलेक्टर ठाने के दफ्तर के बाहर सरकारी प्रस्ताव की प्रतियां फाड़ीं और भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार पर अन्याय करने का आरोप लगाते हुए नारे लगाए। इससे पहले सरकार ने मंगलवार को मराठा आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे की 8 में से 6 मांगें मान लीं और मराठाओं को मराठा-कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का निर्णय लिया था। इससे मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे में आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। जरांगे ने बुधवार को आजाद मैदान में अपना अनशन खत्म करने के बाद कहा कि अब मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र के मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

**ठाने में डीसी दफ्तर के बाहर फाड़ीं प्रतियां**

#### ओबीसी नेता छगन ने दी आंदोलन की धमकी

**सरकार** के फैसले से मराठा समुदाय में संतोष है, जबकि ओबीसी समाज में नाराजगी दिख रही है। ओबीसी नेता और मंत्री छगन भुजबल कैबिनेट बैठक से अनुपस्थित रहे और दोहराया कि यदि मराठाओं को ओबीसी कोटे में शामिल किया तो बड़ा आंदोलन होगा।

## ट्रंप भारत-चीन को धमकाना बंद करें : पुतिन

### रूसी राष्ट्रपति ने कहा-दोनों देश धमकी से डरने वाले नहीं

**एजेंसी, बीजिंग**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत और चीन को टैरिफ के नाम पर धमकाना बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों (भारत-चीन) देश उनकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं।

चीन की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के बाद बुधवार को मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रंप, भारत या चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकते। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत और चीन का इतिहास हमलों से भरा है। अगर इन देशों का कोई नेता कमजोरी दिखाएगा तो उसका राजनीतिक करियर खत्म हो सकता है।'

दरअसल, ट्रंप भारत पर कई बार आरोप लगा चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीदता है और यूक्रेन जंग में रूस का साथ दे रहा है। ट्रंप अपने टैरिफ को जंग सुलझाने वाला हथियार बताते हैं। ट्रंप ने बुधवार को द स्कॉट जेनिंग्स रेडियो शो में कहा था कि इस (टैरिफ) नीति की वजह से अमेरिका को ताकत मिलती है। ट्रंप ने टैरिफ को जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंगें रोकी हैं। (अनंत ज्ञान)

#### बोले-ट्रंप रूढ़िवादी मानसिकता वाले इंसान

**पुतिन** ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के रवैये को पुराना और रूढ़िवादी मानसिकता वाला बताया। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक युग अब खत्म हो चुका है। अमेरिका को समझना होगा कि वह अपने पार्टनरों से ऐसी भाषा में बात नहीं कर सकता। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में तनाव कम होगा और सामान्य राजनीतिक बातचीत फिर शुरू होगी। पुतिन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है और चीन अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है।

**उपलब्धि** | शिक्षा मंत्रालय ने जारी की एनआईआरएफ रैंकिंग, मैनेजमेंट में आईआईएम अहमदाबाद फर्स्ट

## आईआईटी मद्रास फिर टॉपर, मंडी को 58वीं रैंकिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शिक्षा मंत्रालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग-2025 जारी कर दी है, जिसमें देशभर के शीर्ष शिक्षण संस्थानों की सूची सामने आई है। इस बार भी इंजीनियरिंग कॉलेज की लिस्ट में आईआईटी मद्रास शीर्ष पर रहा है, जबकि मैनेजमेंट कैटेगरी में आईआईएम अहमदाबाद ने पहला स्थान हासिल किया है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश के आईआईटी मंडी ने इस साल ऑलओवर श्रेणी में 54.52 स्कोर के साथ 58वां रैंक हासिल किया है। बीते साल 72वां रैंक था। इस तरह आईआईटी मंडी ने बड़ी छलांग लगाई है। आईआईटी मंडी देश के दूसरे चरण के शीर्ष आईआईटी संस्थानों में से एक है। संस्थान का स्थायी परिसर मंडी शहर से लगभग 14 किलोमीटर दूर स्थित है और यह उत्तर और दक्षिण कैंपस में विभाजित है। अपने स्थापना काल से ही संस्थान ने 120 करोड़ से अधिक की लागत वाले 275 से अधिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर काम किया है। विगत वर्षों में इस संस्थान ने 11 अंतरराष्ट्रीय और 12 राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। (अनंत ज्ञान)

#### टॉप 10 इंजीनियरिंग कॉलेज

| | |
|---|---|
| आईआईटी-मद्रास | आईआईटी रुड़की |
| आईआईटी दिल्ली | आईआईटी हैदराबाद |
| आईआईटी बॉम्बे | आईआईटी गुवाहाटी |
| आईआईटी कानपुर | एनआईटी तिरुचिरापल्ली |
| आईआईटी खड़गपुर | आईआईटी बनारस |

### एनआईटी हमीरपुर 97वें स्थान पर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** एनआईआरएफ की रैंकिंग में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर इस बार पहली मर्तब 100 की सूची में स्थान बना पाया है। इसका 97वां रैंक रहा है। संस्थान ने आर्किटेक्चर श्रेणी में भी प्रगति दिखाई है, जो 2024 में अपने 32वें स्थान से सुधार करते हुए 30वें स्थान पर पहुंच गया है। काबिले गौर यह है कि एनआईआरएफ रैंकिंग में पिछले लगातार 5 साल सवाल उठाते रहे। यहां कई विवाद ऐसे हुए जिस कारण संस्थान को नुकसान झेलना पड़ा। ऐसा नहीं है कि कैंपस और रिक्वायरमेंट के हिसाब से यह संस्थान बाकियों के मुकाबले में कमजोर था, लेकिन यहां की व्यवस्थाएं खराब करने में बर्खास्त किए गए पूर्व डायरेक्टर यादव का योगदान भी खास रहा था।

**आर्किटेक्चर श्रेणी में 30वें स्थान पर पहुंचा**

संस्थान के वर्तमान डायरेक्टर एचएम सूर्यवंशी का कहना है कि पिछले दो सालों में जो मेहनत हुई है उसी के कारण रैंकिंग में सुधार हुआ है अगले साल इस रैंकिंग में और बढ़िया सुधार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा से राहत पहुंचाने के लिए सरकार का बड़ा कदम

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हाल ही में प्रदेशभर में हुई भारी वर्षा, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न आपदा की स्थिति को देखते हुए आम जनता को शीघ्र राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक अहम कदम उठाया है। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक ने सभी उपायुक्तों एवं जिला कार्यक्रम समन्वयकों (मनरेगा) को निर्देश जारी किए हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों को बिना विलंब के शुरू किया जाए तथा तुरंत कार्यों को मनरेगा में स्वीकृति दी जाए। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने दी। निशांत शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 24 के अंतर्गत पूरे प्रदेश को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब भूमि विकास सहित सभी प्रकार के कार्यों को स्वीकृति दी जा सकती है।

### आपदा प्रभावित चंबा भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा मंडल समीरपुर ने हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला में आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री भेजी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लब्ली की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में सहायता सामग्री वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, भोरंज विधानसभा की पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, मंडल महामंत्री हिटलर ठाकुर व संजीव डोगरा, जिला उपाध्यक्ष चमन ठाकुर, जिला आई-टी सह-संयोजक अश्विनी गांधी, विजय सांख्यान और युवक क्लब झनिकार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### फील्ड कर्मचारियों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** किसी भी तरह की आपदा से सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पंचायत स्तर पर वॉलंटियर्स और फील्ड कर्मचारियों की टास्क फोर्स तैयार करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दूसरा चरण वीरवार से आरंभ हो गया। इस अभियान के तहत वीरवार को यहां खंड विकास अधिकारी कार्यालय के हॉल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। इसमें पंचायत जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आंगनवाड़ी और आशा वर्कर, महिला मंडलों, युवक मंडलों, अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के फील्ड कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

### बारिश से बूणी में एक रिहायशी मकान क्षतिग्रस्त

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** लगातार हो रही बारिश ने काफी नुकसान हो रहा है। बारिश के कारण पंचायत नौहणी के बूणी क्षेत्र के गांव मधानी की अनीता कुमारी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। एक दीवार भी गिर गई है। शेष मकान कभी भी गिर सकता है। नौहणी पंचायत के उप प्रधान ठाकुर प्रकाश चंद व नेशनल डिवैल्पमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. ओपी शर्मा ने सरकार व प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को उचित राहत दी जाए।

### धनेटा-पिपलू सड़क धंसने से हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के धनेटा कस्बा से पिपलू की ओर जाने वाली सड़क बारिश के कारण धंस गई है। जिससे सड़क में बड़ी बड़ी दरारें आ गई हैं। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़े वाहनों का आवागमन भी बाधित हो गया है। लोगों ने विभाग से आग्रह किया है कि इस सड़क को शीघ्र सही किया जाए ताकि लोगों को हो रही समस्या से निजात मिल सके।

### सनातन सेवा समिति करेगी आपदा प्रभावित की सहायता

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** चबूतरा गांव में जमीन धंसने से जहां कुछ परिवारों के मकान मिट्टी में मिल गए, वहीं शेष बचे गांव के परिवारों के लोग भी दहशत में जी रहे हैं। गांव के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाकर रहने की सलाह दी गई है। कुछ परिवारों के घर और सामान सब कुछ तबाह हो गया है। वहीं सनातन सेवा समिति बड़सर के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा अपनी टीम के साथ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। पीड़ित परिवारों का हाल-चाल जान कर सुनील कुमार तथा सनी कुमार के परिवारों को जो किराए के मकान में रह रहे हैं उन्हें चावल,आटा, दालें, कपड़े, कॉपियां तथा जरूरत की अन्य चीजें भेंट की। इस अवसर पर उनकी टीम के अमृतलाल, विशाल गौतम, देवराज लखनपाल, आर सी लखनपाल, अशोक कुमार, पवन कुमार, राजकुमार, सुखदेव शर्मा, बलदेव तथा सुरेश पटियाला ने भी सहयोग किया।

### शिल्वी ठाकुर ने 10वीं में हासिल किया 6वां स्थान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी की छात्रा शिल्वी ठाकुर ने दसवीं के नतीजे में भरी थी। पहले मेरिट में 11वें स्थान पर अब 6वें स्थान हासिल किया। 686 की जगह अब इस बेटी के अंक 691 प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी वर्ष जब दसवीं के परीक्षा परिणाम आए थे तो एक इसी स्कूल की अन्य एक बेटी ने भी टॉप टेन में जगह बनाई थी। स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने बताया कि कड़ी मेहनत करके विद्यार्थी में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं विद्यालय की प्रशासन ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक आयोजित

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक गगाल संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष राज कुमार चौधरी ने की। बैठक में इकाई सचिव विधि चन्द सनौरिया, पृथ्वी चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत राम, सुरेश कुमार शर्मा, केएल शर्मा सहित काफी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत बोर्ड के कुप्रबंधन के चलते वर्ष 2022 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दो साल तक उनकी लीव-इन-केशमैंट व ग्रेच्युटी जैसे वित्तीय लाभों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। आज कर्मचारियों व अधिकारियों की पेंशन व चार्जशीट करके एक दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा है लेकिन प्रबंधन अपनी इन अधिकारी बेरोकटोक निरंतर वित्तीय अनियमितताओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में ज्वाइंट एक्शन कमेटी के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने पेंशनर्स के वित्तीय लाभों की अदायगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे लेकिन, बोर्ड प्रबंधन तानाशाही पूर्ण रुवैया अपना रहा है।

### ग्राम सभाओं में पंचायतों की मतदाता सूची पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर इन ग्राम सभाओं में पंचायतों की मतदाता सूची पर चर्चा होगी। यदि कुछ गलती है तो ठीक करवाने के लिए लोगों के पास यह मौका होता है।इसके बाद ठीक करने की संभावना कम रहती है। अतः सभी को जागरूक करें कि ग्राम सभा में जरूर आएं, अपना नाम देखें।कोई कमी हो तो बताएं। कई बार यह भी होता है कि लोगों के नाम लोकसभा / विधानसभा की वोटर लिस्ट में तो होते हैं परंतु पंचायत की वोटर लिस्ट में नहीं होते। हालांकि इस बार लोकसभा /विधानसभा वाली वोटर लिस्ट के आधार पर ही पंचायत की वोटर लिस्ट बन रही है परंतु फिर भी लोगों को यह संदेश दें कि भले ही उन्होंने विधानसभा/लोकसभा में वोट डाला है फिर भी उन्हें पंचायत की वोटर लिस्ट चेक करनी है।

### 15 तक पुनर्मूल्यांकन के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) की मई-जून में आयोजित परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद अब पुनर्मूल्यांकन और पुनः जांच के लिए आवेदन मांगे हैं। जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी लेना चाहते हैं, वे 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मई-जून में आयोजित स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) विषयों के सभी नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर परीक्षा का परिणाम घोषित किया। वीरवार को एमबीए दूसरे सेमेस्टर के नियमित, तीसरे और पहले के री-अपीयर परीक्षा का परिणाम घोषित किया। परीक्षार्थी वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

### 10 तक बिजली बिल जमा करवा दें लंबलू के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 सितंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 सितंबर तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें।

### टोल फ्री नंबर 1933 पर करें नशे की शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशीले पदार्थों के सेवन और तस्करी को रोकने के लिए अब नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 आरंभ की गई है। अब राष्ट्रीय स्तर पर टोल फ्री नंबर 1933 पर नशे से संबंधित कोई भी शिकायत आसानी से की जा सकती है। टोल फ्री नंबर पर शिकायत के अलावा नशे के आदी व्यक्ति के इलाज, पुनर्वास और परामर्श इत्यादि के बारे में भी कई महत्वपूर्ण हासिल की जा सकती है। टोल फ्री नंबर के अलावा मानस पोर्टल, ईमेल और उमंग ऐप पर भी ये सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

# हमीरपुर के पंकज ठाकुर और डॉ. प्रमोद पटियाल को मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

### अध्यापन और अनुसंधान पाठ्यक्रम निर्माण के क्षेत्र में हासिल की उपलब्धियां



राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर के पंकज ठाकुर राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा दिया जाएगा। तकनीकी शिक्षा में 20 वर्षों से अधिक का योगदान देने वाले पंकज ठाकुर ने अध्यापन, अनुसंधान, पाठ्यक्रम निर्माण और छात्र मार्गदर्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इन 20 वर्षों में उन्होंने जो भी विषय पढ़ाए उनके परिणाम सदैव उत्कृष्ट रहे हैं।

हाल ही में उन्होंने इंट्रोडक्शन टू लाट एंड मशीन लर्निंग विषय पर एक अटल आनलाइन एफडीपी 16 से 21 दिसंबर 2024 का सफल समन्वयन किया, जिसमें 17 राज्यों के 277 प्राध्यापकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सीडैक एवं मीआईटीवाई प्रायोजित ऑफलाइन एफडीपी 4 से 8 अगस्त 2025 का भी समन्वयन किया। जो राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर में आयोजित हुआ और इसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न आईटीआई एवं बहुतकनीकी संस्थानों के 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### पंकज ठाकुर दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का कर रहे नेतृत्व

पंकज राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर के आसपास के 5 गांवों को गोद लिया है। इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल जिसके अंतर्गत राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर द्वारा 5 नजदीकी पीएम श्री स्कूलों को भी गोल लेने की प्रक्रिया चली हुई है। उनके मार्गदर्षन में विद्यार्थियों ने संस्थान परिसर में ऑटोमेड स्ट्रीट लाइटस और हूटर सिस्टम जैसे प्रोजैक्टस लागू किए और कई हैकथॉन व मॉडल प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते हैं। पंकज ने गूगल क्लारूम ऑनलाइन क्विज और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण जैसी नवाचारी विधियों को अपनाया तथा कमजोर वर्ग के छात्रों को पढ़ाई में सफलता दिलाई।

**शिक्षक दिवस पर विशेष**

### डॉ. प्रमोद ने अनुशासित कार्यशैली से डाला प्रभाव



32 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ डॉ. प्रमोद पटियाल एक दूरदर्शी शैक्षणिक नेता और अनुभवी प्रशासक हैं। रॉ, बीएसएफ और एचपीएफएस में प्रतिष्ठित कार्यकालों के बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में भूगोल पढ़ाने के प्रति अपने जुनून को महसूस किया।

डॉ. पटियाल का प्रभावशाली करियर 25 वर्षों के शिक्षण और 7 वर्षों के प्रधानाचार्य के रूप में रहा है जो परिवर्तनकारी नेतृत्व और अद्वितीय उपलब्धियों से चिह्नित है। उन्होंने नैक मान्यता प्रक्रियाओं के माध्यम से कई कॉलेजों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है, जिसके उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिनमें सरकारी कॉलेज पांवटा का ए ग्रेड और सरकारी कॉलेज हमीरपुर की शीर्ष एसआइआरएफ रैंकिंग शामिल है, जिसके पुस्तकालय को राज्य भर में नंबर एक स्थान मिला है।

उनके अनुभव, नवाचार और अनुशासित कार्यशैली के अनूठे मिश्रण ने क्षेत्र में शिक्षा पर एक स्थायी प्रभाव डाला है। डॉ. प्रमोद पटियाल का नाम राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित हुआ है। यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किया जाएगा।

# झूठ बोलकर जिम्मेदारियों से भाग रही कांग्रेस : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के समय कांग्रेस सरकार जिम्मेदारियों से भाग रही है और झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा हिमाचल की प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किए जाने को दिखावा मात्र व घड़ियाली आंसू बहाने की संज्ञा दी।

वर्ष 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए-2 की सरकार ने प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रावधान खत्म किया था तो आज वो किस आधार पर हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने हमेशा अपनी



सांसद अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर में जानकारी देते हुए।

जिम्मेदारियों से भागने, जनता को गुमराह करने व केंद्र सरकार पर झूठा आरोप लगाने का काम किया है। प्रदेश सरकार सार्वजनिक रूप से कहती है कि केंद्र सरकार सहयोग नहीं करती, मगर विधानसभा में लिखित रूप में मानते हैं कि केंद्र सरकार से आपदा के दौरान पिछले 3 वर्षों में हजारों करोड़ रुपए हिमाचल को मिले हैं।

अपने झूठ का ढोल कांग्रेस सरकार खुद पीट रही है। 2023 में कांग्रेस सरकार आपदा पीड़ितों के लिए 4500 करोड़ रुपए की घोषणा करती है, मगर हकीकत में अब तक इन्होंने सिर्फ 256 करोड़ रुपए ही मदद के रूप में जारी कर पाए है। ये इनके खोखले दावों की तस्वीर है। इस वर्ष अभी तक 1087 करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद केंद्र से मिल चुकी है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा पिछले तीन वर्षों में यानी अभी 31 जुलाई 2025 तक, राज्य सरकार को विभिन्न आपदा-संबंधी मदों के अंतर्गत केंद्र सरकार से लगभग 3,058 करोड़ प्राप्त हुए हैं।

### आपदा प्रभावित गांवों का किया दौरा

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आई आपदाओं से प्रभावित जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की, स्थिति का जायजा लिया और प्रशासन द्वारा प्रदान किए जा रहे राहत कार्यों की समीक्षा की। अनुराग ठाकुर ने बुधदार, मणिहाल, सासन, चबूतरा, खैरी और सचुही गाँवों का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और अधिकारियों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अनुराग ने कहा कि वह इस कठिन समय में हमीरपुर के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

# विधायक सुरेश ने अधिकारियों से ली नुकसान की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



अधिकारियों के साथ विधायक सुरेश कुमार।

विधायक सुरेश कुमार ने वीरवार को यहां मिनी सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करके मानसून सीजन के दौरान भोरंज में हुए नुक्सान की रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि भोरंज उपमंडल में भारी बारिश से हालांकि, कोई बड़ी आपदा तो नहीं आई है, लेकिन कई लोगों के मकानों, गौशालाओं और डंगों तथा सार्वजनिक संपत्ति को काफी क्षति पहुंची है। इससे प्रभावित परिवारों को तुरंत सहायता प्रदान की जानी चाहिए तथा सभी आवश्यक सेवाओं जैसे-बिजली, पानी और सड़क इत्यादि को बहाल करने में भी कोई विलंब नहीं होना चाहिए।

विधायक ने कहा कि मानसून सीजन आरंभ होने से पहले भी उन्होंने उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करके आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की थी, ताकि किसी भी तरह की आपात परिस्थिति से सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

अधिकारियों और फील्ड कर्मचारियों के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि आने वाले समय के लिए भी सभी अधिकारी-कर्मचारी तैयार रहें और कहीं पर भी कोई आपात परिस्थिति उत्पन्न होती है तो त्वरित कदम उठाएं।

## 10वीं की रिचेकिंग में इशिता छठे स्थान पर



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर के उपमंडल बड़सर स्थित किड बड्स पब्लिक सीनियर स्कूल पंगा बिझड़ी की छात्रा इशिता ठाकुर ने 10वीं क्लास के परिणाम में 691/700 अंक लेकर प्रदेश भर में छठा स्थान प्राप्त किया है।

स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया की पूर्व में हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित हुए परीक्षा परिणाम में इशिता के 685/700 अंक प्राप्त किए थे। अब घोषित परिणाम में 691 अंकों के साथ प्रदेश भर में छठी पोजीशन हासिल की है।

# परमार स्कूल, धरोग के दो छात्र बोर्ड मेरिट सूची में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

परमार मॉडल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धरोग ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है।

दसवीं कक्षा के परिणामों में विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रदेश की बोर्ड मेरिट सूची में स्थान बनाकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र आदित्य कौंडल ने 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में 9वां स्थान हासिल किया, वहीं उनके सहपाठी यदुनंदन पठानिया ने 487 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान अर्जित किया। दोनों छात्रों के अंक सुधार के बाद यह शानदार उपलब्धि सामने आई है। इन परिणामों से विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल है। प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने दोनों छात्रों को कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। परमार स्कूल ही नहीं बल्कि श्रेष्ठ विद्यालयों की कतार में और मजबूत स्थान दिलाया है।

# प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद ने 145 शोध पत्र किए प्रकाशित

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने गणित के क्षेत्र में अब तक 145 शोध पत्र प्रकाशित कर हिमाचल प्रदेश में एक नई मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि प्रदेश के किसी भी कॉलेज प्राचार्य के लिए अब तक का अद्वितीय कार्य है। डॉ. राणा के शोध पत्र भारत सहित अमेरिका, इंग्लैंड, नीदरलैंड, रूस, जर्मनी, पोलैंड, अर्जेंटीना, बुल्गारिया, ब्राजील, सर्बिया, रोमानिया, मलेशिया, तुर्की, चीन, ईरान, इराक, सऊदी अरब, हंगरी, स्विट्जरलैंड और इटली की प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उनके कार्य का उल्लेख अब तक 1961 शोधकर्ताओं द्वारा अपने शोध पत्रों में किया गया है।

फ्लुइड डायनामिक्स पर आधारित है, जिसमें उन्होंने नैनो फ्लुइड, वॉल्टर्स फ्लुइड, रिव्लिन-एरिक्सन फ्लुइड, कपल-स्ट्रेस फ्लुइड और जेफ्री फ्लुइड पर उल्लेखनीय कार्य किया है। नैनो फ्लुइड मोटर वाहन उद्योग, ऊर्जा संरक्षण, नाभिकीय रिएक्टर, कैंसर उपचार, बिजली संयंत्र कूलिंग सिस्टम, पेट्रोलियम उद्योग तथा लक्षित दवा वितरण प्रणालियों में उपयोगी। डॉ. राणा ने 40 राष्ट्रीय और सम्मेलनों में शोध प्रस्तुत किया है तथा 48 अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के समीक्षक के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। अब तक वे 3 एमफिल और 1 पीएचडी शोधार्थी का मार्गदर्शन कर चुके हैं। डॉ. ज्ञान हर वर्ष गरीब एवं मेधावी छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध कराते हैं । उन्होंने 12 फरवरी 2024 को वे कॉलेज प्राचार्य पद पर चयनित होकर राजकीय महाविद्यालय धनेटा में कार्यभार ग्रहण किया।

# दुग्ध सोसायटियों के गठन के लिए दिखाएं तत्परता : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एडीसी अभिषेक गर्ग ने पशुपालन विभाग, मिल्क फेडरेशन और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले में दुग्ध सहकारी सभाओं के गठन एवं पंजीकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करें, ताकि पशुपालक इनसे जुड़ सकें तथा जिला कांगड़ा के ढगवार में प्रस्तावित अत्याधुनिक मिल्क प्लांट के लिए बेहतरीन सप्लाई चेन विकसित हो सके।

एडीसी ने बताया कि दुग्ध सहकारी सभाओं का गठन प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और मुख्यमंत्री स्वयं नियमित रूप से इसकी रिपोर्ट ले रहे हैं। जिला हमीरपुर में पहले चरण में इसी माह 34 सोसायटियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि इस प्रक्रिया में पंचायत जनप्रतिनिधि और डीआरडीए के माध्यम से कार्य कर रहे विभिन्न स्वयं सहायता समूह काफी मददगार साबित हो सकते हैं। उन्होंने सभी बीडीओ को इसमें सहयोग प्रदान करने तथा पंचायत जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और संबंधित फील्ड कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एडीसी ने कहा कि पशुपालकों को प्रेरित करने के लिए पशुपालन विभाग जिले भर में शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में मिल्क फेडरेशन और सहकारिता विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहें और मौके पर ही सोसायटियों के गठन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करवाएं। अगर दस्तावेजों में कोई कमी हो तो उसके बारे में भी लोगों का मार्गदर्शन करें।

# रसायन विज्ञान का दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर का रसायन विज्ञान विभाग 4 से 6 सितंबर, 2025 तक अणुओं से पदार्थों तक सतत भविष्य के लिए रसायन विज्ञान (एम2केमएसएफ-2025) विषय पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। 2024 में आयोजित पहले सम्मेलन की शानदार सफलता के बाद, दूसरा सम्मेलन महान प्रतिभाओं को एक साथ लाने और स्थायी अणुओं और पदार्थों के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान से परिचित होने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

वीरवार को सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने किया इस दौरान एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ.



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान मौजूद गणमान्य।

के.एस. घोष, डॉ. और सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष एवं सचिव जय प्रकाश, डॉ. राज कौशल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन नई शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 की सिफारिशों के अनुसार अंत:विषय अनुसंधान के लिए नए रास्ते खोलेगा।

मुख्यातिथि, आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने देश के विकास के लिए टिकाऊ सामग्रियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अतिथि, प्रो. हेंड्रिक स्वार्ट और प्रो. कूस टेरब्लांस, जो दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट विश्वविद्यालय से व्यक्तिगत रूप से एनआईटी हमीरपुर का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि यह सम्मेलन संकाय सदस्यों और वैज्ञानिकों और युवा छात्रों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान संबंध बनाने में मदद करेगा और अंत:विषय अनुसंधान में प्रगति में मदद करेगा। इस सम्मेलन में आईआईटी इंदौर, आईएचबीटी, पालमपुर, वीएनआईटी नागपुर, एनआईटी श्रीनगर कई अन्य राष्ट्रीय संस्थानों और विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्य शामिल हुए।

## भूस्खलन होने से लदरौर खुर्द में घर को बना खतरा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** झरलोग पंचायत के लदरौर खुर्द (कौहल्ली दी हट्टी) के समीप संतोष कुमार पुत्र गजन सिंह के पक्के रिहायसी मकान के नीचे बारिश के कारण भूस्खलन होने से घर को खतरा पैदा हो गया है। इससे पहले संतोष कुमार के भाई पूर्व पंचायत प्रधान नरेश के घर के साथ भी बहुत बड़ा भूस्खलन हुआ है।

भूस्खलन का मलबा लदरौर खुर्द से धसमांही सड़क पर पड़ने के कारण वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी, जिससे लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी से हटा कर सड़क को खोल दिया है। झरलोग पंचायत प्रधान मोनिका का कहना है कि घरों की सुरक्षा के डंगा लगाना जरूरी है। भोरंज विधायक सुरेश से मांग की कि पीड़ित परिवारों को सुरक्षा की दृष्टि से डंगा लगाने के लिए आर्थिक मदद की जाए।

**असुविधा** लोगों को एटीएम सुविधा के लिए 8 किमी दूर जाना पड़ रहा

# बड़ा में एटीएम बना 'सफेद हाथी'

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लोगों को एटीएम की सुविधा प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया एटीएम पिछले लगभग 6 महीनों से पूर्ण रूप से सफेद हाथी साबित हो रहा हैं, जबकि वर्तमान समय में आलम इस कदर हैं कि लोगों को अपने खाते से पैसे निकलवाने के लिए या तो बैंक की लाइन में लगना पड़ रहा हैं या फिर उन्हें कस्बा बड़ा से 8 किलोमीटर दूर नादौन या रंगस में बैंक द्वारा स्थापित किए गए एटीएम में जाकर पैसे निकलवाने पड़ रहे हैं।

लगभग 6 महीनों से बंद पड़े इस एटीएम को सकारात्मक रूप से कार्य करने के लिए स्थानीय बैंक के शाखा प्रबंधक भी आज दिन तक इस संदर्भ में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं, ताकि लोगों को एटीएम की सुविधा प्राप्त करने के लिए इधर उधर न भटकना पड़े।

लोगों का कहना है की स्टेट बैंक द्वारा कस्बा बड़ा में एटीएम स्थापित किया हैं वह आज दिन तक लोगों को एटीएम सुविधा प्रदान करने में पूर्ण रूप से विफल रहा हैं क्योंकि ये महीने में मात्र लोगों को 10 दिन ही सुविधाएं दे पाता था ओर शेष दिन खराब रहता था। बैंक प्रबंधन से कस्बा बड़ा में एसबीआई द्वारा स्थापित एटीएम की सेवाओं को समाधान करने की जोरदार मांग की हैं। कस्बा बड़ा में एटीएम स्थापित करने की कई वर्षों से मांग की जा रही हैं एवं केसीसी बैंक प्रबंधन ने कस्बा बड़ा के लिए एटीएम सैक्शन भी कर दिया हैं अब स्थापित कब किया जाएगा इस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ हैं।

### सुविधा जल्द होगी बहाल

**कस्बा** बड़ा में स्थापित एसबीआई के एटीएम की इस असुविधा के बारे में बैंक के शाखा प्रबंधक ललित का कहना हैं जिस कंपनी को इस एटीएम की देख रेख का टेंडर दिया गया था उसका टेंडर रद्द कर दिया गया हैं अब नया टेंडर एनसीआर कंपनी को दिया गया हैं अतिशीघ्र इस एटीएम की सुविधाओं को बहाल कर दिया जाएगा।

### एटीएम भी होगा स्थापित

**कांगड़ा** को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक चंद्रशेखर का कहना हैं कि उनके बैंक का एटीएम सैंक्शन हो चुका हैं बैंक द्वारा एटीएम को स्थापित करने के लिए सारी फॉर्मेलिटीज भी पूरी कर दी गई हैं, अतिशीघ्र क्रमानुसार इसे स्थापित कर दिया जाएगा।

## राहुल मंडियाल का आकस्मिक निधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर राहुल मंडियाल का सुंदरनगर बीबीएमबी कॉलोनी जंगम बाग में आए भूस्खलन में असमय निधन हो गया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे कांग्रेस परिवार और संगठन को स्तब्ध कर दिया है।

प्रदेश चेयरमैन केकेसी राजीव राणा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल मंडियाल केवल एक साथी नहीं थे, बल्कि असंगठित कामगारों और कर्मचारियों के लिए एक मजबूत आवाज थे। उनकी निष्ठा, संघर्षशीलता और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें हम सबके बीच विशेष स्थान दिलाया। राजीव राणा ने कहा कि राहुल मंडियाल ने हमेशा कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम किया। आज संगठन ने एक सच्चे योद्धा को खो दिया है।

# अनुराग दिल्ली पहुंचकर नहीं उठाते हिमाचल की बात : सुमन भारती

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुमन भारती ने आरोप लगाया है कि आपदा के नाम पर सांसद भद्दी राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर जब यहां पहुंचते हैं, तो अलग बात करते हैं, लेकिन लौटकर जैसे ही दिल्ली पहुंचेंगे तो उनके सुर बदल जाते हैं। उन्होंने कभी भी यहां के लोगों के मसाले उठाने के लिए कभी कोई जिक्र किया हो ऐसा हुआ नहीं है।

सुमन भारती ने कहा कि हिमाचल पहुंचकर यह सांसद फोटो सेशन शुरू करते हैं। सराज में जब पहुंचे तो फोटो वाले बैग बांटते हैं, फूल मालाएं पहनते हैं। आपदा के समय में ऐसी राजनीति भला कौन बर्दाश्त करेगा। सुमन भारती ने कहा कि भाजपा के नेता अजीबोगरीब ही नहीं, लोगों के हित वाली राजनीति करते ही नहीं है। हिमाचल प्रदेश में पहली मर्तबा इतनी भयंकर आपदा आन पड़ी है लेकिन इस पीड़ा दायक माहौल में भी यहां के सांसदों को दिल्ली पहुंचकर कोई लेना देना नहीं है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार भी फोटो सेशन तक सीमित हैं छोटी-छोटी बातों के लिए फोटो खिचवाते हैं। पीड़ितों को देना देना कुछ नहीं है। केवल हाजिरी भरी और चल दिए। इसी रणनीति पर क्या लोगों का भला हो सकता है।

उन्होंने स्थानीय विधायक आशीष शर्मा पर भी तंज कैसे और कहा कि उनकी राजनीति भी विधानसभा में सवाल उठाने के लिए केवल अपने परिवार और संबंधियों के ईर्द-गिर्द ही घूमती है।


आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
राजन ढींगरा, रिपोर्टर नगरोटा बगवां
मो. 9882266640



शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अंकुश चौधरी
पी.टी.आई
राजकीय उच्च विद्यालय, झरेट



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी की प्रधानाचार्या
अंजू शर्मा
एवं समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर सबको हार्दिक बधाई
अंजू शर्मा


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुमन कुमार
राजकीय उच्च विद्यालय, झरेट


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
GAYAN JYOTI
PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR
(Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala)
ADMISSION OPEN
Pre-Nursery to 10th
Mob. 86288-03434, 94188-34317


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ST. PAUL'S SR. SEC. SCHOOL
PALAMPUR
DISTT. KANGRA (H.P.)
Vrinder Pal Singh
Principal
Contact: 01894-235445, 230612
Website" www.st.paulspalampur. com
Email: stpaulsschool.palampur @gmail.com


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
NEUGAL PUBLIC SEN SEC SCHOOL
BINDRABAN PALAMPUR
CBSE AFFILIATED NEW DELHI
AFFILIATION NO. 630128
NUR to 10+2 (All Streams)
Principal
EFFECTIVE SUPPORTIVE ADMINISTRATERS
A QUALITY PLAN & POLICY
HIGHLY QUALIFIED EXPERINCED & DEDICATED FACULTY
SCHOOL IS UNDER CCTV SURVEILLANCE
A SAFE WELL ORGANISED LEARNING ENVIRONMENT FOR STUDENTS
TRANSPORT FACILITIES AVAILALABLE TO ALL AREAS
ALL ROUND DEVELOPMENT THROUGH CO CURRICULAR ACTIVITIES
Ph. 01894 232508 , 8988171485 , 9501587622
E mail : principal_npss@rediffmail.com


GREEN VIEW PUBLIC SCHOOL
(Affiliated H.P.B.O.S.E., Dharamshala)
Source of Intelligence, Knowledge & Modesty
An English Medium School
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 10TH
Harvans Koundel
Principal
Hi-Tech Computer Lab
Discover Your Potential at Green View Public School Where every student is encouraged to shine.
Choose the best School For Admission
V.P.O. Dadh, Teh. Palampur, Distt. Kangra (H.P.)
01892252115, 9816521168


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Spring Dale Convent Sr. Sec. School
Affiliated to CBSE New Delhi, Aff. No. 630135
Dr. Rajinder Singh
(Chairman)
Dr. Rajeev Singh Niryal
(Principal)
Admission Open Nursery to 10+2
❖ Experienced Well Qualified & Trained Teachers.
❖ Spacious Building & Lush Green Play Ground For Sports
❖ Stress Laid On Spoken English And Value Based Education
❖ CCTV Surveillance
❖ Peaceful, Convenient Location
Jawali At Paprola, Tehsil Jawali, Distt. Kangra (HP)
Website: www.sdcsjawali.com, E-mail: sdcs23060@gmail.com
Ph: 01893-292533, (M): 98166-33063


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
TRIPTA PUBLIC SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (Aff.no. 630185)
VPO.Chalwara Teh. Jawali Distt. Kangra (H.P)
Ph.01893292322, Mob.8894077206, 9805568833
Website: www.Tpseducation.com
E-mail: tpsschool2012@gmail.com
Sh. Varinder Naryal
Chairman
Sh. RAKESH RANA
Principal


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
MAHARANA PRATAP INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE
Kuldeep Singh Thakur
MD-cum-Chairman
Rubi Mankotia
Principal
ADMISSIONS OPEN
FOR 2025-2026
Pre Nursery to 9th
HIGHLIGHTS
❖ Huge campus in the lap of nature.
❖ Smart class with trained teachers.
❖ Indoor and Outdoor games.
❖ Karate, Music & Gymnastics.
❖ CCTV surveillance.
❖ German Language.
❖ Splash Pool.
25% RESERVATION FOR WEAKER SECTION
DHARAMGIRI PATHIAR DISTT. KANGRA (H.P.)
mpipschooldgiri@gmail.com, www.mpips.co.in
9418476139, 7807550225
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FROM 6th ONWARDS
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE


शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HOLYFAITH
SR. SEC. SCHOOL PATHIAR
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADMISSION OPEN Nursery to Class+2
(Medical, Non-Medical, Humanities-Arts & Commerce)
Teaching is Our Passion & Your Child is Our Priority
Deepak Sood (M.D.)
Shashi Sood
Principal
Why We'..................
1. Result Oriented Faculty. 2. No Need to take Extra Tutions. 3. Last Fee Structure.
4. Information Classes by Renowned Faculty of IIT/JEE Level Absolutely Free of Cost.
5. Transport Facility. 6. Strictly Focused on Olay Way Method in Pre-Primary Classes.
7. Sainik School and RMS Coaching from this year for classes 5th and 8th within school time.
Powered by: Tekie from Uolo
Aasoka and Campus Learning Apps
Contact us : himalyanholyfaithschool@gmail.com
www.himalyanholyfaithschool.com, 9816065788, 9805511280
Transport Facility Available

## न्यूज ब्रीफ

### टैक्सी ऑपरेटर पर शुल्क लगाना निंदनीय: अभिषेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम की ओर से टैक्सी ऑपरेटर्स पर 2500 रुपए मासिक शुल्क लगाना निंदनीय है। निगम अगर इस फैसले को धरातल पर उतारेगी, तो सभी ड्राइवर व यूनियन के लोगों के साथ युवा सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। धर्मशाला के सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक राणा ने कहा कि ड्राइवर व ऑपरेटर एक मध्यम परिवार से आने वाला व्यक्ति होता है, जो अपनी घर का बजट अपनी गाड़ी के माध्यम से चलाता है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया है कि कार्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में कार्य करे। उन्होंने कहा कि टैक्सी ऑपरेटर्स से शुल्क के फैसले को लागू किया गया, तो इसका विरोध किया जाएगा।

### एसपी ने किया मोइन पुलिस थाना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस जिला देहरा के एसपी मयंक चौधरी ने वीरवार को मोइन थाना का शुभारंभ किया। मोइन थाना क्षेत्र के तहत 10 पंचायतें हैं, जिनमें बगली पंचायत से लेकर न्याड पंचायत तक का क्षेत्र शामिल है। एसपी ने डीएसपी राजकुमार और थाना प्रभारी संजीव कुमार को देश विरोधी काम करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के मामले में शाबाशी दी।

### कांगड़ा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 8 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 8 अक्तूबर को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बैठक में आरटीए से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि बैठक में 55 स्टेज कैरिज रूट (18 सीटर) संबंधी प्रार्थनाओं, आवेदनों पर विचार किया जाएगा। इन आवेदनों के अतिरिक्त बसों की सीट क्षमता बढ़ाने-घटाने, रूट परमिट ट्रांसफर एवं रूट नवीनीकरण आदि विषयों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने वाहन मालिकों से आग्रह किया कि वे अपने आवेदन पूर्ण दस्तावेजों सहित 24 सितंबर तक जमा करवाएं।

### राहत कोष में भेंट किया 51 हजार रुपए का चेक



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 51 हजार रुपए का चेक भेंट किया।

### भरौली में एक मकान चढ़ा बरसात की भेंट

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** तहसील रक्कड़ के तहत गांव पंचायत भरौली जदीद के वार्ड-1 में कांता देवी पत्नी स्व. धर्मचंद का स्लेटपोश मकान का पीछे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इससे पूरे मकान को खतरा पैदा हो गया। कांता देवी ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ अंदर बैठी हुई थी और अचानक जोर की आवाज आई। जब पीछे देखा तो पूरी दीवार गिर गई थी। कांता देवी अपने बेटे के साथ बाहर निकली। पंचायत ने उन्हें स्थानीय सराय में रहने को कहा है। पंचायत प्रधान ने बताया कि इनके घर के लिए वेलफेयर के तहत पैसा आया था, परंतु इनके पति स्व. धर्मचंद की उस समय के दौरान मृत्यु हो गई और इन्हें पैसा नहीं मिल पाया। पंचायत द्वारा प्रस्ताव फिर से विभाग को भेजा है, ताकि शीघ्र इन्हें मकान को राशि मिल सके।

### अंडर-14 खेल प्रतियोगिताएं की स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में आयोजित होने वाली अंडर-14 (लड़के एवं लड़कियां) ब्लॉक व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं अब निर्धारित तिथियों पर नहीं होंगी। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय कांगड़ा धर्मशाला की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि ये प्रतियोगिताएं 7 से 9 सितंबर तक आयोजित की जानी थीं, लेकिन खराब मौसम, सड़क मार्गों की बाधित स्थिति और प्रदेश में लागू आपदा प्रबंधन अधिनियम के कारण इन्हें फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

### जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 से जनता और उद्योगों को लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 को ऐतिहासिक और दूरगामी सुधार बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम केवल कर ढांचे को सरल बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के उद्योग जगत को नई मजबूती देने, उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने और अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने वाला कदम है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि इस सुधार से ऑटोमोबाइल, सीमेंट, उपभोक्ता सामान और बैंकिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रत्यक्ष लाभ होगा। इस सुधार से करीब 40 से अधिक कंपनियों को फायदा मिलेगा।

### पंजाब के राज्यपाल ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब में बाढ़ से कुछ जिलों में लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को पठानकोट जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रावी दरिया पर बनाए कथलौर पुल पर पहुंच बॉर्डर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के बाद माधोपुर हेडवर्क्स का भी निरीक्षण किया। आश्वासन दिया कि बाढ़ से नुकसान का आकलन के बाद प्रभावित परिवारों को पूरा मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात हुई ह। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को प्रांत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे।



शिबम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 69वें स्थापना दिवस पर परागपुर के वरिष्ठ अभिकर्ता बृजमोहन सूद को सीनियर सिटिजन लाइफ मेंबरशिप का सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान देहरा शाखा के डीओ नवदीप ने दिया।

# साइबर क्राइम : आठ माह में आठ एफआईआर, 7 करोड़ की ठगी

## अब बैंक ऐप अपडेट के नाम पर लोगों को फंसा रहे शातिर

- एपीके फाइल्स को भी ठगी के लिए इस्तेमाल कर रहे ठग
- अधिकतर सीनियर सिटीजन को बनाया जा रहा निशाना

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** साइबर ठग लोगों को ठगने के आए दिन नए हथकंडे अपना रहे हैं। भले ही लोग जागरूक हों, लेकिन शातिर ठग किसी न किसी बहाने लोगों को अपने झांसे में लेकर शिकार बना ही लेते हैं।

इस वर्ष की बात करें तो अब तक साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला में साइबर ठगी के आठ एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। आठ महीनों में शातिरों की ओर से लोगों को अपना शिकार बनाकर करीब 7 करोड़ रुपए की ठगी की जा चुकी है। यही नहीं साइबर ठग अब एक राष्ट्रीय बैंक के ऐप को एक्टिवेट करने के नाम पर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, साइबर ठगों की ओर से अधिकतर सीनियर सिटीजन को अपना निशाना बनाया जा रहा है और उनसे विभिन्न माध्यमों से मोटी रकम ठगी जा रही है।

### अज्ञात लिंक को न करें प्रेस

**विशेषज्ञों** के अनुसार साइबर ठगों द्वारा डिजिटल अरेस्ट, फेक इन्वेस्टमेंट, आरटीओ चालान एपीके, वेडिंग एपीके भेजकर लोगों को ठगा जा रहा है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर हर किसी के मोबाइल पर समय-समय पर कोई न कोई लिंक आते रहते हैं, गलती से भी इन लिंक को न दबाएं।

### एपीके फाइल डाउनलोड होने पर करें मोबाइल स्कैन

**साइबर** एक्सपर्ट की मानें तो किसी के मोबाइल में गलती से एपीके फाइल डाउनलोड हो जाए, तो अच्छे एंटी वायरस से मोबाइल को स्कैन करें। साथ ही मोबाइल की सेंटिंग में जाकर ऑटो डाउनलोड की ऑप्शन को आफ कर दें।

**ग्रुप में जुड़ें, तो न हो भ्रमित:** ठगी के उद्देश्य से साइबर ठगों द्वारा लोगों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बनाए गए ग्रुपों में जोड़ा जाता है। जानकारों के अनुसार यदि आपको किसी ग्रुप में जोड़ा जाता है तो ध्यान रखें कि उसमें अधिकतर ठग होते हैं, जबकि आम लोग कुछ एक ही होते हैं।



**इस** वर्ष अब तक 8 एफआईआर दर्ज हुई हैं, जिसमें 7 करोड़ रुपए की राशि ठगी गई है। ज्यादातर सीनियर सिटीजन को शिकार बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर आने वाले प्रलोभन वाले विज्ञापनों से बचें, यदि किसी को स्टॉक ट्रेडिंग करनी हो तो जायज प्लेटफार्म से करें, अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं।

**-प्रवीण धीमान, एएसपी, साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला।**

# पूर्व विधायक रविंद्र धीमान के नेतृत्व में राहत सामग्री रवाना



जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के तीनों भाजपा मंडलों ने एक ट्राला राहत सामग्री का भेजा।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**चंबा** में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र तीनों भाजपा मंडलों ने एक सराहनीय पहल करते हुए क्षेत्र के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों के लिए एक ट्राला राहत सामग्री का भेजा है। पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में भाजपा का हर कार्यकर्ता हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है और पीड़ित परिवारों को अकेला महसूस नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवक भाव से राहत सामग्री एकत्रित की है और आगे भी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा सेवा और सहयोग की भावना के साथ जनता के साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जयसिंहपुर देवेंद्र राणा, भाजपा आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, बीडीसी चेयरमैन कुलवंत राणा, जिला परिषद संजीव ठाकुर, अशोक कटोच, प्रदीप राणा, मंडल महामंत्री राजेश सुग्गा, अजय पठानिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिवार को चौपर से मणिमहेश की बुकिंग पर लगी चपत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- उपभोक्ता आयोग ने दिए जांच के आदेश

**परिवार** को चौपर से मणिमहेश यात्रा पर ले जाने के लिए करवाई गई ऑनलाइन बुकिंग में उपभोक्ता को चपत लगी है। जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष पहुंची शिकायत पर आयोग ने एसपी चंबा को जांच करने की बात कही है। चंबा के भरमौर से मणिमहेश यात्रा में पूर्व के वर्ष के दौरान हेलिकॉप्टर के माध्यम से परिवार को ले जाने की ऑनलाइन टिकट बुकिंग में एक व्यक्ति को चुना लगा है। इस संबंध में व्यक्ति ने उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करवाई थी, इसमें जांच में पाया गया है कि उपभोक्ता की ओर से दी गई रकम वाली कंपनी को हाईयर ही नहीं किया गया था। ऐसे में श्रद्धालु के साथ हुई ऑनलाइन ठगी के मामले में उपभोक्ता फोरम कांगड़ा की ओर से पुलिस अधीक्षक चंबा को इस संबंध में उचित जांच पड़ताल करने के आदेश जारी किए हैं। कांगड़ा के स्मृति पंकज ने शिकायत दर्ज की थी कि 24 अगस्त, 2024 को ऑनलाइन माध्यम से 18 हजार 495 का भुगतान कर भरमौर से मणिमहेश यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर टिकट बुक किया था। अगले दिन परिवार के साथ टैक्सी से भरमौर हेलिपैड पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद अधिकारियों ने बताया कि उस वर्ष 2023-24 में हिमालय हेलि कंपनी का कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं है।

उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण सिंह ने आदेश में निर्देश दिया कि एसपी चंबा को इस पर एफआईआर दर्ज कर उचित जांच करने के लिए कहा है। सेंट्रल बैंक चंबा को भी संदिग्ध खाते की पूरी जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराने और यदि बैंक अधिकारियों की लापरवाही पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जांच की रिपोर्ट एक दिसंबर तक आयोग को सौंपने के आदेश जारी किए गए हैं।

# धर्मगुरु के आगमन के साथ बढ़ी चहलकदमी

## देश-विदेश के बौद्ध अनुयायियों के जुटने से बढ़ी रौनक, बौद्ध नगरी में शुरू हुए धार्मिक आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अंतरराष्ट्रीय** पर्यटक स्थल मैक्लोडगंज जिसे बौद्ध नगरी भी कहा जाता है। यहां पर तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा की वापसी के साथ ही चहलकदमी शुरू हो गई है, क्योंकि धर्मगुरु के मैक्लोडगंज में आने के बाद धार्मिक आयोजनों का क्रम शुरू हो चुका है। धर्मगुरु से मिलने आने वाले देश-विदेश के बौद्ध अनुयायियों की आमद से क्षेत्र में रौनक बढ़ने लगी है।

गौरतलब है कि 12 जुलाई को धर्मगुरु दलाईलामा लेह-लद्दाख के प्रवास पर चले गए थे। दो दिन पहले ही धर्मगुरु करीब डेढ़ माह उपरांत मैक्लोडगंज लौटे हैं। उनके मैक्लोडगंज पहुंचने के साथ ही स्थानीय पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिल गए हैं, क्योंकि भले ही पर्यटकों की आमद कम हो, लेकिन बौद्ध अनुयायियों के आने से वीरान पड़ी पर्यटन नगरी अब गुलजार होने लगी है। हालांकि, पर्यटन कारोबारियों को अगस्त माह के बाद पर्यटन के रफ्तार पकड़ने की आस थी, लेकिन जिस तरह से प्रदेश में बारिशों का दौर जारी है, उसके चलते अपेक्षा अनुरूप कारोबार तेजी नहीं पकड़ पाया है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हुए नुकसान से भी पर्यटक डरे हुए हैं, साथ ही जो आना भी चाहते हैं, उनके लिए टूटे व बदहाल सड़क मार्ग परेशानी का सबब बन रहे हैं। ऐसे में अब पर्यटन कारोबारी भी 15 सितंबर के बाद कारोबार बढ़ने की आस लगाए बैठे हैं।

**धर्मगुरु** के आगमन के साथ ही मैक्लोडगंज में चहलकदमी शुरू हो गई है। बारिशों से पर्यटकों की आमद बेहद कम है, लेकिन बौद्ध अनुयायी पहुंच रहे हैं। उम्मीद है 15 सितंबर के बाद मौसम खुलने के साथ ही पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।

**-राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला**

### दलाईलामा ने अनुयायियों को दिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज में स्थित धर्मगुरु दलाईलामा के निवास स्थान पर वीरवार को एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा उपस्थित रहे और उन्होंने अपने अनुयायियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान नेपाल और करदोर गांगसम से आए बौद्ध अनुयायी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर 180 के लगभग बौद्ध अनुयायियों ने धर्मगुरु के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### दलाईलामा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना सभा 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में 10 सितंबर को धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में धर्मगुरु भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस दौरान लोखा सांस्कृतिक एवं कल्याण संघ, नामग्याल संस्थान इथाका और दुनियाभर से आए युवा तिब्बतियों की ओर से आयोजित दीर्घायु प्रार्थना में शामिल होंगे।

# विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट ने दिए राहत कोष में 5.21 लाख रुपए

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट (वीएमआई), पालमपुर ने अध्यक्ष शांता कुमार (पूर्व मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश एवं अध्यक्ष, विवेकानंद मेडिकल रिसर्च ट्रस्ट) के मार्गदर्शन और प्रेरणा से हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 5.21 लाख का योगदान किया है। यह राशि एयर कमोडोर (डॉ.) विमल दुबे, प्रमुख, विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट द्वारा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में एसडीएम पालमपुर, नेत्रा मेति, आईएएस को भेंट की गई। इस योगदान में केवल प्रबंधन ही नहीं, बल्कि पूरा वीएमआई परिवार कंसल्टेंट्स, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिक्स, सहयोगी कर्मचारी एवं आउटसोर्स स्टाफ ने स्वेच्छा से अपना अंशदान दिया। विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह संकल्प दोहराया कि वह न केवल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि संकट और आपदा की घड़ी में भी समाज के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

### शांता कुमार ने लोगों से की राहत कोष में योगदान देने की अपील

- बोले- जन्मदिन पर अपनी ओर से दूंगा 1 लाख 25 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री शांता कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर तथा अन्य सभी नेताओं का भी धन्यवाद किया है, जो दिन-रात पीड़ितों की हर प्रकार की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। शांता ने कहा कि मुझे खुशी है कि विवेकानंद अस्पताल कायाकल्प विश्रांति, सौरभ कालिया नर्सिंग कॉलेज तथा मैं इस समय तक 6 लाख 75 हजार की राशि राहत कोष में भेज चुके हैं। 12 सितंबर को अपने जन्मदिन पर सुबह पूजा करने के बाद में सबसे पहला काम यह करूंगा कि मुख्यमंत्री राहत कोष में विवेकानंद ट्रस्ट की ओर से 3 लाख और अपनी ओर से 1 लाख 25 हजार रुपए और भेजूंगा। इस प्रकार विवेकानंद परिवार की तरफ से राहत कोष में 11 लाख रुपए का योगदान हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश के उन समर्थ लाखों लोगों से उन्होंने विशेष आग्रह किया है कि जिन्होंने अभी तक राहत कोष में सहायता नहीं की है, वे जल्द राहत कोष में अपना योगदान करें।

### मानसून सीजन में जिले में अब तक 53,917.475 लाख रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान 20 जून से 4 सितंबर तक कुल 53,917.475 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। 50 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 171 पशुधन की जानें गई हैं। जिले में 110 कच्चे मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे प्रभावित परिवारों को बेघर होना पड़ा। इसके साथ ही 819 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 15 पक्के मकान पूरी तरह से और 70 पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 1051 गोशालाएं, 50 लेबर शेड, रसोई, बाथरूम, डंगा तथा 28 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

# आयुष मंत्री गोमा ने वन वाटिका जयसिंहपुर का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

- स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा का भी अनावरण किया

**आयुष,** युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने वीरवार को जयसिंहपुर के एसबीआई चौक में 5.5 लाख से निर्मित वन वाटिका जयसिंहपुर का लोकार्पण व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह के भीतर रेन शेल्टर जयसिंहपुर में स्व. कंवर दुर्गा चंद की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। यहां के लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। हारसी में प्रस्तावित बस अड्डा व बस डिपो का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए प्रदेश सरकार से 4 करोड़ 40 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जयसिंहपुर में 24 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है।

हैप्पी बर्थडे



समीरपुर की शायरा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### 579 शतकवीर मतदाताओं के मतदाता सूची प्रविष्टियों का होगा सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 100 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के मतदाताओं की मतदाता सूची प्रविष्टियों का विशेष सत्यापन किया जाएगा। इस संबंध में सभी सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे मतदाताओं का व्यक्तिगत सत्यापन करें और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के 579 मतदाताओं के नाम सूची में हैं। उन्होंने 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी मतदाताओं तथा उनके परिजनों से सत्यापन प्रक्रिया में पूरा सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# पौंग बांध का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

- 1394.67 फुट पहुंचा जलस्तर, छोड़ा जा रहा 99,673 क्यूसेक पानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग बांध लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। वीरवार सुबह 8 बजे जलस्तर 1394.54 फुट दर्ज किया गया था, जो 11 बजे बढ़कर 1394.60 फुट और दोपहर 3 बजे 1394.67 फुट तक पहुंच गया। यह स्तर बांध के निर्धारित खतरे के निशान 1390 फुट से 4.67 फीट अधिक है। बीबीएमबी ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत टर्बाइन और स्पिलवे से पानी का निकास जारी रखा है। बांध की सभी 6 मशीनें इस समय पूरी क्षमता से संचालित हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, दोपहर 3 बजे बांध का जलस्तर 1394.67 फुट, इनफ्लो 1,07,205 क्यूसेक और कुल आउटफ्लो 99,673 क्यूसेक दर्ज किया गया है। पौंग से छोड़े गए पानी ने कांगड़ा जिले के फतेहपुर और विशेषकर इंदौरा क्षेत्र के साथ-साथ पंजाब के होशियारपुर और पठानकोट जिलों के कई गांवों में तबाही मचाई है। खेत-खलिहान डूब गए हैं और कई घरों में पानी घुस गया है। प्रशासन ने निचले क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

**तैयारी** वर्तमान घाट के ठीक सामने बनेगा नया घाट, झील से पानी निकालने का कार्य शुरू

# डल झील किनारे बनेगा सेल्फी प्वॉइंट

- बारिशों के थमते ही रफ्तार पकड़ेगा कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मिनी** मणिमहेश के नाम से विख्यात मैक्लोडगंज के नड्डी स्थित डल झील के सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत झील किनारे जहां सेल्फी प्वॉइंट बनाया जाएगा। वहीं, झील किनारे बने वर्तमान घाट के ठीक सामने दूसरा घाट तैयार किया जाएगा। इसके चलते लबालब भरी झील से पानी निकालने का कार्य शुरू हो चुका है।

पानी घटने के बाद झील का जो कार्य होना है, उसे शुरू किया जाएगा। वहीं, प्रशासन की मानें तो बारिशों के दौर के बीच निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में बारिशें थमने उपरांत ही शेष कार्य रफ्तार पकड़ पाएगा। डल झील का कार्य प्रशासन की ओर से बीडीओ कार्यालय के माध्यम से करवाया जा रहा है।



डल झील किनारे इस जगह पर बनेगा सेल्फी प्वॉइंट।

### राधाष्टमी स्नान के लिए स्टोर किया था पानी

**गौरतलब** है कि 31 अगस्त को राधाष्टमी स्नान के लिए झील में पानी एकत्रित किया गया था, ताकि श्रद्धालु यहां पवित्र स्नान कर सकें। राधाष्टमी के दिन बारिश होने के चलते अपेक्षा अनुरूप श्रद्धालु स्नान के लिए नहीं जुट पाए थे। वहीं, झील का कुछ कार्य भी राधाष्टमी के चलते रोके गए थे, जिसमें अब तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके लिए बारिशों का दौर थमना बेहद जरूरी है।

**डल** झील लबालब भरी हुई है, जिससे पानी निकालना शुरू कर दिया गया है। पानी कम होने के साथ ही झील किनारे सेल्फी प्वाइंट व घाट निर्माण के साथ सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**-अभिनीत कात्यायन, बीडीओ, धर्मशाला**

### कृषि मंत्री ने जवाली क्षेत्र में लिया नुकसान का जायजा

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने वीरवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र की कोटला, सोलधा, नियांगल, त्रिलोकपुर तथा भाली ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने भारी बरसात से भू-स्खलन होने से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कि प्रदेश सरकार इस कठिन परिस्थिति में आपदा प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए सभी पात्र परिवारों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। चंद्र कुमार ने कहा कि जवाली विधानसभा क्षेत्र में भारी बरसात और भू-स्खलन से गोशालाओं, पक्केव कच्चे मकानों को लगभग एक करोड़ तेईस लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं। पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं और बिजली आपूर्ति भी बाधित रही है। उन्होंने बताया कि उपमंडल प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग और अन्य संबंधित विभागों की टीमें लगातार राहत व पुनर्बहाली कार्यों में लगी हुई हैं। प्रभावित सड़कों को खोलने तथा पेयजल और विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के प्रयास युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं।

### धर्मशाला में 18 अक्तूबर को होगा रेसलिंग इवेंट



- खली बोले देश व विदेश के रेसलर आएंगे
- रेसलर्स की शोहरत तो नजर आती है, लेकिन मेहनत नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंटरनेशनल रेसलर द ग्रेट खली ने कहा कि आगामी 18 अक्तूबर को धर्मशाला में रेसलिंग इवेंट का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर से नामी रेसलर भाग लेंगे और प्रयास रहेगा कि विदेशी रेसलर भी इसमें हिस्सा लें। वीरवार को सर्किट हाउस धर्मशाला में प्रेसवार्ता में द ग्रेट खली दलीप सिंह राणा ने कहा कि अगले माह धर्मशाला में दर्शकों को एक शानदार रेसलिंग टूर्नामेंट देखने को मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बहुत से लोग रेसलिंग को आसान समझते हैं और रेसलरों की शोहरत ही देखते हैं, लेकिन इस खेल के पीछे कड़ी मेहनत और संघर्ष छिपा होता है।

प्लेटफॉर्म हर किसी को मिलता है, लेकिन मेहनत करना खिलाड़ी के ऊपर निर्भर करता है। भारत में रेसलिंग की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और इसमें निवेश करना भी लाभकारी है। युवाओं में रेसलिंग को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। खली ने कहा कि नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देना बेहद जरूरी है। मैं युवाओं से यही कहना चाहता हूं कि खुद को नशे से दूर रखें और खेलों की ओर रुझान बढ़ाएं। जब हमारा युवा स्वस्थ होगा तभी भारत विश्व गुरु बनने की राह पर आगे बढ़ पाएगा।

# शिक्षक दिवस: समलोटी स्कूल के टीचर कैलाश शर्मा को मिलेगा राज्य पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



**पीएमश्री** राजकीय सीसे स्कूल समलोटी के खेल शिक्षक कैलाश शर्मा को खेलों और विशेषकर बॉक्सिंग में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए राज्य पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। कैलाश शर्मा की उपलब्धियां केवल राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है। पिछले वर्ष उनके मार्गदर्शन में छात्रा वंशिका गोस्वामी ने अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित अंडर-19 स्कूल नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। स्वयं कैलाश शर्मा एक 3 स्टार रेफरी हैं और कई खिलाड़ियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# गढ़जमूला स्कूल के अध्यापक अजय सिंह को मिलेगा सामान्य पुरस्कार श्रेणी अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मेडिकल विषय में बेहतर कार्य और स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने में किए गए सराहनीय प्रयासों के चलते जिले के गढ़जमूला राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक अजय सिंह को शिक्षक दिवस पर सामान्य पुरस्कार श्रेणी 2025 के लिए चयनित किया गया है।



तहसील धीरा के फस्टा गांव निवासी अजय सिंह पिछले 27 वर्षों से मेडिकल विषय के शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। मेडिकल विषय में सौ फीसदी रिजल्ट अजय सिंह की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इनके प्रयासों व पढ़ाने के बेहतर तरीके से जहां स्कूल के कुछ बच्चों ने सौ फीसदी अंक हासिल किए हैं। वहीं, कई स्टूडेंट्स एनआईटी व आईटीआई सहित अन्य मेडिकल संस्थानों में प्रवेश पा चुके हैं। अजय सिंह के प्रयासों से स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

# सेराथाना स्कूल की शिक्षक अनीता होंगी राज्य पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



**नगरोटा** बगवां उपमंडल के तहत राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेराथाना की जीव विज्ञान की प्रवक्ता अनीता चौधरी को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास में निभाई गई भूमिका के चलते राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। गांव रिहाला ठाकुरद्वारा कांगड़ा की निवासी अनीता चौधरी विशेष प्रयास करते हुए साधन विहीन स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन व सहयोग किया, ताकि आर्थिक तंगी की वजह से किसी की पढ़ाई न प्रभावित हो। इन्होंने जिस भी स्कूल में कार्य किया, वहां के स्टूडेंट्स का चयन नीट के माध्यम से मेडिकल संस्थानों में हुआ है। स्टूडेंट्स हित में कार्य करते हुए उनकी प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ने में सहयोग के चलते अनीता चौधरी को राज्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

# शिक्षा क्षेत्र में सार्थक सेवाएं देने वाले डॉ. नरेश को मिलेगा राज्य पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**



**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने लगभग 35 वर्षों तक हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग को अपनी बहुमूल्य और सार्थक सेवाएं प्रदान की हैं। उन्होंने तीन दशक से अधिक के अपने लंबे करियर में केवल 25 आकस्मिक अवकाश लिए और कभी भी एक भी अर्जित अवकाश नहीं लिया। उनकी खासियत है कि वे कभी भी एक सेकंड भी देरी से अपनी कक्षा में नहीं पहुंचे और 5000 से अधिक छात्रों को सरकारी नौकरियों में जगह बनाने के लिए प्रेरित किया। 30 से अधिक छात्रों को एमफिल की डिग्री प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय जर्नल में लगभग 15 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में लगभग 12 पत्र प्रस्तुत किए हैं।


































# बिलासपुर जिले के तीन शिक्षकों को आज मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

## प्रोफेसर अरुण कुमार को मेहनत और कर्मठता का मिलेगा इनाम

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के तीन शिक्षकों को आज राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें से एक राजकीय पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बिलासपुर के भौतिकी विभाग के डॉ. अरुण कुमार को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। प्रोफेसर अरुण कुमार अपनी मेहनत और कर्मठता के लिए जाने जाते हैं और विद्यार्थियों के बीच एक आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित हैं। प्रोफेसर अरुण कुमार की प्रारंभिक शिक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल भराड़ी में हुई। जमा दो की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला से स्नातक की पढ़ाई की। इसके उपरांत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एमएससी (भौतिकी), पीएचडी और अन्य उच्च डिग्रियां प्राप्त कीं। उनके मेंटर प्रोफेसर प्रदीप कुमार



अहलूवालिया का जीवन में विशेष योगदान रहा है। अरुण कुमार मानते हैं कि आज उन्हें जो भी उपलब्धि मिली है, उसमें प्रो. आहलूवालिया के मार्गदर्शन और अपने परिवार के सहयोग का सबसे बड़ा हाथ है। उन्होंने गर्व से बताया कि हाल ही में उनकी एक छात्रा उच्च शिक्षा के लिए नीदरलैंड जा रही है। यह न सिर्फ उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सफलता है, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। कॉलेज के प्राचार्य एस. कटवाल ने उनके चयन पर बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। अरुण कुमार के मार्गदर्शन में कई छात्र विदेशों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे बिलासपुर ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल का नाम रोशन हो रहा है। प्रोफेसर अरुण कुमार का यह चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत का सम्मान है, बल्कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा भी है।

## डाहड के अजय का शैक्षणिक विकास ही ध्येय

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर हिमाचल प्रदेश के झंडूता उपमंडल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला डाहड में कार्यरत जेबीटी शिक्षक अजय कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्टेट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अजय समोह गांव से संबंध रखते हैं और वर्तमान में राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला डाहड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अजय कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मेहनत, समर्पण और नवाचार के लिए खास पहचान बनाई है। उनके प्रयासों ने न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दिया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता और गुणवत्ता को भी नई दिशा दी है। इस पुरस्कार की घोषणा के बाद डाहड कुमार के कर्मचारी, स्थानीय समुदाय और अजय कुमार के सहकर्मियों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। अजय कुमार का यह पुरस्कार न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का सम्मान है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणा भी है। अजय कुमार ने इस सम्मान पर खुशी जताते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं अपने छात्रों, सहकर्मियों और परिवार का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह संभव हो पाया। मेरा लक्ष्य बच्चों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। अजय कुमार की यह उपलब्धि से झंडूता और आसपास के क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। समुदाय ने उम्मीद जताई है कि यह सम्मान अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगा।



शिक्षक दिवस पर विशेष

## पिता के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से मिली कामयाबी

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**स्वारघाट।** बिलासपुर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटेड़ में कार्यरत शिक्षक परमजीत सिंह का राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। परमजीत ने अपनी पूरी शिक्षा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पूरी की है और वर्तमान में वे हिंदी विषय में पीएचडी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन ने ही उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और कर्मठता का पाठ पढ़ाया। आदर्श शिक्षक की परिभाषा पर उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए। अपने जीवन के यादगार क्षणों को साझा करते हुए परमजीत ने बताया कि कोविड कॉल उनके लिए विशेष रूप से यादगार रहा, क्योंकि उस दौरान उन्होंने बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई को निरंतर जारी रखा और सरकार द्वारा सौंपे गए सभी दायित्वों को पूरी ईमानदारी से निभाया। उन्होंने अपने सभी शुभचिंतकों और सरकार का आभार प्रकट किया और कहा कि उन्हें इस पुरस्कार के योग्य समझा जाना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है।



## शिमला में प्रशासन ने बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शहर में लगातार हो रही भारी बारिश से तबाही का सिलसिला थम नहीं रहा है। जिला प्रशासन की टीम ने बुधवार को रामचंद्रा चौक और कृष्णा नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां भूस्खलन की घटनाओं से हालात और अधिक बिगड़ गए हैं। कृष्णा नगर में खतरे की स्थिति को देखते हुए पांच परिवारों को प्रशासन ने तुरंत सामुदायिक भवन में सुरक्षित शिफ्ट कर दिया है। वहीं, रामचंद्रा चौक पर हुए बड़े भूस्खलन से पेड़ एक सरकारी भवन की छत पर आ गिरे। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आसपास के मकानों को खाली करवा दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, एसडीएम शहरी ओशीन शर्मा और तहसीलदार अपूर्व मौजूद रहे। पंकज शर्मा ने बताया कि शहर के कई हिस्सों में पेड़ गिरने और मलबा आने से नुकसान हुआ है। बैनमोर वार्ड और रामचंद्रा चौक क्षेत्र में हालात ज्यादा गंभीर बने हुए हैं। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को खाने-पीने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। रेस्क्यू कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# 34 स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीनें होंगी स्थापित : डॉ. शांडिल

## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए धन की नहीं होगी कोई कमी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने शिमला में उच्च स्तरीय क्रय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश के 34 स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीनें स्थापित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन मशीनों की खरीद प्रक्रिया तीन महीनों में पूरी कर दी जाएगी तथा दिसंबर तक प्रदेश की जनता इन सेवाओं का लाभ उठा सकेगी।

ये मशीनें सिविल अस्पताल पांवटा साहिब, राजगढ़, अर्की, नालागढ़, नादौन, देहरा, जवाली, अंब, चौपाल, रोहड़ू, ठियोग, रिकांगपिओ, मंडी, बिलासपुर, नूरपुर, घुमारवीं, करसोग, सुंदरनगर, सरकाघाट, जोगिंद्रनगर, मनाली, आनी, भरमौर, चौहड़ी और भोरंज में लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त धर्मशाला जोनल अस्पताल, डीडीयू शिमला, ऊना, सोलन, केलांग और कुल्लू क्षेत्रीय अस्पतालों तथा एमजीएमएससी खनेरी रामपुर सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी ये मशीनें स्थापित होंगी।



उच्च स्तरीय क्रय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शांडिल।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य संस्थानों की सूची, समयबद्ध निर्माण हेतु आवश्यक बजट तथा स्टाफ की मांग का ब्यौरा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सर्जरी के लिए पांच नई फेको मशीनें खरीदी गई हैं। इन्हें चंबा चिकित्सा महाविद्यालय, क्षेत्रीय अस्पताल चंबा और सिविल अस्पताल रोहड़ू, पांवटा साहिब और ऊना में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दवाओं और अन्य आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों की खरीद त्रैमासिक आधार पर की जाती है, जिससे अनावश्यक विलंब होता है। अब इसे बदलकर अर्धवार्षिक आधार पर करने की प्रणाली पर विचार किया जा रहा है ताकि निर्बाध और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

वहीं, मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल 5 सितंबर को राजधानी शिमला स्थित दीन दयाल उपाध्याय जोनल अस्पताल (रिपन) में अत्याधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को दोपहर एक बजे अस्पताल में आयोजित समारोह में इन नई स्वास्थ्य सुविधाओं को जनता को समर्पित करेंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने देश व प्रदेश के समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न, महान दार्शनिक एवं प्रख्यात विद्वान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है।

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं, जो अपने परिश्रम और समर्पण से विद्यार्थियों को न केवल शिक्षित करते हैं बल्कि उन्हें एक सच्चा नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर, संस्कारित और जिम्मेदार बनाती है।

## हिमाचल में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार जल्द : डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार हरित परिवहन प्रणाली को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की 327 इलेक्ट्रिक बसों 297 टाइप-1 और 30 टाइप-3) के संचालन को सुचारु बनाने के लिए 53 स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन और संबंधित अधोसंरचना विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है।



उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, जबकि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से 110.95 करोड़ रुपए की ऋण सहायता मिली है। कुल 80 स्थलों का सर्वेक्षण किया गया, जिनमें से 46 स्थान चयनित हुए। इनमें से प्राथमिकता के आधार पर 34 स्थानों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इन स्थलों में शिमला लोकल वर्कशॉप, ठियोग बस स्टैंड, नूरपुर, फतेहपुर, धर्मशाला, पालमपुर, बैजनाथ, हमीरपुर वर्कशॉप, हमीरपुर बस स्टैंड, नादौन बस स्टैंड, नादौन इलेक्ट्रिक डिपो, ऊना, बंगाणा, अंब, बिलासपुर, घुमारवीं, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, मंडी वर्कशॉप, अर्की, परवाणु, नालागढ़, नाहन, पांवटा साहिब, रेणुका जी, कुल्लू, मनाली, चंबा, भरमौर, डलहौजी, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, रिकांगपिओ और केलंग शामिल हैं।

अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ई-मोबिलिटी क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल बन रहा है। चार्जिंग स्टेशनों के लिए विद्युत ट्रांसफॉर्मर की स्थापना का कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जबकि सिविल कार्य हिमाचल प्रदेश बस अड्डा प्रबंधन प्राधिकरण संभालेगा। परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा ताकि इलेक्ट्रिक बसों के पहले बेड़े के संचालन से पूर्व सभी तैयारियां पूरी हो सकें।

## जदौण में आपदा से बगीचे और मकानों को भारी क्षति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्राम पंचायत जदौण के खमाली और बटाडा गांव में हाल ही में आई आपदा से ग्रामीणों को गहरा नुकसान झेलना पड़ा है। सरन डोगरा का लगभग 5 से 6 बीघा का सेब बगीचा और उनका एक मंजिला मकान पूरी तरह से ढह गया। वहीं बटाडा, जदौण और डकोन गांवों में 4 से 5 मकान खतरे की जद में हैं। आपदा के असर से कई किसानों के सेब बगीचों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, यहां की सड़कों पर भी खतरे का साया मंडरा रहा है, जिससे सेब सीजन के दौरान आवाजाही और ज्यादा मुश्किल हो सकती है।

ग्राम पंचायत उपप्रधान रजत राज्टा ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत और सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को जल्द कदम उठाने चाहिए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सरकार त्वरित कार्रवाई कर प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाएगी और नुकसान की भरपाई के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## जुब्बल-कोटखाई में सबसे अधिक सड़कें बंद : बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में लगातार भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। जिले में सबसे अधिक सड़कें इसी क्षेत्र में बंद पड़ी हैं, जिसके चलते जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। कई बागवानों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि सेब के बगीचे और फसल बुरी तरह नष्ट हो चुकी है। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र की सभी बाधित सड़कों और बिजली आपूर्ति को युद्धस्तर पर बहाल किया जाए, ताकि बागवानों को राहत मिल सके।

## बटाड़ी गांव में दो मकान खतरे की जद में

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू की अढाल पंचायत के तहत बटाड़ी गांव में भारी बारिश के कारण दो आवासीय मकान खतरे की जद में आ गए हैं। इसमें निरंजन देव नास्टा पुत्र और हीरा लाल के घरों को भूस्खलन से भारी नुकसान पहुंचा है। निरंजन देव के घर के पिछली ओर बनी सुरक्षा दीवार पूरी तरह ध्वस्त हो गई है जबकि आंगन की दीवार धंस जाने से मकान की दीवारों में गहरी दरारें पड़ गई हैं। उधर, हीरा लाल के मकान के कमरों में भी दरारें आ गई हैं, जिससे परिवारों में भय और चिंता का माहौल है। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से शीघ्र राहत और सुरक्षित पुनर्वास की मांग की है।

## भदसीं गांव के प्रभावितों से मिले अनुराग ठाकुर

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।** भराड़ी के अंतर्गत गतवाड़ पंचायत के गांव भदसीं में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से गिरने की कगार पर आए घरों जिसमे प्रेम लाल, सतीश कुमार आदि के मकानों को खतरा पैदा हुआ है। इन परिवारों का दर्द बांटने के लिए एकदिवसीय दौरे के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर घुमारवीं विधानसभा के गांव भदसीं पहुंचे, उनके साथ घुमारवीं विधानसभा से पूर्व विधायक व मंत्री राजेंद्र गर्ग भी साथ रहे। सांसद ने नायाब तहसीलदार भराड़ी को सही आकलन कर खतरे की जद में आए सभी परिवारों को सरकार से फौरी सहायता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में जो भी सहयोग होगा, वह करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राजस्व विभाग व स्थानीय पंचायत प्रधान, उपप्रधान, ब्लॉक समिति सदस्य, वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बारिश प्रभावित परिवारों को दी राशन किटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों बिनौला और मंडी मानवा में प्रशासन द्वारा राहत कार्य जारी हैं। एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह, तहसीलदार बाल कृष्ण और बीडीओ बबीता की उपस्थिति में प्रभावित परिवारों को राशन के किट वितरित किए गए। एसडीएम ने बताया कि जिन परिवारों को किराये के मकानों में शिफ्ट किया गया है, उनका किराया सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। एसडीम ने गत दिवस डंगा गिरने के कारण सनी गैस एजेंसी को काफी नुकसान हुआ था, जिसका आज उन्होंने निरीक्षण भी किया।

## दरदेहड़ा निवासी की रसोई व एक कमरा क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, दधोल।** बिलासपुर जिले की पंतेहड़ा पंचायत के गांव दरदेहड़ा के ब्रह्मदास का रसोई घर और एक कमरा भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया, जिस कारण साथ लगते नए मकान में भी दरारें आ गई है। पंचायत प्रधान नीरज शर्मा, उपप्रधान राकेश शर्मा तथा पटवारी संजीव कुमार ने क्षतिग्रस्त घर और कमरे का जायजा लिया। प्रधान नीरज शर्मा ने बताया कि दरदेहड़ा गांव के ब्रह्मदास का रसोई घर और एक कमरा बारिश के कारण पूरा क्षतिग्रस्त हो गया है । उन्होंने कहा कि रिपोर्ट बनाकर आगामी कार्यवाही के लिए भेज दी गई है ।

## जिला फोटोग्राफर एसो. का चुनाव 17 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के फोटोग्राफर एसोसिएशन का चुनाव आगामी 17 दिसंबर को बरठीं में आयोजित किया जाएगा। इस चुनाव की अध्यक्षता हिमाचल फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष वीरबल करेंगे। चुनाव के दौरान एसोसिएशन की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रधान पृथ्वी ठाकुर ने बताया कि संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए यह चुनाव प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से फोटोग्राफरों की समस्याओं को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा तथा संगठनात्मक स्तर पर मजबूती आएगी। इस अवसर पर जिलेभर के फोटोग्राफरों की उपस्थिति रहने की संभावना है। चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्यों को समय पर सूचित किया जाएगा।

### बहरीन और वॉशिंगटन डीसी में तैनात भारत के राजनयिकों ने किया बिलासपुर का दौरा

# विभागीय अधिकारियों से विकास योजनाओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बहरीन और वॉशिंगटन डीसी में तैनात भारत के राजनयिक विनोद के. जैकब तथा नमग्या सी. खम्पा ने आज बिलासपुर का दौरा किया। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2000 बैच के अधिकारी विनोद के. जैकब वर्तमान में बहरीन में भारत के राजदूत हैं, तो वहीं नमग्या सी. खम्पा वॉशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास में उपमिशन प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। दोनों अधिकारियों ने बचत भवन, बिलासपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संवाद किया तथा विभागों के माध्यम से जिला में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल तथा मां नयना देवी जी की तस्वीर, पवित्र चुनरी व प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नमग्या सी. खम्पा ने अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सहित बिलासपुर जिले में उनका आगमन उनकी प्रशिक्षण प्रक्रिया का एक



बिलासपुर में बैठक करते विभिन्न देशों में तैनात भारत के राजनयिक।

हिस्सा है, साथ ही, जिस देश में वह बतौर राजनयिक कार्यरत हैं, वहां के देश में सहयोग, कार्य तथा संवाद को बढ़ावा देना भी उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा तीन टी-ट्रेड, टेक्नालॉजी और टूरिज्म के माध्यम से लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन तीन आयामों के माध्यम से वह किस तरह मदद कर सकते हैं, इसके लिए क्षेत्र विशेष को समझना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि अधिकतर विभाग देश व प्रदेश की जरूरतों व उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें वर्तमान वैश्विक जरूरतों एवं चुनौतियों को केंद्रित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जहां बिलासपुर जिला में अनेक चुनौतियां हैं, तो वहीं विकास की अपार संभावनाएं भी मौजूद हैं। अधिकारियों को अपने क्षेत्र की विशेष आवश्यकताओं और मजबूत पहलुओं की पहचान कर, उसी अनुरूप योजनाएं बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह भारत के राजनयिक के रूप में हर संभव सहयोग प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

वहीं, बहरीन में भारत के राजदूत विनोद के. जैकब ने तीन मुख्य बिंदुओं पर बात करते हुए कहा कि बहरीन की कुल आबादी में से लगभग 25 प्रतिशत भारतीय हैं, जिनमें से हिमाचल प्रदेश के लगभग एक से दो हजार लोग वहां कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों के साथ हिमाचल प्रदेश में काम करने की इच्छाओं पर बातचीत की जाएगी ताकि वह प्रदेश के विकास में अपना सहयोग प्रदान कर सकें।

प्रदेश में मत्स्य उद्योग के विकास की बात करते हुए कहा कि बहरीन में मत्स्य उद्योग में कई बड़े निजी उद्यम कार्यरत हैं, जिन्हें हिमाचल प्रदेश के मत्स्य उद्योग से जोड़ने के भी प्रयास किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र विकास में भी अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। इस दिशा में भी बहरीन में कार्यरत लोगों को हिमाचल प्रदेश के पर्यटन उद्योग से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास करेंगे। इससे पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रदेश व जिले में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, निदेशक मत्स्य विवेक चंदेल, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलुवालिया सहित पर्यटन, उद्योग, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, कृषि, बागवानी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पेंशनरों का एक माह का अल्टीमेटम : मांगें पूरी करो, वरना सचिवालय का करेंगे घेराव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने प्रदेश सरकार को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर पेंशनरों की लंबित समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के पेंशनर सड़क पर उतरेंगे और शिमला सचिवालय का घेराव करेंगे। कमेटी ने साफ कहा है कि हालात बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने वीरवार को बिलासपुर में प्रेस वार्ता कर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार पेंशनरों के हक पर कुंडली मारकर बैठी है और बार-बार गुमराह कर रही है। कई बार मुख्यमंत्री से चर्चा हुई, लेकिन हर बार सिर्फ खोखले आश्वासन ही मिले। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मंत्रियों, विधायकों के वेतन बढ़ाने हों या फिर बोर्ड-निगमों के चेयरमैन और डायरेक्टरों की नियुक्तियां करनी हों, तब सरकार को कभी वित्तीय संकट दिखाई नहीं देता, लेकिन जैसे ही पेंशनरों की पेंशन, एरियर या चिकित्सा भत्तों की बात आती है, तो वही सरकार आर्थिक तंगी का बहाना बनाती है।

उन्होंने हिमाचल दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा तीन फीसदी डीए की घोषणा को झूठा करार देते हुए कहा कि पहले से की गई घोषणाएं पूरी नहीं हुईं, फिर नए वादों का क्या मतलब है? यदि सचमुच वित्तीय संकट है तो सरकार को साफ कहना चाहिए और राज्यपाल शासन लागू कर देना चाहिए।


## रामपुर में स्थिति से निपटने को प्रशासन मुस्तैद : नंदलाल

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से लगातार बारिश से हो रही क्षति से निपटने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। यह कहना है स्थानीय विधायक नंदलाल का। विधायक आजकल रामपुर क्षेत्र के दौरे पर हैं तथा जगह-जगह जाकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, बारिश से सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था चरमराई है, लेकिन विभागीय कर्मचारी व्यवस्था को पटरी पर लाने में जुटे हैं। सेब सीजन को देखते हुए बागवानों का उत्पाद बाजार तक पहुंचाने के लिए जहां सड़क सुविधा नहीं है, वहां पर स्पेन लगाए गए हैं। इसी प्रकार बिजली और पानी आपूर्ति को सुचारु करने के लिए विभागीय कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं।

## त्रासदी की घड़ी में मिनर्वा स्टडी सर्किल बनेगा विद्यार्थियों का सहारा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। जनजीवन के साथ-साथ छात्रों की शिक्षा भी गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। ऐसे कठिन समय में मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं एवं धर्मशाला ने एक सराहनीय पहल करते हुए छात्रों की मदद के लिए आगे आने का फैसला किया है। जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक हिमाचल का कोई भी बच्चा मिनर्वा स्टडी सर्किल में ऑनलाइन शिक्षा, मार्गदर्शन ले सकता है। मिनर्वा स्टडी सर्किल की यह पहल शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और यह संदेश देती है कि संकट की घड़ी में साथ खड़े रहना ही असली शिक्षा है।



संस्था के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से उन छात्रों के लिए शुरू की जा रही है, जो इस आपदा के कारण शैक्षणिक संसाधनों से वंचित हो गए हैं। इस पहल के अंतर्गत छात्रों को नि:शुल्क ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि पढ़ाई बाधित न हो, साथ ही नोट्स उपलब्ध करवाए जाएंगे। राकेश चंदेल ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का माध्यम है और संकट की घड़ी में इसका निरंतर जारी रहना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, बल्कि उन्हें फिर से अपने भविष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ने का संबल मिलेगा।

आपदा से हुए नुकसान की भरपाई संभव, लेकिन बच्चों की शिक्षा की क्षति अपूरणीय। जन-धन की हानि के साथ-साथ बुनियादी संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। इस आपदा का सबसे गहरा प्रभाव हमारे बच्चों की शिक्षा पर पड़ा है। बच्चों की खोई हुई पढ़ाई की भरपाई कर पाना अत्यंत कठिन है। उन्होंने कहा कि हम इस पहल में सहभागी बनने वाले सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हैं।

**आयोजन** शिक्षक दिवस पर बिलासपुर में होगा सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ का समारोह

## प्राथमिक शिक्षकों को मिले उचित सम्मान : किशोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ एवं समाज सुधार समन्वय समिति के मुख्य संरक्षक किशोरी लाल ने कहा कि शिक्षक दिवस पर बिलासपुर में विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त राहुल कुमार मुख्य अतिथि होंगे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षक लंबे समय से अपेक्षा के शिकार रहे हैं और शिक्षा जगत में उन्हें छोटे शिक्षक के रूप में देखा जाता है, जबकि वास्तव में यही शिक्षक विद्यार्थी की नींव मजबूत करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विदेशों में प्राथमिक शिक्षकों को सेकेंडरी शिक्षकों से अधिक वेतन मिलता है, जबकि हिमाचल में हालात अलग हैं।

उन्होंने बताया कि 1980 में उनके नेतृत्व में संघ ने प्राथमिक शिक्षा अधिकारी के पद की अधिसूचना निकलवाई थी,



पत्रकारों को संबोधित करते हुए किशोरी लाल, साथ हैं अन्य।

जिससे प्राथमिक शिक्षकों को पदोन्नति का मार्ग मिला। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिला स्तर पर शिक्षा के वार्ड बनाए जाने चाहिएं ताकि शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

किशोरी लाल ने यह भी बताया कि समिति शिक्षा के साथ-साथ समाज सुधार के क्षेत्र में भी सक्रिय है। जन-जागरण अभियान के तहत पुरुष और महिला दोनों विंग नशे के खिलाफ अभियान चला रहे हैं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। शिक्षक दिवस का यह समारोह जहां शिक्षकों के योगदान को सम्मान देने का अवसर होगा, वहीं समाज सुधार की दिशा में भी समिति की सक्रियता को प्रदर्शित करेगा।

पत्रकार वार्ता में संरक्षक विजय सिंह, संगठन मंत्री शशि वाला शर्मा, उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार तथा सदस्य निर्मल वर्मा भी उपस्थित रहे।

## विधायक जीतराम ने किया जीएसटी की दरों में संशोधन का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने जीएसटी की दरों में संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे रोजमर्रा की जरूरत की कई चीजें सस्ती हो जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 15 अगस्त को लाल किले से कर सुधारों की घोषणा की थी और केंद्र सरकार ने महज 15-20 दिनों में ही इस घोषणा को पूरा भी कर दिया है। इससे यह बात एक बार फिर से साबित हुई है कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं।

दिवाली समेत अन्य त्योहारों से पहले देश की जनता को यह बड़ा तोहफा मिला है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी यह ऐतिहासिक सुधार अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत पूरे मंत्रिमंडल का आभार जताया है। जीएसटी में किए सुधार गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को अपने सपने साकार करने में मददगार साबित होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी ने किया चंबा-भरमौर एनएच-154 ए का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने 4 सितंबर को क्षतिग्रस्त चंबा -भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तृत दौरा किया तथा मार्ग बहाली के लिए किया जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने दुर्गेठी से धरवाला की तरफ पैदल आ रहे श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त चंबा ने बताया कि 4 सितंबर को लगभग 450 श्रद्धालु टैक्सीयों द्वारा भरमौर से दुर्गेठी के लिए रवाना किए गए हैं जिस की व्यवस्था एडीएम भरमौर द्वारा निशुल्क की गई है। उन्होंने बताया कि पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को कलसुई से पठानकोट व नूरपुर तक भेजने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की वसों द्वारा निशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जा रही है।

### जनजीवन अस्त-व्यस्त, प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पिछले कुछ दिनों से जारी भारी बारिश ने जिले में तबाही मचाई है। कहीं सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं तो कहीं पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त होने से लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। कई क्षेत्रों में बिजली और नेटवर्क सेवाएं ठप हो गई हैं, जिससे आम जनमानस की परेशानियां और भी बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने हालात की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कदम उठाए हैं। प्रभावित इलाकों में बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी और मशीनरी लगाई गई है, पेयजल योजनाओं की मरम्मत की जा रही है, वहीं बिजली विभाग और नेटवर्क सेवाओं से जुड़े कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल की जा सके। प्रशासन का कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा में नुकसान बड़े स्तर पर हुआ है और इसकी भरपाई में समय लगेगा। हालांकि, अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### विधायक डीएस ठाकुर ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधायक डीएस ठाकुर ने गुरुवार को तेलका क्षेत्र में भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने बाड़का, मौड़ा और सालवां में जाकर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। बारिश के कारण बाड़का के भेड़ोई, भजोत्रा के डडवाल, द्रोड़ और सरोटी गाँवों में भारी तबाही हुई है। जमीन धंसने से कई परिवार पूरी तरह बेघर हो चुके हैं। ग्रामीणों की पीड़ा सुनते हुए विधायक ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द से जल्द विस्थापित परिवारों को राहत राशि के साथ-साथ सुरक्षित भूमि उपलब्ध कराएगी।

### यात्रियों को उपलब्ध करवाई भोजन सुविधा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी से कुल्लू के मध्य बार-बार सड़क बाधित हो रही है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा के कारण इस मार्ग पर फंसे लोगों को सुविधा प्रदान करने में स्थानीय प्रशासन व जनता के सद्प्रयास मानवता की मिसाल बने हैं। इस फोरलेन मार्ग पर जिला व स्थानीय प्रशासन की ओर से लगातार अनेक स्थानों पर यातायात बहाली के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करवाया जा रहा है, ताकि छोटे व बड़े वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। सुरक्षा कारणों से भारी बारिश एवं रात्रि समय में अचानक भूस्खलन या पत्थर गिरने के खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन रोक दिया जाता है। ऐसे में रास्ते में फंसे वाहन चालकों, पर्यटकों एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का भी पूरा ध्यान स्थानीय प्रशासन की ओर से रखा जा रहा है। उनके लिए जलपान से लेकर निःशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। बालीचौकी उपमंडल के तहत छह स्थानों पर राहत शिविर इस सड़क मार्ग के समीप स्थापित किए गए। इनमें तहसील कार्यालय औट के समीप लघु बचत भवन व थलौट में प्रातःकाल नाश्ते के अलावा दोपहर व रात्रि भोजन की सुविधा प्रदान की जा रही है।राधा स्वामी सत्संग भवन नगवाईं में आश्रय एवं भोजन की सुविधा प्रदान की गई।

# हेलिकॉप्टर से 34 और श्रद्धालु पहुंचाए चंबा

## भरमौर से अब तक सुरक्षित निकाले गए 15000 के करीब श्रद्धालु : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भरमौर से चंबा तक निशुल्क हवाई सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि चंबा और भरमौर के बीच लगातार भारी वर्षा से सड़क संपर्क प्रभावित होने के कारण श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से लौटने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि राजस एयरोस्पोर्ट्स तथा हिमालयन हेली सर्विसेज की सेवाएं श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। श्रद्धालुओं को भरमौर से चंबा तक निःशुल्क हेलीकॉप्टर सुविधा प्रदान की जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि पिछले कल बुधवार को लगभग 85 श्रद्धालुओं को 16 हेलीकॉप्टर फ्लाइट से चंबा लाया। उन्होंने बताया कि वीरवार को भी श्रद्धालुओं को हेलिकॉप्टर के माध्यम से भरमौर से लाने की जारी प्रक्रिया के तहत 34 श्रद्धालुओं को चंबा लाया गया। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर सेवाओं के लिए बीमार, घायल तथा वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं को प्राथमिकता के आधार पर हवाई सेवा प्रदान की जा रही है।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

मुकेश रेपसवाल ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अब तक लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं को भरमौर से सुरक्षित निकाला जा चुका है। उन्होंने बताया कि भरमौर से आने वाले 7000 के करीब श्रद्धालुओं को कलसुई व चंबा से पठानकोट, नूरपुर, भदरवाह तक निशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार समन्वय कर आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

### साच पास में फंसे 17 लोगों का किया रेस्क्यू



**चंबा।** खराब मौसम के बीच साच पास से गुजर रहे 17 लोगों को प्रशासन ने रात्रि अभियान चलाकर सुरक्षित बचा लिया। यह बचाव कार्य पुलिस, अग्निशमन विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात 12 बजे अंजाम दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, बचाए गए लोगों में दो बच्चे, दो महिलाएं तथा 13 अन्य यात्री शामिल थे। सभी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से यात्रा से परहेज करें। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही सफर करें, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना या परेशानी से बचा जा सके।

### बारिश से चंबा में स्कूल पर मंडराया खतरा

**हाल** ही में हुई भीषण बारिश ने चंबा जिला में भारी तबाही मचाई है। जगह-जगह भूस्खलन और मलबा आने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत भड़ियां के अंतर्गत जी.पी.एस झड़े स्कूल भी खतरे की जद में आ गया है। बारिश से आए भारी मलबे के चलते स्कूल किसी भी समय इसकी चपेट में आ सकता है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से जायजा लिया।

# भरमौर से दुर्गेठी तक का सड़क मार्ग छोटे वाहनों के लिए खुला

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा-भरमौर एनएच-154 ए भरमौर से दुर्गेठी तक का सड़क मार्ग छोटे वाहनों के लिए खुल गया है। 4 सितंबर को लगभग 450 श्रद्धालु टैक्सीयों द्वारा भरमौर से दुर्गेठी के लिए रवाना किए गए हैं जिस की व्यवस्था एडीएम भरमौर द्वारा निशुल्क की गई है। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को कलसुई से पठानकोट व नूरपुर तक भेजने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की वसों द्वारा निशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जा रही है। अब तक लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं को भरमौर से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। पैदल मार्ग में आने वाले कठिन रास्तों पर एनडीआरएफ के अलावा अन्य सुरक्षा कर्मी भी लगाए गए हैं जिस के अलावा विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई है। भरमौर में बचे शेष श्रद्धालुओं को हेलिकॉप्टर के माध्यम से निकाले जाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। यह जानकारी चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर ने सोशल मीडिया पर दी।

### आपदा को लेकर हर्ष ने गडकरी को लिखा पत्र



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी को पत्र लिखकर हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई भूस्खलन एवं भीषण वर्षा से उत्पन्न आपदा के चलते राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजमार्गों की गंभीर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। सांसद महाजन ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हस्तक्षेप एवं मार्गदर्शन से सड़क व्यवस्था शीघ्र सामान्य स्थिति में लौटेगी।

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

मैं मीरा देवी पत्नी सुरेश कुमार निवासी गांव टिक्करी तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर (हि.प्र) ने अपना नाम बदलकर मीरा देवी से कश्मीरा देवी रखा है।

### प्रीणा में मलबे की चपेट में आया मकान, बाल-बाल बचे लोग

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान**



**धरवाला।** पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जिला चंबा के प्रीणा में एक मकान भूस्खलन की चपेट में आया। राकेश पुत्र चंद गांव गवाड़ डाकघर प्रीणा तहसील धरवाला जिला चंबा ने जानकारी देते हुए बताया मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते घर के ऊपर पहाड़ी दरकने से मिट्टी तथा भारी पत्थर घर पर आ गिरे जिससे पूरा घर जमींदोज हो गया है। गनीमत यह रही कि इसमें किसी भी तरह का जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। घर के मुखिया राकेश का कहना है कि खतरा महसूस होने पर मंगलवार दिन में ही मवेशियों सहित हमने दूसरी जगह शरण ले ली थी। वीरवार सुबह मौसम खुलने पर प्रीणा पंचायत के प्रधान ठाकुर राम भी मौके पर पहुंचे और परिवार जनों का हाल जाना। तथा पटवारी नरेंद्र कुमार भी इस दौरान मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### सेब से भरी पिकअप खाई में गिरने से बची

**अनंत ज्ञान, चंबा।** तीसा-बैरागढ़ मार्ग पर तरेला मोड़ के समीप एक बड़ा हादसा टल गया। सेब से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से फिसलने ही वाली थी कि समय रहते उसे रोक लिया गया। बचाव कार्य में जुटी टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से पिकअप को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और चालक भी सुरक्षित है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुबान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाल
2. अकिंता पुत्री चमन लाल
3. सरोज कुमारी पत्री स्व. चमन लाल
4. बनवारी लाल पुत्र भागमल
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश .......**वादीगण**

**बनाम**

1. कस्तूरी लाल पुत्र भागमल, 2. मुकन्द लाल पुत्र भागमल, 3. जितेन्दर सिंह पुत्र ओम प्रकाश, 4. रविन्दर कुमार पुत्र ओम प्रकाश, 5. रजिन्दर कुमार पुत्र ओम प्रकाश
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौवाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ......**प्रतिवादी गण**

**विषयः-** हि. प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 100 खतौनी न. 131 132 खसरा न. 251,252,420,422,267,421,425 कित्ता 7 रकबा तदादी 02-27-33 है. जमाबन्दी वर्ष 2019-20 वाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र ।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 5 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 5 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुदान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाल
2. अकिंता पुत्री चमन लाल
3. सरोज कुमारी पत्री स्व. चमन लाल
4. बनवारी लाल पुत्र भागमन
उपरोक्त समम्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश .....वादीगण

**बनाम**

1. कस्तूरी लाम पुत्र भागमन, 2. मुकन्द माल पुत्र भागमल, 3. अनिल कुमार पुत्र लेख राज उपनाम देश राज, 4. रविन्दर कुमार पुत्र लेख राज उपनाम देश राज, 5. रमेश चन्द पुत्र लेख राज उपनाम देश राज
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ......**प्रतिवादी गण**

**विषयः-** हि.प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 106 खतौनी न. 141 खसरा न. 456 कित्ता 1 रकबा तदादी 0-16-85 है। जमाबन्दी वर्ष 2019-20 बाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में में प्रतिवादी न. 3 में प्रतिवादी न. 5 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 5 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुबान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाम
2. अचिंता पुत्री चमन तान
3. मरोज कुमारी पवी स्व. चमन मान
4. बनवारी लाल पुत्र भागमन
उपरोक्त समम्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगडा हिमाचल प्रदेश .....**वादीगण**

**बनाम**

1. कस्तूरी मान पुत्र भागमन, 2. मुकन्द लाल पुष भागमन, 3. धर्म चन्द पुत्र भागी, 4. शेर चन्द पुत्र भागी, 5. अमी चन्द पुत्र भागी, 6. सुमन कुमारी पुत्री मंगतू, 7. राजेश पुष हरनाम सिंह, 8. तनुज पुष हरनाम सिंह, 9. मरला देवी विधवा हरनाम सिंह, 10. रघवीर सिंह पुत्र मान चन्द, 11. गौरा देवी पुत्री मान चन्द
उपरोक्त समम्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ तहसील भड़ोली जिला कांगडा हिमाचल प्रदेश ......**प्रतिवादी गण**

**विषयः** हि. प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 116 खतौनी न. 167, 168 बसरा न. 458, 488, 496 कित्ता 3 रकबा तदादी 0-61-78 है। जमाबन्दी वर्ष 2019-20 वाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र ।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 11 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 11 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भहोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुवान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाल
2. अकिंता पुत्री चमन लाल
3. सरोज कुमारी पवी स्व. चमन लाल
4. बनवारी लाल पुत्र भागमल
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगडा हिमाचल प्रदेश ....**वादीगण**

**बनाम**

1. कस्तूरी लाल पुष भागमल, 2. मुकन्द लाल पुत्र भागमस, 3. जितेन्दर सिंह पुत्र ओम प्रकाश, 4. रविन्दर कुमार पुत्र ओम प्रकाश, 5. रजिन्दर कुमार पुत्र ओम प्रकाश
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश .....**प्रतिवादी गण**

**विषयः-** हि.प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 101 खतौनी न. 133, 134 खसरा न. 466, 467, 468 कित्ता 3 रकबा तदादी 0-21-08 है। जमाबन्दी वर्ष 2019-20 वाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र ।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 5 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 5 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

# दूसरे दिन भी कुंडूनी गांव में बरपा भूस्खलन का कहर

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर उपमंडल की नेर घरवासड़ा पंचायत का कुंडूनी गांव इन दिनों भूस्खलन की मार झेल रहा है। दूसरे दिन भी पहाड़ी दरकने का सिलसिला जारी रहा, जिससे गांव का अधिकांश हिस्सा खतरे की जद में आ गया। लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात और अधिक बिगाड़ दिए हैं। एहतियातन प्रशासन ने सभी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। भूस्खलन से अब तक गांव के 10 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। 22 परिवारों का आशियाना उजड़ चुका है। बेघर हुए ग्रामीण दिन में अपने टूटे-फूटे घरों से सामान समेटने की कोशिश करते रहे। हालात को देखते हुए प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि दूसरे दिन भी मौके पर पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा। गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है और पूरे इलाके को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। प्रशासनिक टीमें मौके पर मौजूद हैं और हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

गांव छोड़ चुके ग्रामीण अब अस्थायी शिविरों में शरण लिए हुए हैं, लेकिन उनके चेहरों पर गहरी चिंता साफ झलक रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस रफ्तार से पहाड़ दरक रहा है, पूरे गांव का बच पाना लगभग नामुमकिन लगता है। बुजुर्गों और बच्चों की हालत सबसे दयनीय है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को अस्थायी शिविरों में भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।

### रोजमर्रा की वस्तुएं अब पूरी तरह होंगी जीएसटी मुक्त: शिशु गुप्ता



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा नेता शिशु गुप्ता ने हालिया जीएसटी काउंसिल के फैसलों को देश को आम जनता, किसानों, छोटे कारोबारियों और मध्यमवर्ग के लिए बड़ा राहत पैकेज बताया। उन्होंने कहा कि नया सरल टैक्स ढांचा अब मुख्य रूप से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत दो स्लैब में रहेगा, जबकि सिगरेट, शराब और अन्य लक्जरी वस्तुओं पर विशेष 40 प्रतिशत टैक्स लगेगा। गुप्ता ने इसे मोदी सरकार की ओर से दीपावली से पहले आमजन को मिला सबसे बड़ा तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि दूध, पनीर, रोटी और पराठा जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त करना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आर्थिक राहत लाएगा। गुप्ता ने कहा कि यह केवल टैक्स सुधार नहीं, बल्कि गरीब की थाली में खुशहाली और समाज में नशामुक्ति का संकल्प है। इस जनकल्याणकारी फैसले का समर्थन करने और मजबूत भारत के निर्माण में भाजपा का साथ देने की अपील की।

### एपीएमसी के अध्यक्ष ने अनुराग से पूछा आपदा में केंद्र से उनका क्या रहा योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मंडी कृषि उपज के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर हमीरपुर के प्रति अपने योगदान को स्पष्ट करें कि बतौर सांसद उनका हमीरपुर के विकास के साथ ही आपदा में क्या योगदान रहा, सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलेगा उन्हें धरातल की वस्तुस्थिति स्पष्ट करनी होगी।

उन्होंने कहा कि अनुराग से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता जानना चाहती है कि केंद्र से कितना पैकेज आपदा प्रभावितों के लिए वह लेकर आए हैं। क्या मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के अन्य सांसदों के साथ प्रधानमंत्री से मिलकर प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग करेंगे। अब तक आपदा प्रभावितों के लिए वह कितनी बार केंद्रीय मंत्रियों या प्रधानमंत्री से मिले। इस पर भी स्थिति स्पष्ट करने का कष्ट करें। उन्होंने कहा कि अनुराग हमीरपुर जिला सहित पूरे संसदीय क्षेत्र में विकास करवाने में पूर्ण रूप से असफल रहे हैं।

अजय शर्मा ने कहा कि सुख की सरकार ने आपदा प्रभावितों के हित में कई ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने अनुराग पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि आप यह बताएं कि उन्होंने आपदा प्रभावितों के लिए क्या मदद की है, बातें करने से आपदा प्रभावितों की मदद नहीं होती।

### चैहटीगढ़ में देवता कालीनाग दारल का मंदिर हुआ क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिले में बीते कई दिनों से जारी आसमानी आपदाओं का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब तक मंडी जिला में प्राकृतिक आपदा के इस कहर से जान-माल का नुक्सान हो रहा था, मगर अब देवस्थान भी सुरक्षित नहीं हैं। मंडी के देव इतिहास की एक अत्यंत दुखद घटना सामने आई है।

वीरवार को भारी बारिश के दौरान हुए भूस्खलन के कारण मंडी जिले के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के चैहटीगढ़ इलाके में देव काली नाग जी दारल का पवित्र मंदिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोक मान्यता के अनुसार यह माना जा रहा है कि देवता ने अपनी प्रजा और क्षेत्र की रक्षा के लिए इस आपदा का आघात स्वयं पर ले लिया।

भक्तों का कहना है कि देवता ने अपनी असीम करुणा और त्याग से गांव को बड़ी हानि से बचा लिया, भले ही उनके स्वयं के निवास स्थान को क्षति पहुंची। यह मंदिर इस क्षेत्र के लोगों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है और देवता कालीनाग की पूजा सदियों से होती आ रही है। मंदिर को हुए नुक्सान से भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं, लेकिन साथ ही वे देवता के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा भी व्यक्त कर रहे हैं।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुवान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन तान
2. अकिंता पुत्री चमन मात
3. मरोज कुमारी पवी स्व. चमन माल
4. बनवारी लाम पुत्र भागमल
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश .....**वादीगण**

**बनाम**

1. कस्तूरी नाल पुत्र भागमल, 2. मुकन्द लाल पुत्र भागमल, 3. जितेन्दर सिंह पुत्र ओम प्रकाश 4. रविन्दर कुमार पुत्र ओम प्रकाश, 5. रजिन्दर कुमार पुत्र ओम प्रकाश, 6. तरसेम लाल पुत्र बाबू राम, 7. भूपेन्दर सिंह पुत्र बाबू राम, 8. किरणा देवी पुत्री राज कुमार, 9. सुदेश कुमारी विधवा राज कुमार,
उपरोक्त समम्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ तहसील भड़ोली जिला कांगडा हिमाचल प्रदेश ......**प्रतिवादी गण**

**विषयः** हि.प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 102 खतौनी न. 135 ता 137 खसरा न. 613/461, 612/461, 462, 465 कित्ता 4 रकबा तदादी 0-46-95 है। जमाबन्दी वर्ष 2019-20 बाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र ।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 9 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 9 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुबान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाल
2. अकिंता पुत्री चमन लाल
3. सरोज कुमारी पती स्व. चमन लाल
4. बनवारी लाल पुत्र भागमल
उपरोक्त समस्त वामीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ......**वादीगण**

**बनाम**

1. कस्तूरी लाल पुत्र भागमल, 2. मुकन्द लाल पुत्र भागमल, 3. रण सिंह पुत्र सन्ता, 4. सुषमा देवी पुत्री लाल चन्द, 5. कुमारी अन्तरा पुत्री मनोज कुमार, 6. सुदर्शना देवी विधवा मनोज कुमार, 7. साहिल पुत्र स्व. राजेश कुमार, 8. कसक पुत्री स्व. राजेश कुमार, 9. शिवा कुमारी पुत्री स्व. राजेश कुमार, 10. सुषमा देवी विधवा राजेश कुमार, 11. कृष्णा देवी विधवा हेम राज, 12. भजन लाल पुत्र जोहण्डू
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश .. **प्रतिवादी गण**

**विषयः-** हि. प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 141 खतौनी न. 215, 216 खसरा न. 469, 475 कित्ता 2 रकबा तदादी 0-13-73 है। जमाबन्दी वर्ष 2019-20 वाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 12 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 12 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगहा हि. प्र.।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुबान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाल
2. अविता पुत्री चमन लाल
3. मरोज कुमारी पवी म्व. चमन लाल
4. बनवारी लाल पुत्र भागमल
उपरोक्त गमस्त वासीगण महान कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमानम प्रदेश .....वादीगण

**बनाम**

1. कस्तूरी लाल पुत्र भागमन, 2. मुकन्द लाल पुत्र भागमल, 3. रण मिह पुत्र मन्ता, 4. सुषमा देवी पुत्री ताल चन्द, 5. कुमारी अन्तरा पुत्री मनोज कुमार, 6. मुदर्शना देवी विधवा मनोज कुमार, 7. साहिल पुत्र स्व. राजेश कुमार, 8. कसकः पुत्री म्व. राजेश कुमार, 9. शिवा कुमारी पुत्री स्व. राजेश कुमार, 10. सुषमा देवी विधवा राजेश कुमार, 11. कृष्णा देवी विश्ववा हेम राज
उपरोक्त समस्त वामीगण महान कटोई मौजा चौकाठ उप तहमीन भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ....**प्रतिवादी गण**

**विषयः-** हि. प्र. भू- राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 142 खतौनी न. 217, 218 खसरा न. 457, 459, 479, 478 कित्ता 4 रकबा तदादी 0-46-38 है। जमाबन्दी वर्ष 2019-20 वाक्या महान कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 11 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 11 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

किस्म मु. तकसीम हुकमन तारीख पेशी मुकदमा न. 19.09.2025

**अनुवान मुकदमाः**
1. अमित कुमार पुत्र चमन लाल
2. अकिंता पुत्री चमन लाल
3. सरोज कुमारी पत्री स्व. चमन लाल
4. बनवारी लाल पुत्र भागमल
उपरोक्त समस्त वासीगण महाल कटोई मौजा चौकाठ उप तहसील भड़ोली जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ...**वादीगण**

**बनाम**

1. कस्तूरी लाल पुत्र भागमल, 2. मुकन्द लाल पुत्र भागमल, 3. सुख राम पुत्र साधू राग, 4. जगदीश राम पुत्र साधू राम, 5. क्रोधू पुत्री साधू राम, 6. कौशल्या देवी पुत्री साधू राम, 7. प्रेम सिंह पुत्र ब्रहम दास, 8. सुरिन्दर कुमार पुत्र सुदामा राम, 9. कशमीर सिहं पुत्र सुदामा राम, 10. प्रताप सिंह पुत्र सुदामा राम, 11. सुशील कुमार पुत्र सुदामा राम, 12. नितिन पटियाल पुत्र चतर सिंह, 13. सुषमा देवी विधवा चतर सिंह, 14. महिन्दर सिंह पुत्र मनसा राम, 15. राय सिंह पुत्र माधो राम, 16. पंकज कुमार पुत्र रमेश चन्द, 17. बिस्सो देवी विधवा कांशी राम, 18. अनिल कुमार पुत्र लेखराज उपनाम देशराज, 19. रविन्दर कुमार पुत्र लेख राज उपनाम देश राज, 20. रमेश चन्द पुत्र लेख राज उपनाम देश राज, 21. धर्म चन्द पुत्र बतरीड़ा 22. महिन्दर सिंह पुत्र फौन्दरी, 23. राय सिंह पुत्र फौन्दरी, 24. सोनू पुत्र फौन्दरी, 25. पार्वती पुत्री फौन्दरी, 26. फान्ता देवी पुत्री फौन्दरी, 27. पवन कुमार पुत्र फलातू, 28. निलो देवी विधवा फलातू, 29. मनोहर लाल पुत्र जगत राम, 30. प्रीत्तम चन्द जगत राम, 31. जागो देवी विधवा जगत राम, 32. रमेश चन्द पुत्र भगत राम, 33. प्रदीप कुमार पुत्र केहर सिहं निवामी गांव बेडली मौजा व उप तहसील भहोली जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
**प्रतिवादी गण**

**विषयः-** हि.प्र. भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की जेर धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता न. 129 खतौनी न. 187 ता 200 खसरा कित्ता 31 रकबा तदादी 01-13-98 है. जमाबन्दी वर्ष 2019-20 बाक्या महाल कटोई मौजा चौकाठ, उप तहसील भड़ोली जिला कागड़ा हि.प्र. के भूमि विभाजन/तकसीम हेतू प्रार्थना पत्र।

**ईश्तहारः-** उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी गण ने अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय/कार्यालय में तकसीम हुकमन का मुकदमा दायर कर रखा है, जिसमें उपरोक्त दर्शाए गए प्रतिवादी गण में से प्रतिवादी न. 3 से प्रतिवादी न. 31 तक को सम्मन साधारण तरीके/सम्मन चस्पानंगी से तामील न हो पा रहे हैं। इसलिए तकसीम हुकमन में सुने जाने के मौके के सिन्द्धात को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी प्रतिवादी गण क्रमांक 3 ता 31 को बजरिया इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे असालतन या वकालतन हाजिर आकार तारीख पेशी 19.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे उक्त मुकदमा की पैरवी करना सुनिश्चित करें। गैर हाजिर होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे, व बाद पेशी तारीख किसी भी प्रकार का उजर या एतराज स्वीकार न होगा।
आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, उप तहसील भड़ोली, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**राहत** करसोग प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने निभाई जीवन रक्षक भूमिका

# भारी बारिश में करसोग प्रशासन ने गर्भवती महिला को बचाया

**अनंत ज्ञान, करसोग**

भारी बारिश और सड़कों के बंद होने के बीच करसोग उपमंडल प्रशासन ने अद्वितीय तत्परता और समर्पण दिखाते हुए छतरी गांव की 9 माह की गर्भवती महिला को समय रहते राहत पहुंचाई और उसकी जान बचाई।

21 वर्षीय अभिलाषा, निवासी नगलाई उपतहसील छतरी की बुधवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। यह उसकी पहली प्रेगनेंसी थी और हालत गंभीर हो रही थी। परिजनों ने करीब डेढ़ किलोमीटर का पैदल सफर तय कर उसे सड़क तक पहुंचाया, जहां से करसोग अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन रास्ते में खंडारगली के पास भूस्खलन के कारण सड़क बंद हो गई।



गर्भवती महिला।

महिला को लगातार खून की उल्टियां हो रही थीं। परिजनों ने रात 9 बजे एसडीएम करसोग गौरव महाजन को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही उन्होंने बीएमओ डॉ. गोपाल चौहान और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

करसोग अस्पताल से स्वास्थ्य टीम और एंबुलेंस भेजी गई। पीडब्ल्यूडी द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क को पैदल चलने योग्य बनाया गया।स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा तत्काल उपचार के बाद महिला की स्थिति स्थिर की गई और गुरुवार सुबह उसे शिमला रेफर कर दिया गया।

एसडीएम गौरव महाजन ने पुष्टि की कि महिला अब पूरी तरह से ठीक है और स्वास्थ्य लाभ ले रही है। उन्होंने बीएमओ डॉ. चौहान और पीडब्ल्यूडी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इनकी तत्परता और टीमवर्क के कारण ही यह जीवन बचाया जा सका।

अगर आप पर हमेशा अंगुली उठाई जाती रहे तो आप भावनात्मक रूप से अधिक समय तक खड़े नहीं हो सकते। -स्वामी दयानंद सरस्वति

## संपादकीय

## वनों का महत्व

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल समेत पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में बाढ़ जैसे हालात पर चिंता जाहिर करते हुए पेड़ों के अवैध कटान पर कड़ा संज्ञान लिया है। वनों से पेड़ों के कटान का मसला लगभग पूरे देश में ही है, लेकिन फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं राज्यों के हालात पर चिंता जाहिर की है। जिस तरह से हिमाचल के पंडोह डैम में बहकर आई लकड़ियों की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होकर तैरती रही तो जाहिर सी बात है कि यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट के ध्यान में था। यह वाकई बेहद गंभीर विषय है जिसकी चर्चा होने के साथ उसका निवारण भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने इन राज्यों को बकायदा नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है, जो यह दर्शाता है कि न्यायालय इस मसले को लेकर कितना चिंतित है।

हकीकत यह है कि हिमाचल जैसे छोटे से पहाड़ी प्रदेश के लिए वनों का महत्व सिर्फ प्राकृतिक संपदा के रूप में नहीं है, बल्कि ये जंगल यहां के जीवन, पर्यावरण, कृषि और पर्यटन की धुरी हैं। मानसून के दौरान आने वाली बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं की जड़ में वनों का अनियंत्रित दोहन एक बड़ा कारण बन चुका है। इस बार की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, लेकिन इसके पीछे सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि इंसानी लालच और वन माफिया की करतूतें भी उतनी ही जिम्मेदार हैं। लगता है हिमाचल प्रदेश में सक्रिय वन माफिया पर सरकार का भी कंट्रोल नहीं है। विपक्षी भाजपा तो इसमें सरकार की मिलीभगत भी बता रही है। यदि सरकार और प्रशासन चौकस होता तो इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ियां नदियों और बांधों तक कैसे पहुंच जातीं।

यह कोई पहला मामला नहीं है जब पंडोह बांध में इतने बड़े स्तर पर लकड़ियां तैरती हुई मिलीं, बल्कि इससे पहले बाढ़ चंबा जिले में रावी नदी में आई भयंकर बाढ़ में भी पंडोह की तरह ही बड़े स्तर पर लकड़ियां तैरती हुई मिली थीं। इसका स्पष्ट मतलब है कि प्रदेश में वन माफिया रात के अंधेरे में वनों पर अपनी आरी चलाता है और चुपके से उसे ऐसी जगह पर स्टोर कर लेता है, जहां किसी की नजर न पड़े। वन माफिया को अपना पैसा बनाने से मतलब है, उसे प्रदेश के पर्यावरण को हो रहे बेतहाशा नुकसान से कोई सरोकार नहीं। यह तो विनाशकारी प्राकृतिक आपदा ने इस गड़बड़झाले की पोल खोल दी वरना ये मामले तो किसी की पकड़ में आने ही नहीं थे।

आवश्यकता इस बात की है कि सरकार और न्यायपालिका इस अवैध कटान को रोकने के लिए संयुक्त रूप से ठोस तंत्र विकसित करें। यदि अदालत की निगरानी में विशेष टास्क फोर्स बनाई जाए और उपग्रह चित्रों की मदद से वन क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखी जाए तो निश्चित रूप पर अवैध कटान पर लगाम लग सकती है। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों को भी वनों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। जब तक लोग खुद अपनी जमीन और जंगल को बचाने की जिम्मेदारी नहीं लेंगे, तब तक सरकार और अदालत की कार्रवाई अधूरी ही रहेगी। सरकार व वन विभाग को इस विषय में गहराई से सोचना चाहिए। अगर प्रदेश की वन संपदा इसी तरह से वनकाटुओं के हाथों में जाती रहेगी तो प्रदेश का विनाश निश्चित है।

इस बार हिमाचल में मानसून सीजन में हुई बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम चक्र पूरे विश्व में बदल रहा है और हिमाचल में वनों के अवैध कटान से मानसून डिस्टर्ब हो गया है, जिस वजह से नुकसान का आंकड़ा भी करोड़ों रुपए में पहुंच गया है और ऊपर से जनहानि भी हो रही है। हिमाचल की खूबसूरती उसके हरे-भरे पहाड़ों से है, जो बरबस ही पर्यटकों को यहां खींच लाते हैं, जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए की आमदनी होती है। या यूं कहें कि पर्यटन उद्योग हिमाचल सरकारी की आमदनी का मुख्य जरिया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अगर प्रदेश में वनों का कटना इसी तरह बदस्तूर जारी रहता है तो एक दिन हिमाचल भी पंजाब की तरह बिना वनों के नजर आएगा और लोग यहां आने से कन्नी काटेंगे।

पर्यटक हिमाचल आने के लिए आकर्षित नहीं हो पाएंगे। जाहिर सी बात है कि यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आ गया है तो सरकार को भी अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए और वनकाटुओं का कोई बचाव नहीं करना चाहिए, क्योंकि एक बार सरकार ने उनको बचा लिया तो वह फिर वनों का विनाश करेंगे ही। जिसकी जैसी आदत होती है वह उस आदत के वशीभूत होता है और वह अपनी फितरत कभी नहीं बदलता है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह इस मसले को बेहद गंभीरता से ले और वनकाटुओं पर शिकंजा कसने के लिए एक ठोस योजना बनाए ताकि आने वाले सालों में नुकसान ज्यादा न हो। साथ ही यह भी जरूरी है कि पर्यावरण संरक्षण को विकास योजनाओं से अलग न देखा जाए, बल्कि इसे मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए। सड़कें, बांध और उद्योग आवश्यक हैं, लेकिन इन परियोजनाओं में वनों के महत्व को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का दखल एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। यह समय है जब हिमाचल को अपने जंगलों को बचाने के लिए नई नीति, कड़े कानून और तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। वरना प्रकृति हर साल और भी डरावनी चेतावनी देती रहेगी और तब हालात संभालना और कठिन हो जाएगा। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के दूसरे राष्ट्रपति

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। उन्होंने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। उनका कार्यकाल 13 मई 1962 से 13 मई 1967 तक रहा। इनका जन्मदिवस 5 सितंबर आज भी पूरा राष्ट्र 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के ज्ञानी, एक महान् शिक्षाविद, महान् दार्शनिक, महान् वक्ता होने के साथ ही साथ विज्ञानी हिंदू विचारक थे। डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने जीवन के 40 वर्ष एक शिक्षक के रूप में व्यतीत किए थे। वह एक आदर्श शिक्षक थे। 1903 में 16 वर्ष की आयु में ही उनके विवाह दूर के रिश्ते की बहन 'सिवाकामू' के साथ संपन्न हो गया। उस समय उनकी पत्नी की आयु मात्र 10 वर्ष की थी। अत: तीन वर्ष बाद उनकी पत्नी ने उनके साथ में रहना आरंभ कर दिया। यद्यपि उनकी पत्नी सिवाकामू ने परंपरागत रूप से शिक्षा प्राप्त नहीं की थी, लेकिन उनका तेलुगु भाषा पर अच्छा अधिकार था। वह अंग्रेजी भाषा भी लिख-पढ़ सकती थीं। 1908 में राधाकृष्णन दंपती को संतान के रूप में पुत्री की प्राप्ति हुई। ■



डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
जन्म : 5 सितंबर, 1888
मृत्यु : 17 अप्रैल, 1975



कविता

## हे शिक्षक शत् शत् नमन तुम्हे

डॉ. कौमार्या मनोज

*हे शिक्षक शत् शत् नमन तूम्हे, तुम सबका मान बढ़ाते हो।*
*जहां लोग बसाते घर अपना, तुम हो जो राज्य बसाते हो।*
*चाह के भी क्या लिखूं तूमपे, तूमने लाखों को लिखा है।*
*तुमसे सीखा पढ़ना-लिखना, पल पल जीना, तुमसे सीखा है।*
*माता ने दिया जीवन मुझको, पिता से है मेरी पहचान।*
*तुमसे होता ज्ञान का अर्जन, तुमसे होता मान-सम्मान।*
*तू इस देश की जान है प्यारे, गौरव तुमसे है सारा जहान।*
*निर्भर जो तुमपे, बना के काबिल, देता उसको, उसका मान।*
*कभी तू माता, कभी पिता तू, कभी दोस्त बन जाते हो।*
*तू भगवान से पहले भगवन, परिचय मेरा मुझसे करवाते हो।*
*हे शिक्षक नित-नित नमन तुम्हे, तूने सबका मान बढ़ाया है।*
*जहां लोग बसाते घर अपना, तूने तो राज्य बसाया है।*
*शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं।*

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मानव में गुरु की लौ बुझी तो राष्ट्र अंधकार में डूबेगा




हम सबके जीवन में कोई न कोई ऐसा गुरु अवश्य होता है, जिसने हमें ठोकर से बचाया, अंधकार में दीपक बनकर राह दिखाई और गिरते समय हाथ थामकर हमें संभाला। सच तो यह है कि शिक्षक का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। माता-पिता हमें जीवन देते हैं, परंतु शिक्षक उस जीवन को सार्थक दिशा देते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति ने गुरु को देवताओं से भी ऊंचा स्थान दिया है 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥' इसी गुरु महिमा का स्मरण कराती है पांच सितंबर की तिथि। यह केवल एक दिन नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय जीवन का वह पावन अवसर है जब हम अपने पथ-प्रदर्शकों को सच्चे हृदय से नमन करते हैं।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

इस दिन हम भारत के महान दार्शनिक, आचार्य और भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। वस्तुतः यह दिन केवल एक व्यक्तित्व का जन्मोत्सव नहीं, बल्कि उस अमर आदर्श का उत्सव है, जो गुरु को केवल ज्ञान का दाता नहीं, बल्कि चरित्र का निर्माता और राष्ट्र के भविष्य का शिल्पकार मानता है। देशभर में मंच सजेंगे, पुष्पांजलियां अर्पित होंगी, भाषण गूंजेंगे और अगले दिन सब सामान्य हो जाएगा। परंतु हमें ठहरकर यह प्रश्न अवश्य करना चाहिए कि क्या शिक्षक दिवस का यही उद्देश्य है? क्या यह केवल औपचारिकता भर रह गई है, या फिर यह दिन हमें भीतर तक झकझोर कर यह पूछता है कि हमारे समाज का भविष्य गढ़ने वाले शिक्षक क्या सचमुच वह स्थान पा रहे हैं जिसके वे अधिकारी हैं? और क्या हम सब मिलकर उन्हें उसी ऊंचाई पर स्थापित कर पा रहे हैं जिसकी अपेक्षा हमारी संस्कृति और हमारा राष्ट्र उनसे करता है? इतिहास गवाह है कि जब-जब शिक्षक ने अपनी भूमिका को आदर्श रूप में निभाया, समाज ने नई ऊंचाइयां पाई।

चाणक्य ने चंद्रगुप्त को गढ़ा, रामकृष्ण परमहंस ने विवेकानंद को आकार दिया और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा की आत्मा को नई दिशा दी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि 'शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है', लेकिन आज का परिदृश्य क्या कहता है? शिक्षा अब संस्कार का माध्यम नहीं, बल्कि सर्टिफिकेट का साधन बन गई है। विद्यार्थी डिग्रियों और अंकों की दौड़ में लगे हैं, पर जीवन मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से विमुख हो रहे हैं। तकनीक की पकड़ मजबूत है, पर नैतिक आधार कमजोर हो रहा है।

युवा स्मार्टफोन और इंटरनेट के विशेषज्ञ हैं, लेकिन नशाखोरी, हिंसा और मानसिक अवसाद के शिकार भी तेजी से बन रहे हैं। प्रश्न यह है कि ऐसे हालात में शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था की भूमिका कहां है? क्या यह सच नहीं कि आज का विद्यार्थी गूगल से सब पूछ लेता है, पर जीवन के प्रश्नों का उत्तर नहीं पा पाता? क्या यह चिंता का विषय नहीं कि डिग्रीधारी बेरोजगारों की भीड़ बढ़ रही है, पर जिम्मेदार नागरिकों की संख्या घट रही है? क्या यह शिक्षा की असफलता नहीं कि समाज में भ्रष्टाचार, हिंसा और असहिष्णुता बढ़ रही है? यदि यह सब हो रहा है तो इसका संबंध शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका से भी है। अध्यापक दिवस हमें यही चेतावनी देता है कि यदि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने तक सीमित हो गए और विद्यार्थी केवल अंक बटोरने तक, तो आने वाली पीढ़ी दिशाहीन और मूल्यहीन हो जाएगी।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि 'एक सच्चा शिक्षक केवल दिमाग नहीं, आत्मा को भी गढ़ता है।' शिक्षक केवल कक्षा का अध्यापक नहीं है। वह समाज का मार्गदर्शक है, संस्कारों का संवाहक है और भविष्य का शिल्पकार है। जब शिक्षक ईमानदार और समर्पित होता है तो राष्ट्र प्रगति करता है और जब वह लापरवाह हो जाए तो पीढ़ियां भटक जाती हैं। एक अच्छा शिक्षक हजारों जीवनों को रोशन कर सकता है, जबकि एक लापरवाह शिक्षक हजारों भविष्य को अंधकार में धकेल सकता है, लेकिन दोष केवल शिक्षकों पर डालना भी उचित नहीं। सरकार और समाज की जिम्मेदारी भी उतनी ही है। यदि शिक्षक को उचित वातावरण, आर्थिक सुरक्षा और गरिमा नहीं मिलेगी तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ कैसे दे पाएगा? जिस देश में सैनिक और वैज्ञानिक का सम्मान हो, पर शिक्षक को नौकरीपेशा व्यक्ति मान लिया जाए, वहां शिक्षा कभी जीवंत और सार्थक नहीं बन सकती। इसीलिए आज आवश्यकता है कि हम शिक्षक दिवस को केवल 'उत्सव दिवस' न बनाकर 'जागरण दिवस' बनाएं। शिक्षक यह संकल्प लें कि वे केवल सिलेबस पूरा करने वाले कर्मचारी नहीं, बल्कि जीवन गढ़ने वाले गुरु बनेंगे। विद्यार्थी यह प्रण लें कि वे शिक्षक को केवल अंक देने वाला अधिकारी नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक मानेंगे। समाज यह संकल्प ले कि वह शिक्षक को केवल उपयोग नहीं, बल्कि सम्मान देगा और सरकार यह सुनिश्चित करे कि शिक्षक को उसकी भूमिका के अनुरूप वातावरण और सुविधाएं मिलें।

शिक्षक दिवस हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र की दिशा और दशा केवल संसद में नहीं, बल्कि कक्षा-कक्ष में तय होती है। यदि कक्षा का दीपक बुझा तो संसद का सूर्य भी अंधकार में डूब जाएगा। इसलिए आवश्यकता है कि हम शिक्षक का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कार्यों से करें। हम शिक्षा की उस परंपरा को पुनर्जीवित करें जिसमें गुरु और शिष्य का संबंध केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों तक फैला हो। आज जब युवा वर्ग नशाखोरी, हिंसा, अवसाद और बेरोजगारी की समस्याओं से जूझ रहा है, तो शिक्षक का दायित्व और बढ़ जाता है। उसे केवल किताबें नहीं पढ़ानी, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखानी है।

यदि शिक्षक यह कर पाए, तो वह समाज की आत्मा को फिर से जगाएगा और राष्ट्र को सशक्त बनाएगा। 'दीपक बनने का सौभाग्य सबको नहीं मिलता, पर जो जलते हैं, वही युग को आलोकित करते हैं।' इसलिए आज का दिन हमसे आह्वान करता है कि यदि हमें सचमुच एक सशक्त, शिक्षित और संवेदनशील भारत गढ़ना है, तो सबसे पहले अपने शिक्षकों को सशक्त और सम्मानित करना होगा। यही शिक्षक दिवस का वास्तविक उद्देश्य और संदेश है। पांच सितंबर हमें पुकारता है कि आइए, हम शिक्षा को केवल नौकरी या परीक्षा का साधन न मानें, बल्कि उसे ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का पर्याय बनाएं। तभी यह दिन औपचारिकता न रहकर समाज की चेतना को जागृत करने वाला सशक्त पर्व सिद्ध होगा। शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# उत्तर भारत के पहाड़ों पर तांडव मचा रही प्रकृति

उत्तर भारत में मानसून की भारी बारिश ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड में व्यापक तबाही मचा दी है। इन राज्यों में बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जिससे लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है।



अलका कांसरा
स्वतंत्र लेखिका

प्रकृति पहाड़ों पर तांडव कर रही है और आम इंसान बेबस देख रहा है, त्रासदी का शिकार है। अपने घर, खेत और मवेशी कैसे बचाए, फसलें तबाह होती जा रही हैं। पहाड़ों पर भूस्खलन रोज की बात हो गई है, सड़कें बंद होती जा रही हैं और रोज बीसियों जगह जाम लग जाता है। एक तरफ सरकार, सेना और एनजीओ लोगों को बचाने में और राहत सामग्री पहुंचने में लगे हैं और दूसरी ओर टूरिस्ट पहाड़ों पर घूमने निकल जाते हैं। रोज समाचार पत्रों पर हालत पढ़ रहे हैं, टीवी पर देख रहे हैं, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हैं पर कौन रोके। थोड़ा सा रास्ता टूटा और मीलों लंबा जाम।

अब हिमाचल तो आपदाग्रस्त राज्य भी घोषित हो गया है। उधर उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद अब चमोली का नंदानगर कस्बा अब जमीन में समाने लगा है। पहाड़ों पर दरारें लगातार बढ़ रही हैं। मां नंदा का मायका है यह पर लगातार बारिश और भूस्खलन ने पूरे कस्बे की नींव हिला दी है। एक विशाल चट्टान



बाजार के ठीक ऊपर से खिसक रही है। अगले कुछ दिनों में अगर यह गिर कर टूटी तो कम से कम 150 दुकानें मलबा हो जाएंगी। लोगों के घर दुकान बर्बाद होने की कगार पर हैं।

चार धाम और हेमकुंड साहिब की यात्राएं स्थगित कर दी गई हैं। मैदानों का हाल भी दिल दहलाने वाला है। पहाड़ों का पानी मैदानों में ही जाएगा। पहाड़ों पर पेड़ तो इंसान ने छोड़े नहीं, जिनकी जड़ें पानी को जमीन पर रोक लेती थी। नदियां उफान पर हैं और पानी डैम के गेट तोड़ मैदानों की तरफ भागा चला आ रहा है, ऊपर से बारिश रुकने के कोई आसार नहीं। पंजाब में हर तरफ पानी ही पानी। फिर चाहे हरमंदिर साहिब हों या आम लोगों के खेत और घर बार।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मवेशी बहते जा रहे हैं, खेतों, में पानी ही पानी, सड़कें और पुल सब टूटते जा रहे और लोग घरों की छतों पर फंसे हुए। सब ओर हृदय विदारक दृश्य। बचे बूढ़े सब हाथ जोड़ वाहेगुरु का जाप कर रहे। उधर हरियाणा में भी यमुना किनारों के बाहर और सब ओर पानी। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बारिश का कहर, टूटती सड़कें और 20 किलोमीटर लंबे जाम। दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम और स्कूल कॉलेज ऑन लाइन।

शायद इंसान ने प्रकृति के संग इतना खिलवाड़ कर लिया है कि उसके पास भी और कोई विकल्प बचा ही नहीं। अब भुगतान तो करना ही होगा। आम इंसान वही तो कर रहा है। पर फिर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं बिहार में होने वाले इलेक्शन और ट्रंप साहिब की रोज नई कारस्तानियां। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप, घात प्रतिघात, हिंसा प्रतिहिंसा। सत्ता लोलुप राजनीति, धन लोलुप राजनेता। हृदय करुणारहित, समाज भी होता जा रहा विवेकहीन। अब तो इस कलियुग के अंधकार को मिटाने आना ही होगा किसी कृष्ण को, किसी युगपुरुष को।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**गर्मियों** में जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है और हवा बेहद शुष्क चलती है, तब लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लू दरअसल एक तरह की हीट स्ट्रोक होती है, जो शरीर के तापमान को असंतुलित कर देती है। अत्यधिक गर्मी में शरीर पसीने के जरिये खुद को ठंडा रखने की कोशिश करता है, लेकिन जब हवा में नमी बहुत कम होती है, तो पसीना जल्दी सूख जाता है और शरीर का तापमान तेजी से बढ़ने लगता है। पानी की कमी से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, जिससे सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी या यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। बच्चों, बुजुर्गों और बाहर काम करने वालों को लू लगने का ज्यादा खतरा होता है।

**-हरिओम, पालमपुर**

# गुरु का स्वरूप और मानव जीवन में उनकी आवश्यकता

हम बचपन से सुनते अथवा सीखते आ रहे हैं कि बिन गुरु ज्ञान असंभव है। गुरु एक ऐसा प्रकाश है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करता है। अर्थात वह स्वयं प्रकाशित होकर दूसरों को अज्ञानता के अंधकार से बचाता है।



शिवालिक अवस्थी
शीला चौक, धर्मशाला

धर्म अथवा शास्त्रों के अनुसार इंसान के माता-पिता ही उसके सर्वश्रेष्ठ गुरु माने गए हैं। इसलिए कहते हैं कि माता-पिता के आचरण ही बच्चों के आचरण की मजबूत एवं सही नींव कही जाती है। जैसा माता-पिता आचरण करते हैं वैसा ही बच्चे भी उन्हें देख-देख कर सीखते हैं। अर्थात जैसा ज्ञान एक माता-पिता अपने बच्चे को दे सकते हैं, वैसा ज्ञान उन्हें अन्य कोई नहीं दे सकता। इसलिए माता-पिता को सदैव अपने बच्चों के सामने द्वेष व ईर्ष्या रहित कार्य ही करने चाहिए। उन्हें कभी भी बदले की भावना के अनुसार कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे उनके बच्चों पर भी एक सकारात्मक प्रभाव पड़े। कहा भी जाता है कि हम तभी तक किसी से अच्छे कार्य की उम्मीद कर सकते हैं जब हम स्वयं अच्छे हों। खैर, माता-पिता के बाद किसी भी मानव के जीवन में गुरु रूप में जिनका स्थान आता है वे होते हैं उनके अध्यापकगण। आज भी कई जगह शिक्षकों को गुरु करके संबोधित किया जाता है। एक ओर जहां माता-पिता एक भावनात्मक समर्थन प्रदान करते नजर आते हैं तो दूसरी ओर अध्यापक एक मानव को ज्ञान और कौशल में निपुण बनाना सिखाते हैं। एक अध्यापक गुरु के तौर पर अपने शिष्यों को विभिन्न विषयों का ज्ञान प्रदान करवाते हैं। प्रतिस्पर्धाओं का भेदन कैसे किया जाता है वह एक अध्यापक के अलावा भला अपने शिष्य को कौन बेहतरीन ढंग से सिखा सकता है। एक ओर जहां माता-पिता अपने बच्चों के पालन-पोषण में गुरु के तौर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वहीं दूसरी ओर बच्चों के विषयी ज्ञान के विकास में अध्यापक, गुरु के तौर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आते हैं।

इन दोनों कथनों को हर मानव के लिए समझना बेहद जरूरी है। जब तक मानव अपने जीवन में माता-पिता के अलावा एक अध्यापक की अहमियत को नहीं समझेगा तब तक मानव का सही विकास हो पाना संभव नहीं है। अब माता-पिता व अध्यापक को गुरु के तौर पर समझने के बाद बारी आती है जीवन के सबसे



महत्वपूर्ण किरदार की जिसे आध्यात्मिक गुरु के नाम से जाना जाता है। आध्यात्मिक गुरु को भी सर्वश्रेष्ठ गुरु के तुल्य समझा गया है। अब आप कहेंगे कि जब माता-पिता और अध्यापक के रूप में एक गुरु की प्राप्ति हमें हो चुकी है तो भला जीवन में अब आध्यात्मिक गुरु की क्या आवश्यकता? तो आपको यहां बताना बेहद जरूरी है कि अध्यात्म का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है।

अध्यात्म के जरिए मानव योग के अस्तित्व को स्वीकारता है। कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग आदि प्रमुख योग हैं जिनके द्वारा एक मानव आध्यात्मिकता की सीढ़ी धीरे-धीरे चढ़ता चला जाता है। आध्यात्मिकता द्वारा ही मानव को आत्मसाक्षात्कार के लिए बल प्राप्त होता है। मानव को अंतर व बाह्य दोनों क्रियाओं का बोध आध्यात्मिकता द्वारा ही संभव बन पाता है। इसलिए एक आध्यात्मिक गुरु की खोज करना मानव जीवन में अति आवश्यक माना जाता है। यहां तक तो बात हुई गुरुजनों की विशेषताओं की। अब आप सोच रहे होंगे कि आज हम गुरुजनों की विशेषताओं का बखान भला क्यों कर रहे हैं? दरअसल, आप सभी को पता है कि हर वर्ष 5 सितंबर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है और 5 सितंबर ही क्यों? क्योंकि यह दिवस देश के महान शिक्षक अथवा गुरु, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन उपलब्धियों के लिए समर्पित है। यह दिवस गुरुजनों के प्रति मान-सम्मान, उनके प्रति समर्पण के भाव को दर्शाता है। गुरुजनों द्वारा हमें शुद्ध ज्ञान की प्राप्ति हो, अच्छी शिक्षाएं प्राप्त हों व आध्यात्मिक बल की भी प्राप्ति हो, आज के दिन हम सभी यही कामना करते हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज के दिन लगभग हर स्कूल-कॉलेज में गुरुजनों की विशेष कृपा पाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मानव जीवन में गुरुजनों का शुभ आशीष मिलना किसी संजीवनी से कम नहीं आंका गया है। कहते हैं जिस पर गुरु की कृपा होती है वह जीवन में कभी भी भटकता नहीं है। वह मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक बल से परिपूर्ण होकर, अपने जीवन के विजय रथ पर सदैव अग्रसर रहता है।

गुरु के आशीर्वाद में इतना पराक्रम होता है कि मानव बड़ी से बड़ी परेशानी को भी सरलता से हल करने का सामर्थ्य रखता है। यह तो हुई प्रमाणित गुरुजनों के बल, शौर्य व उनकी शक्तियों की बात, लेकिन अंततः वही प्रश्न सामने आता है कि आजकल के इस दौर में प्रमाणित व सही गुरु की खोज भला कैसे की जाए? लोग न चाहते हुए भी आए दिन पाखंडियों के चंगुल में फंसते जा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण है अज्ञानता। लोगों को पता ही नहीं होता कि कौन सा गुरु प्रमाणित गुरु है और कौन हमारा सही मार्गदर्शन कर सकता है? इसके लिए सर्वप्रथम स्वयं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। गुरु की गुणवत्ता के बारे में पहले स्वयं अध्ययन करना चाहिए न कि किसी की बातों में आकर या देखा-देखी में किसी को भी गुरु अपना लेना चाहिए। गुरु किस संप्रदाय से आते हैं उसकी भी प्रमुखता से जांच करनी चहिए। सही गुरु, हमारे जीवन की दशा को सुधारने में निश्चित रूप से हमारी मदद अवश्य करते हैं। सही गुरु कभी भी स्वयं को भगवान नहीं मानते अपितु वे तो सदैव भगवान के दास के रूप में हमारा सही मार्गदर्शन करते रहते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिक्षक वह दीपक, जो स्वयं जलकर शिष्यों को देता प्रकाश

भारत एक ऐसा देश है जहां गुरु-शिष्य परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां शिक्षक को ईश्वर के समान माना जाता है। 'गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वर:' जैसी पंक्तियां स्पष्ट करती हैं कि हमारे जीवन में शिक्षक का कितना महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षक हमें केवल पुस्तक का ज्ञान नहीं देते, बल्कि हमें जीवन जीने की कला और अच्छे संस्कार भी सिखाते हैं।



सुरजीत सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, नूरपुर कॉलेज

भारत में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समय के साथ शिक्षा की परिभाषा और स्वरूप में निरंतर परिवर्तन होता रहा है। पहले शिक्षा केवल गुरुकुल प्रणाली तक सीमित थी, जहां विद्यार्थी गुरु के आश्रम में रहकर जीवन मूल्यों, धर्म, नैतिकता और व्यवहारिक ज्ञान को प्राप्त करते थे, लेकिन आज के दौर में शिक्षा का स्वरूप अत्यधिक बदल चुका है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रगति ने शिक्षा को अधिक व्यापक, आधुनिक और तकनीकी बना दिया है।

इस परिवर्तित परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका भी पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण हो गई है। आधुनिक शिक्षा




का स्वरूप आधुनिक शिक्षा अब केवल पुस्तकों और कक्षाओं तक सीमित नहीं रही। आज इंटरनेट, स्मार्ट क्लास, डिजिटल पुस्तकालय, ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे साधनों ने शिक्षा को वैश्विक और सुलभ बना दिया है। अब विद्यार्थी दुनिया के किसी भी कोने से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आधुनिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरी या डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास, सृजनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है। शिक्षक की भूमिका आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक की भूमिका एक मार्गदर्शक, प्रेरक और सहायक की हो गई है। पहले जहां शिक्षक केवल जानकारी प्रदान करने वाला माना जाता था, वहीं आज वे विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाने वाले 'फैसिलिटेटर' (Facilitator) के रूप में देखे जाते हैं।

आधुनिक शिक्षक केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को तकनीक का सही उपयोग करना, जीवन के मूल्यों को समझना और बदलते समय के अनुरूप खुद को ढालना भी सिखाते हैं। शिक्षक अब विद्यार्थियों को केवल तथ्य और आंकड़े नहीं सिखाते, बल्कि उन्हें सोचने, सवाल करने और समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।

उदाहरण के लिए, यदि पहले शिक्षक गणित का प्रश्न हल करना सिखाते थे, तो अब वे विद्यार्थियों को यह समझाने पर जोर देते हैं कि यह गणितीय ज्ञान वास्तविक जीवन में कहां और कैसे काम आ सकता है। आधुनिक शिक्षा ने समाज और राष्ट्र की तस्वीर बदल दी है। इसमें शिक्षक का योगदान केंद्रीय है। बदलते समय के साथ शिक्षक स्वयं को नए कौशल और तकनीकों से लैस करते हैं ताकि वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें। यह कहना उचित होगा कि शिक्षा का आधुनिकीकरण तभी सार्थक होगा, जब शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को समझकर विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान, बल्कि संस्कार और जीवन के मूल्य भी प्रदान करेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नशा तस्करी की जानकारी साझा करें

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नशामुक्त भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 शुरू की गई है। केंद्र सरकार की इस हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन नशे की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा कर सकते हैं और साथ ही नशे की लत से जूझ रहे लोगों को पुनर्वास एवं परामर्श से जुड़ी सेवाओं का मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है, जिससे लोग निडर होकर इस मंच से जुड़ सकें। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि मानस-1933 को देशभर में स्थापित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स से जोड़ा गया है। इसका लाभ यह है कि प्राप्त सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। यह प्लेटफार्म चौबीस घंटे और सप्ताह के सातों दिन सक्रिय रहता है। हेल्पलाइन न केवल नशे की तस्करी रोकने का सशक्त माध्यम है, बल्कि नशे की गिरफ्त में फंसे व्यक्तियों और उनके परिजनों के लिए भी सहारा है।

### हिमकेयर कार्ड का पंजीकरण शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मेडिकल सुपरिटेंडेंट क्षेत्रीय अस्पताल मंडी डॉ. दिनेश ठाकुर ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश की ओर से हिमकेयर योजना के तहत पात्र परिवारों का पंजीकरण शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कवर नहीं किया गया है, वे हिमकेयर योजना के पात्र होंगे। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज राज्य के पंजीकृत अस्पतालों में उपलब्ध होगा। डॉ. ठाकुर ने कहा कि पात्र परिवारों में बीपीएल, पंजीकृत रेहड़ी-फेरी वाले, मनरेगा मजदूर (जिन्होंने पिछले या चालू वित्तीय वर्ष में कम से कम 50 दिन कार्य किया हो), अनाथालयों में रहने वाले बच्चे, एकल नारी, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन, मिड-डे मील कार्यकर्ता, दैनिक वेतनभोगी, पार्ट टाइम, कॉन्ट्रैक्ट व आउटसोर्स कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं।

### नीलकंठ मंदिर में विशाल भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के कालेज रोड धनेहड़ा स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिर श्री नीलकंठ महादेव में चल रहे दस दिवसीय गणपति उत्सव के उपलक्ष्य में 5 सितंबर शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गणपति उत्सव आयोजन समिति के संयोजक मोहित कौशल ने बताया कि 5 सितंबर को भंडारा होगा जबकि गणपति प्रतिमा का विसर्जन 6 सितंबर को होगा जिसकी शुरुआत मंदिर परिसर से दोपहर बाद 3 बजे की जाएगी। उन्होंने सभी आमजन व श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वह विशाल भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करें व गणपति बप्पा का आशीर्वाद भी प्राप्त करें। शनिवार को विसर्जन शोभायात्रा में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाएं।

### मकडैना में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा जोगिंद्रनगर द्वारा वीरवार को गोइंग डिजिटल के अंतर्गत प्रबंधक प्यार चंद ठाकुर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत गरोडू के मकडैना में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक हंसराज कपूर ने बताया कि शिविर में महिला मंडल के सदस्यों, पेंशनरों व सामान्य नागरिकों ने भाग लिया। प्रबंधक प्यार चंद ठाकुर द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न ऋण योजनाओं जिसमें आसान ऋण योजना जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, संयुक्त महिला ऋण,स्वरोजगार ऋण, स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड, स्वनिधि ऋण योजना बारे जानकारी दी गई। बैंक कर्मचारी अश्विनी कुमार ने साइबर क्राइम व ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में लगभग 40 लोगों ने भाग लिया।

### मूर्ति विसर्जन दौरान वाहनों की आवाजाही बैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गणपति मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के अवसर पर मंडी शहर में 6 सितंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 7:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। एसडीएम सदर मंडी रूपिंदर कौर ने यह आदेश जारी करते हुए बताया कि गांधी चौक से मोती बाजार होते हुए विक्टोरिया पुल तक तथा वापसी में विक्टोरिया पुल से मोती बाजार होते हुए गांधी चौक तक किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश आम जनता की सुरक्षा और विसर्जन कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाओं से संबंधित वाहन तथा शोभायात्रा में उपयोग किए जाने वाले वाहन ही इस मार्ग पर चल सकेंगे। एसडीएम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन को सहयोग प्रदान करें और निर्धारित समय के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि गणपति विसर्जन शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

### शिव मंदिर नगला में करवाया हवन-यज्ञ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शिव मंदिर नगला में अतिवृष्टि शांति व जनकल्याण हेतु शिव शक्ति यज्ञ किया गया जिसमें प्रदेश में आई आपदा के शमन के लिए और आपदा में जो निर्दोष लोग मारे गए उनकी आत्मा की शांति के लिए आचार्य पुरुषोत्तम, कमलेश व आचार्य मुकेश शास्त्री और 21 ब्राह्मणों द्वारा अनुष्ठान किया गया। इस यज्ञ में प्रतिनिधि के रूप में यजमान, विधासागर शर्मा थे।

### विधायक प्रकाश राणा ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लगातार हो रही भारी बरसात और ब्यास नदी के कटाव के कारण लांगणा पंचायत के कोटला गांव में हालात गंभीर बने हुए हैं। दर्जन भर घरों और गोशालाओं पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और कई परिवार असुरक्षा की स्थिति में जी रहे हैं। ऐसे हालात में जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर हालात की जानकारी ली और प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए तथा आवश्यक राहत सामग्री मुहैया करवाई जाए। विधायक ने कहा कि 'सरकार और प्रशासन से मेरी प्राथमिक मांग है कि कोटला गांव के प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और पुनर्वास हेतु शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं। इस कठिन समय में पूरा क्षेत्र उनके साथ खड़ा है। ग्रामीणों ने भी विधायक राणा को अपने सामने आ रही कठिनाइयों से अवगत करवाया और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

### जीएसटी की दो दरें करना ऐतिहासिक सुधार: गोविंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा हिमाचल प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दो ही दरें करना ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों की ओर कदम है। जीएसटी कटौती से हर उपभोक्ता को लाभ होगा। पिछले 11 वर्षों में की गई अनेक पहलों के फलस्वरूप जीएसटी में अप्रत्यक्ष कर में जो सुधार किया गया है वह परिवर्तनकारी है। इससे मेडिसिन क्षेत्र तथा किसानों से लेकर हमारे एमएसएमई तक अनेकों क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। सीमेंट सस्ता होने पर निर्माण कार्य और गति से शुरू होंगे। हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा हर वर्ग को राहत प्रदान करने के बेहतरीन कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बजट सत्र में इनकम टैक्स के स्लैब को 5 लाख से 12:30 लाख करके लोगों को राहत प्रदान की थी मोदी सरकार यह निर्णय विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्थक होगा।

### माता हणोगी के दरबार में लोगों ने की पूजा-अर्चना

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग पर पंडोह से मात्र 8 किलोमीटर कुल्लू की ओर के हणोगी स्थान पर माता हणोगी का प्राचीन मंदिर है। जिसमें माता हणोगी आलौकिक शक्ती और सरस्वती के रूप में साक्षात विराजमान हैं। जो ना केवल स्थानीय लोगों अपितु दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। एक वक्त था जब मंडी- कुल्लू सड़क मार्ग माता के प्रांगण से गुजरता था। हजारों नहीं लाखों लोगों की भीड़ माता रानी के दरबार में होती थी। विशेष धार्मिक पर्वों जैसे नवरात्रि में तो तिल धरने को जगह नहीं मिलती थी। लोग व दूर से ही दर्शन करते थे। हर प्रकार के सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक कार्यक्रमों का केंद्र हुआ करता था माता के सात मंजिला भवन और भव्य मंदिर महल। हर निर्धन की सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य इस संस्थान का शृंगार बन चुका था, मगर जैसे ही फोरलेन का निर्माण कार्य शुरू हुआ वैसे ही माता के दरबार में भक्तों की पहुंच कम होने लगी। वर्ष 2021 में फोरलेन टन हणोगी से वाहनों की आवाजाही शुरू होते ही माता के दरबार को आने वाली पुरानी सड़क बंद हो गया और तब से ही माता रानी का संस्थान सुना हो गया। अब तो न्यास के पंडित - पुजारी भक्तों की आहट के लिए भी तरसते रहते हैं। यानी करोड़ों रुपए चढ़ावा और लाखों का दैनिक चढ़ावा अब सैकड़ों में सिमट गया है। मंदिर विरान जैसे स्थिती में है। वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के दौरान माता के दरबार को जाने वाला पुराना कुल्लू मनाली सड़क मार्ग भी पूरी तरह से तबाह हो गया। तब से अब तक इस सड़क मार्ग की सुध मानो लोक निर्माण विभाग नहीं करवा सका। जिससे जो इक्का दुक्का भक्त दर्शनों के लिए आना भी चाहते हैं वे भी नहीं आ पा रहे हैं। इस बरसात ने तो यह सड़क मार्ग भी क्षतिग्रस्त कर दिया जो हणोगी पुल से मंदिर तक आता है। हैरत की बात है कि जिला प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। इन दिनों प्रदेश भारी प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। जिसमें चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग भी पंडोह से हणोगी - झलोगी दवाड़ा और ओट तक बुरी तरह से तबाह हुए हैं। एक महीने से जाम और बंद ने प्रशासन के नाक में दम कर रखा है। लोग परेशान हैं। सड़क खुलने की उम्मीद भी छोड़ने लगे हैं। इस तबाही से बचाव और लगातार हो रही बारिश से राहत के लिए स्थानीय लोगों ने माता के दरबार में पूजा अर्चना की। ताकि सर्वजन सुरक्षा व चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग के सुचारू होने की प्रार्थना की।

---

# उमेश ने शिक्षा को दिया अधिमान, अब पाएंगे राज्य सम्मान

**रितेश, अनंत ज्ञान**

▶ शिक्षण संस्थानों में किया जाता रहा उत्कृष्ट कार्य

**शिक्षक दिवस पर विशेष**



**सरकाघाट।** मंडी जिला से राज्य स्तर पर पुरस्कृत होने वाले शिक्षक उमेश कुमार अपने शिक्षण कार्य के लिए समर्पित हैं और उन्होंने अपने कार्य के प्रति हमेशा से समर्पण करने की भावना से काम किया है। उमेश कुमार शर्मा सुपुत्र स्व. ज्ञानचंद शर्मा सरकाघाट की पपलोग पंचायत के कराड़ी गांव निवासी हैं। उमेश ने बताया कि वर्तमान में वे मोरला स्कूल में नियुक्त हैं। उमेश ने बताया कि इन्होंने कोरोना काल में छठी से लेकर आठवीं तक के छात्रों के लिए 500 शिक्षण नोट्स और 90 व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर हर घर के विद्यार्थी को शिक्षित किया है। इनके शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री पोखरियाल निशंक ने 2019 में देश भर में सम्मानित किया है। उमेश कुमार प्रदेश स्तर पर चिल्ड्रन साइंस प्रतियोगिता के निरीक्षक हैं।

प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देश पर उमेश ने ट्राइबल क्षेत्र के बच्चों को 200 वर्कबुक्स तैयार कर प्रत्येक छात्र को वितरित की है। उनका कहना है कि वे जिस भी पाठशाला में जाते हैं वहां पर समाज के कमजोर वर्ग के छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा विद्यालय के समय के बाद देते हैं।

अपने शिक्षण कार्य के प्रति समर्पण ही इनके जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने पुरस्कार मिलने पर शिक्षा सचिव राकेश कंवर निदेशक आशीष कोहली और कोऑर्डिनेटर डॉक्टर मंजुला शर्मा को प्रेरणास्रोत बताया है।

---

# जनता की सुरक्षा व सुविधा को लेकर भूख हड़ताल शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी समस्याओं को लेकर सरकाघाट में 4 से 6 सितंबर तक दो दिवसीय भूख हड़ताल शुरू हो गई है। हड़ताल हिमाचल फास्ट एक्सप्रेस के माध्यम से घोषित की गई।



भूख हड़ताल पर बैठे समाजसेवी।

हड़ताल में बैठने वाले संपादक हरीश वर्मा और वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष कंवर ने कहा कि उनकी प्रमुख मांगों में जेएनयूआरएम की बड़ी बसों को तंग सड़कों में भेजना बंद करना, खस्ताहाल सड़कों की तुरंत मरम्मत करना और सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देना शामिल है।

---

## हौसले के आगे टिक नहीं सकी प्राकृतिक आपदा की बाधाएं

# मंडी में क्षतिग्रस्त एनएच से सुरक्षित निकाली एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्राकृतिक आपदाएं चाहें कितनी भी बड़ी हों, मानवीय संवेदनाएं एवं हौसला किसी भी बाधा को पार करने में सक्षम होते हैं। आज वीरवार को कुल्लू से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्ज) बिलासपुर के लिए रेफर एक गंभीर मरीज को ग्रीन कॉरीडोर बनाते हुए जिला प्रशासन ने क्षतिग्रस्त मनाली-चंडीगढ़ मार्ग से सुरक्षित निकालकर मानवता की मिसाल पेश की है। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में वीरवार सुबह हुए भूस्खलन में एक परिवार के तीन लोग भी चपेट में आ गए। इनमें से एक 32 वर्षीय युवक को सिर पर गहरी चोटें आने से उन्हें कुल्लू अस्पताल से एम्ज बिलासपुर के लिए रेफर किया गया। कुल्लू से मंडी तक फोरलेन के माध्यम से सुरक्षित लाने की सामने आई।

परिजनों ने कुल्लू तथा मंडी में जिला प्रशासन से संपर्क साधा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन व उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस. रवीश ने आपसी समन्वय से इस बाधा को पार करने का रास्ता निकाला। लगातार हो रही भारी बारिश तथा मंडी की ओर विभिन्न स्थानों पर



सुरक्षित निकाली एंबुलेंस।

भूस्खलन के कारण फोरलेन सड़क मार्ग बाधित था।

इस सड़क मार्ग को बहाल करने की थी औट के समीप ताजा भूस्खलन ने स्थिति को और विकट बना दिया। मंडी जिला प्रशासन ने एसडीएम बालीचौकी देवीराम तथा एसडीएम सदर रूपिंद्र कौर की देखरेख में सड़क मार्ग को एंबुलेंस के लिए बहाल करने का कार्य शुरू किया। रास्ते में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एंबुलेंस भी तैनात की गईं, ताकि जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीज को इनमें स्थानांतरित कर आगे भेजा जा सके। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि आज सुबह कुल्लू की उपायुक्त ने इस बारे में आग्रह किया था।

### घायलों के मददगार बने जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** अखाड़ा बाजार भूस्खलन में घायल हुए 32 वर्षीय अभिनव सांख्यान को कुल्लू और मंडी प्रशासन ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्ज बिलासपुर पहुंचाया। हालांकि सुबह से भारी बारिश का दौर जारी रहा, जिसके चलते कुल्लू से मंडी के बीच एक दर्जन जगह भूस्खलन हुआ था, लेकिन एनएचएआई प्रबंधन ने सूचना मिलते ही अपनी एम्बुलेंस जगह जगह तैनात कर दी, ताकि कुल्लू से आने वाले मरीज को आगे निकाला जा सके।

### घटासनी-बरोट मार्ग भूस्खलन से हुआ बंद

**कविता, पधर।** घटासनी-बरोट मार्ग गुराहाला के पास भारी भूस्खलन होने से सड़क पूरी तरह बंद हो गई है। सड़क बंद होने से क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही प्रशासन और विभागीय टीमें युद्धस्तर पर सड़क को बहाल करने के प्रयास में जुट गई हैं। इस मौके पर एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया ।

---

# पंचायतीराज विभाग के आदेशों से प्रभावित होंगे विकास कार्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

▶ प्रधान एसोसिएशन गोपालपुर ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

▶ प्रधान एसो. ने आदेशों को तुरंत निरस्त करने की उठाई मांग

प्रधान एसोसिएशन ब्लॉक गोपालपुर ने सरकार व प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित होने की गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश नेगी, सचिव सुरेश ठाकुर और मुख्य सलाहकार एडवोकेट नरेश शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा हाल ही में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पारित आदेशों से मनरेगा व 15वें वित्त आयोग से डंगे रास्ते व मनरेगा से एक समय में 20 कार्य ही करने के आदेश पारित करके विकास कार्यों पर रोक लगने से ग्रामीण स्तर पर समस्याएं बढ़ रही हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि अब तक मनरेगा के तहत पंचायतों द्वारा आंतरिक सड़कों का निर्माण, डंगे, रास्ते, नालियां, सामुदायिक भवनों की मरम्मत व अन्य विकास कार्य करवाए जाते थे, जिससे गांवों में रोजगार भी मिलता था और ढांचागत विकास भी होता था, लेकिन पंचायती राज विभाग ने आदेश पारित किए हैं कि ऐसे कार्य मनरेगा के तहत नहीं किए जाएंगे, बल्कि मनरेगा में केवल सीमित प्रकार के कार्य ही स्वीकृत होंगे। एसोसिएशन ने आशंका जताई कि इससे ग्रामीणों के रोजगार के अवसर कम होंगे और पंचायतों का विकास ठप हो जाएगा। इसी तरह 15 वें वित्त आयोग की राशि से पंचायतों द्वारा पानी से जुड़े कार्य जैसे पेयजल टंकियां, नलियां, कुहले और अधूरे प्रोजेक्ट पूरे किए जाते थे, लेकिन अब यह राशि जल शक्ति विभाग को सौंपने के आदेश पारित कर दिए गए हैं। प्रधान एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह से मांग की है कि विभागीय आदेशों को तुरंत निरस्त किया जाए ।

---

# नवाचार एवं सशक्तिकरण मेला धूमधाम से संपन्न

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर के मिनी सचिवालय परिसर में 'नवाचार एवं सशक्तिकरण मेला' का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना, उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना और उन्हें आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना था।

मेले में कुल 15 स्टॉल लगाए गए। इनमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार विविध उत्पाद प्रदर्शित किए। खाद्य सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, परंपरागत सामान, ऊनी कपड़े और


महिला स्व-सहायता समूहों के साथ जीवन ठाकुर।

हस्तशिल्प उत्पाद लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करते रहे। स्थानीय नागरिकों ने इन स्टॉलों से उत्साहपूर्वक खरीदारी की और महिला उद्यमियों का हौसला बढ़ाया। उन्नत भारत अभियान भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जोड़ा गया है। मेले में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी जीवन ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और महिला उद्यमियों से बातचीत कर उनकी मेहनत और लगन की सराहना की।

जीवन ठाकुर ने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी पहचान मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मेले को सफल बनाने में उन्नत भारत अभियान और नवाचार प्रकोष्ठ की टीम का विशेष योगदान रहा।

---

# जीएसटी में जनता को राहत और अर्थव्यवस्था को मिली गति : राकेश

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



**मंडी।** भाजपा के विधायक एवं प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में लागू किए गए जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 को ऐतिहासिक प्रभाव वाला सुधार बताया।

उन्होंने कहा कि यह सुधार जनता को सस्ती वस्तुएं उपलब्ध कराने, उद्योग जगत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला साबित होगा। जमवाल ने कहा कि जीएसटी सुधारों के इस नए चरण में कर ढांचे को और सरल किया गया है। अब सामान्य उपभोक्ता के लिए जरूरी सामान कम दाम पर उपलब्ध होगा।

विशेष रूप से घरेलू सामान, ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर टैक्स घटने से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। कर दर घटने से निर्माण कार्य सस्ता होगा। इसका सीधा लाभ ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को मिलेगा, क्योंकि हर जगह सीमेंट की बड़ी खपत होती है।

---

# देव बरनाग करेंगे प्राकृतिक आपदा निवारण के लिए अनुष्ठान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जनपद की देव परंपरा में एक बार फिर ऐतिहासिक क्षण आने वाला है। स्नोर घाटी के प्रमुख देवता श्री देव बरनाग ऋषि, पराशर ऋषि के विशेष आमंत्रण पर आगामी 5 सितंबर, 21 भादो को मंडी रियासत के भंडार गांव बांदी स्थित पराशर ऋषि की मूल कोठी में पधारेंगे।

यह यात्रा देव रीतियों और नीतियों के तहत संपन्न होगी, जिसका उद्देश्य हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से क्षेत्र को मुक्ति दिलाना है। तीर्थराज ठाकुर पुजारी श्री देव पराशर ने बताया कि देव बरनाग रात्रि को जाग में भाग लेंगे और इसके अगले दिन



प्रात:काल विशेष देव अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे। यह आयोजन पराशर ऋषि की मूल कोठी, भंडार गृह में संपन्न होगा, जिसमें देव रीतियों के अनुसार विशेष पूजा और अनुष्ठान संपन्न होंगे। देव बरनाग को पराशर महाराज का संकट मोचन माना जाता है। रियासत काल में जब-जब मंडी रियासत पर संकट आया, देव बरनाग ने पराशर ऋषि के निर्देशानुसार हर बार समाधान किया।

पराशर ऋषि को मंडी रियासत और मंडी राजघराने का कुलदेव माना जाता है। सदियों से यह विश्वास रहा है कि वे न केवल राजघराने, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र की रक्षा करते हैं और देव परंपरा के माध्यम से समाज को संकट से उबारते हैं। इस ऐतिहासिक देव समागम को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं और देव प्रेमियों में गहरी आस्था और उत्साह का माहौल है।

---

# चौक पंचायत का जाजर गांव खतरे में

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** चौक पंचायत के जाजर गांव में 3 दिन से भारी बरसात से मंगलवार रात को अनुसूचित जाति के पांच परिवारों प्रदीप कुमार, ज्ञान चंद, हरि राम, राकेश कुमार(सोनू), कालू राम के घर में दरारे आ गई, जिस कारण कुछ लोग दरारों वाले घर में रहने को मजबूर हैं और कुछ आसपास पड़ोसियों और रिश्तेदारों के घर रह रहे हैं।

पंचायत प्रधान और पटवारी मौके पर आ चुके हैं और प्रभावितों को कहा है कि सरकाघाट से राहत सामग्री ले सकते हैं। प्रभावित लोगों ने प्रशासन और विधायक से संभव मदद की करने की गुहार लगाई हैं।

---

# एचआरटीसी ने शुरू की नई विज्ञापन सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

▶ सरकारी विभागों व निजी उद्यमों को प्रचार का मिलेगा किफायती मंच

एचआरटीसी ने सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और निजी उद्यमों को प्रचार का सुलभ माध्यम उपलब्ध करवाने की दिशा में नई पहल शुरू की है। निगम ने इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों से जारी थर्मल पेपर टिकटों, पीडीएफ ई-टिकटों और मोबाइल एप्लीकेशन पर विज्ञापन की सुविधा आरंभ कर दी है।

मंडी मंडल के मंडलीय प्रबंधक उत्तम सिंह ने कहा कि एचआरटीसी की यह पहल संसाधनों के प्रभावी उपयोग, जन जागरूकता और आर्थिक सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। निगम का विस्तृत परिवहन नेटवर्क प्रतिदिन लगभग 5 से 6 लाख यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है। यह सुविधा विज्ञापनदाताओं को सीधे बड़े वर्ग तक पहुंच का अवसर देगी। सरकारी विभाग इस माध्यम से अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर सकेंगे, वहीं निजी कंपनियां भी अपने उत्पादों और सेवाओं को बड़े स्तर पर प्रस्तुत कर पाएंगी। मंडलीय प्रबंधक ने बताया कि विज्ञापन टिकट के ऊपरी व निचले हिस्से पर, पीडीएफ ई-टिकट पर, मोबाइल ऐप के पुश नोटिफिकेशन के रूप में और थर्मल पेपर रोल के पीछे की ओर प्रकाशित किए जा सकेंगे। मोबाइल ऐप पर 15 सेकंड का पूर्ण स्क्रीन विज्ञापन प्रदर्शित होगा, जिसे यात्री 5 सेकंड के बाद बंद कर सकेंगे।

उत्तम सिंह ने कहा कि विज्ञापन की दरें भी बजट-अनुकूल रखी गई हैं। अधिक जानकारी महाप्रबंधक एचआरटीसी शिमला से ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। मंडी, कुल्लू, सुंदरनगर, सरकाघाट, धर्मपुर और केलांग स्थित निगम के कार्यालयों से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

---

# हड़सर गुलेला में दस दिन से पेयजल संकट, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के हड़सर गुलेला गांव में पिछले दस दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। गांव में लगे नल शोपीस बनकर रह गए हैं।

स्थानीय लोगों में पूर्व वार्ड पंच अशोक कुमार, कृष्ण चंद, दूनी चंद, दिले राम, चंद्र मनी, कर्म सिंह, अरुण, हेत राम, कर्म चंद, गुलशन , खेम चंद सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि उठाऊ पेयजल योजना हड़सर गुलेला की मोटर पिछले दस दिनों से खराब पड़ी है, लेकिन जल शक्ति विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। ग्रामीणों ने बताया कि वे मजबूरी में इन दिनों बारिश का गंदा पानी पी रहे हैं।

उन्होंने जल शक्ति विभाग से शीघ्र मोटर दुरुस्त कर पर्याप्त व स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है। इस बारे में सहायक अभियंता बलद्वाड़ा दीपक वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि हड़सर गुलेला गांव के लिए नई मोटर आ गई है। मौसम खराब होने के कारण इसे नहीं लगा पा रहे हैं, जैसे ही मौसम ठीक होता है, तो नई मोटर को लगा कर लोगों को पर्याप्त पानी की सप्लाई दी जाएगी।

---

# सेवा भारती सरकाघाट का चुनाव 6 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा भारती सरकाघाट का चुनाव 6 सितंबर को सेवा भारती कार्यालय सरकाघाट में आयोजित होगा। यह चुनाव सरकाघाट व धमपुर उपमंडलों के विभिन्न क्षेत्रों के लिए सदस्यता लेकर सदस्य बने कार्यकर्ताओं की भागीदारी से संपन्न होगा। सेवा भारती प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री जैसे किट, बर्तन, कंबल, दरी, कपड़े और राशन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करेगी। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री राकेश शंभो और राजकमल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

---

**समस्या** | भुगतान न होने से घर चलाना हुआ मुश्किल, आर्थिक स्थिति डगमगाई

# दो माह से दूध की पेमेंट अटकी, किसान परेशान

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** गोहर उपमंडल के स्यांज व ग्वाड़ पंचायत से चक्कर मिल्क प्लांट में दूध आपूर्ति कर रहे किसानों को करीब दो महिनों से अभी तक पैसों का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे क्षेत्र के डेयरी उत्पादक बेहद परेशान हैं।

स्थानीय डेयरियों द्वारा समय पर भुगतान न किए जाने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। ग्राम पंचायत गवाड़ के उपप्रधान धर्मेंद्र कुमार बताते हैं कि दो महीने से किसान दूध सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन अब तक एक रुपया भी नहीं मिला। घर का खर्च


दो महीनों से दूध की पेमेंट अटकने पर परेशान गोहर उपमंडल के किसान।

चलाना मुश्किल हो गया है। कुछ किसानों ने बताया कि उन्होंने पशु चारा उधार लेकर खरीदा था, लेकिन अब दुकानदार भी बकाया चुकाने का दबाव बना रहे हैं।

ग्वाड़ पंचायत के किसानों दिनेश कुमार, चतर सिंह, धर्मेंद्र, लालमन, ललित कुमार व डोले राम ने बताया कि दूध का पैसा समय पर न मिलने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी किसानों ने सरकार से मांग की है कि बकाया राशि को जल्द से जल्द जारी कर किसानों तक पहुंचाया जाए। किसानों का आरोप है कि डेयरी संचालक समय पर भुगतान का वादा करते हैं, लेकिन हर बार तारीख आगे बढ़ा दी जाती है। जब इस विषय में डेयरी प्रबंधक से बात की गई तो उनका कहना था कि उच्च स्तर से फंड नहीं आया है, जैसे ही पैसा प्राप्त होगा, किसानों को भुगतान कर दिया जाएगा।

इस बारे में जब चक्कर मिल्क प्लांट के चेयरमैन बुद्धि सिंह से बात की गई तो उन्होंने भी माना कि दो माह से दूध की पेमेंट लंबित है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर सरकार से बात हो चुकी है और आगामी दो दिनों के भीतर किसानों को यह राशि भेज दी जाएगी।

---

# कैप्टन रोशन लाल का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सरकाघाट तहसील के एक सम्मानित सपूत कैप्टन रोशन लाल का शिमला में इलाज के दौरान निधन हो गया। 75 वर्षीय कैप्टन रोशन लाल के निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कैप्टन रोशन लाल राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी रहे।

सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा समाजसेवा और गांव के विकास कार्यों को समर्पित किया। वे वार्ड सदस्य भी रहे और हमेशा लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर हते थे। उनके अंतिम संस्कार में लीग के सीनियर वाइस चेयरमैन हुकम चंद, कैप्टन अनिल, सूबेदार मेजर बड़ादेव, सूबेदार मेजर रविंद्र चौहान, नायन एवं अच्छर गुलेरिया, राजकुमार, रतन वर्मा सहित अनेक भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लेकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। विधायक दिलीप ठाकुर सहित आदि ने भी शोक जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 सितंबर तक जमा करें बिजली के बिल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** चौकीमन्यार विद्युत उपमंडल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अगस्त माह का लंबित बिजली बिल 10 सितंबर तक हर हाल में जमा करवा दें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा के बाद बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह सूचना सहायक अभियंता ई. सुनील कुमार शर्मा की ओर से जारी की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल अदा कर सहयोग करने की अपील की है।

### चंबा बाढ़ प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा की अगुवाई में भाजपा मंडल गगरेट एवं भाजपा मंडल दौलतपुर चौक ने आपदा प्रभावित चंबा जिले के बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए 40 किट राहत सामग्री रवाना की। इस राहत सामग्री में आटा, चावल, सरसों का तेल, रिफाइंड, दालें, चीनी, चाय पत्ती और मसाले जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं शामिल रहीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में हर किसी का कर्तव्य है कि वह मानवता के नाते जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में किसी ने अपना घर खो दिया है तो किसी ने अपना परिजन, ऐसे कठिन समय में पीड़ितों का सहारा बनना ही सबसे बड़ा धर्म है। चैतन्य शर्मा ने कहा कि भलाई की कोई सीमा नहीं होती और जब भी इंसानियत पुकारे तो मदद की जानी चाहिए। गौर रहे कि इस राहत सामग्री में सरला देवी वासी नंगल जरियाला का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अकेले 20 किटें उपलब्ध करवाईं।

### राजपूत कल्याण बोर्ड के सदस्य किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** प्रदेश सरकार द्वारा गठित किए गए हिमाचल प्रदेश राजपूत कल्याण बोर्ड में विधानसभा क्षेत्र गगरेट को भी प्रतिनिधित्व मिला है। यहां के तीन राजपूत नेताओं को बोर्ड का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किया गया है। राजपूत कल्याण बोर्ड में दियोली से पंचायत समिति सदस्य अनिल डढवाल, अंबोटा से पूर्व जिला परिषद सदस्य अश्विनी ठाकुर व सलोह बैरी से देवेंद्र पाल सिंह को बोर्ड में स्थान मिला है। राजपूत नेताओं ने बोर्ड का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया है। नव मनोनीत सदस्यों अनिल डढवाल, अश्विनी ठाकुर व देवेंद्र पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में राजपूत समुदाय की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने के लिए राजपूत कल्याण बोर्ड का गठन कांग्रेस की देन है और वे आभारी हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राजपूत कल्याण बोर्ड का गठन किया है।

### सौंदर्य प्रतियोगिता में चलेट की जानवी को रनरअप ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के चलेट गांव (वार्ड नंबर-2) की बेटी जानवी पुत्री जीवन सिंह ने अपनी प्रतिभा के दम पर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हाल ही में चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में मुबारका इन्वेस्ट एंड एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित मिस्टर, मिस एवं मिसेज़ हिमाचल सौंदर्य प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कड़े मुकाबले में जानवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वीं पोजिशन हासिल की और रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे गगरेट क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा व दौलतपुर मंडल ने जानवी को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर चैतन्य शर्मा ने उन्हें पारंपरिक टोपी और शाल भेंट की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गगरेट क्षेत्र की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और जानवी जैसी प्रतिभाशाली युवतियां न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा रही हैं। अपनी सफलता पर उत्साहित जानवी ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता और भाई के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना है कि मॉडलिंग और एक्टिंग के क्षेत्र में करियर बनाकर हिमाचल का नाम रोशन करें। जानवी की इस उपलब्धि पर चलेट गांव सहित पूरे गगरेट क्षेत्र में जश्न का माहौल है और ग्रामीणों ने भी उन्हें दिल से बधाई दी है।

### प्रभावित किसानों को मुआवजा दे सरकार : राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** प्रदेश में आई प्रलंयकारी आपदा के बीच किसानों को हुए फसलों के नुकसान के चलते प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार से फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों व बागवानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी में विशेष स्थान रखने वाले किसान-बागवान बरसात की मार से टूट गए हैं। अगर सरकार ने इस मुश्किल घड़ी में उनका हाथ न थामा तो कई किसान-बागबान कर्जदार हो जाएंगे। यही नहीं बल्कि कई किसानों के पास तो इतना पैसा भी नहीं बचा कि वे रबी की फसल की बिजाई कर सकें। यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में राजेश ठाकुर ने कहा कि ऊना जिले को प्रदेश का कृषि प्रधान जिला कहा जाता है। यहां के ज्यादातर लोग खेतीबाड़ी पर ही निर्भर हैं। प्रचंड बरसात ने जहां कई लोगों के आशियाने उजाड़ दिए हैं तो किसानों को भी इसकी मार पड़ी है। खरीफ की खड़ी फसलें खेतों में ही उजड़ गई हैं। नकदी फसल के रूप में सब्जियों का उत्पादन करने वाले किसानों को भी इसकी मार झेलनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि बेशक कृषि विभाग जिला ऊना में हुए फसलों के नुकसान का आकलन अपने स्तर पर कर रहा है, लेकिन राजस्व महकमे ने अभी तक इसका आकलन करना शुरू नहीं किया है। राजस्व विभाग फसलों को हुए नुकसान का तभी आकलन करेगा, यदि प्रदेश सरकार विशेष गिरदावरी की अधिसूचना जारी करे और राजस्व विभाग की गिरदावरी के बिना किसानों को उनकी फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा मिलना मुमकिन नहीं है। ऊना जिले में किसानों को दो-दो फसलों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में प्रदेश सरकार तत्काल विशेष गिरदावरी की अधिसूचना जारी करे ताकि किसानों को फसलों के हुए नुकसान का उचित मुआवजा मिल सके।

## सरकार आपदा पीड़ितों को राहत देने में असफल, छिपा रही आंकड़े : कंवर



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के प्रभावित इलाकों का जायजा लिया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश में आई भीषण आपदा ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। ऊना जिले की कुटलैहड़ विधानसभा भी इस तबाही से अछूती नहीं रही। यहां कई परिवार बेघर हो गए हैं, लोगों की वर्षों की मेहनत से बनी जमीन और फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इसी बीच कुटलैहड़ से पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर लगातार प्रभावित क्षेत्रों में डटे हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं और कुटलैहड़ सेवा संगठन के साथ मिलकर वे पीड़ित परिवारों तक आर्थिक मदद, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचा रहे हैं।

कंवर ने रायपुर मैदान क्षेत्र के अंदरोली, दोबड़ और परोइयां गांवों का दौरा कर कहा कि प्रदेश सरकार वास्तविक हालात से मुंह मोड़ रही है। सरकार कह रही है कि केवल 50-60 फीसदी फसलें खराब हुई हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि किसान की मेहनत की 100 फीसदी फसल तबाह हो चुकी है। यह सरकार आंकड़े छुपाकर जनता को धोखा दे रही है।

**ये रखी मांगें :** मनरेगा के तहत डंगे बनाने की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख की जाए और इसकी स्वीकृति शक्ति सीधे ग्रामसभा को दी जाए, जिनके मकान पूरी तरह असुरक्षित या गिर चुके हैं, उन्हें कम से कम 10 लाख रुपये की राहत दी जाए, जिन किसानों की जमीन बह गई है, उन्हें सरकार किसी सुरक्षित जगह पर नई जमीन आबंटित करे।

कंवर ने कहा कि यह वक्त फाइलों में आंकड़े छुपाने का नहीं, बल्कि लोगों के आंसू पोंछने का है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत राहत देने के ठोस कदम नहीं उठाए तो जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, मैं पूरे कुटलैहड़ के लोगों के साथ खड़ा हूं। वहीं, थानाकलां से परोइयां जाने वाली सड़क पूरी तरह से बंद है और वीरेंद्र कंवर कार्यकर्ताओं के साथ नाव के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं।

# कांगड़ा बैंक निदेशक मंडल के चुनाव की सरगर्मियां तेज

## ऊना जिले के तीन जोन के लिए आए सात नामांकन

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अंब जोन के लिए एक उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ

**ऊना।** ऊना जिले में कांगड़ा बैंक निदेशक मंडल के चुनावों के लिए बिसात बिछनी शुरू हो गई है। इस सिलसिले में प्रदेश के कुल 16 जोन में से ऊना जिले के 3 जोन शामिल हैं। ऊना जिले के तीन जोन के चुनाव हमेशा चर्चित भी रहे हैं। यहां से पूर्व में सदर के विधायक स्व. वीरेंद्र गौतम बैंक के चेयरमैन रह चुके हैं। अब फिर से इस जंग में कांग्रेस और भाजपा परदे के पीछे पुरानी भूमिका में हैं। हालांकि यह चुनाव किसी पार्टी सिंबल पर नहीं होते, लेकिन सरकार की प्रतिष्ठा के साथ जुड़े होते हैं। जिले में तीनों जोन में चुनाव रोचक स्थिति में हैं। नामांकन की तिथि के दूसरे दिन तक तीन जोन से 7 नामांकन दाखिल हुए हैं। नामांकन के लिए सप्ताह भर का समय दिया गया है।

उम्मीदवार 19 सितंबर को नामांकन वापस ले सकते हैं। 29 सितंबर को यह चुनाव निर्धारित किया गया है। इस चुनाव के लिए अंब जोन में 103 मतदाता पंजीकृत हैं, ऊना के लिए 92 जबकि गगरेट के लिए 101 मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। जिले की विभिन्न सहकारी सभाएं एक डेलीगेट को मताधिकार का अधिकार देती हैं। सहकारिता के क्षेत्र में होने वाले इस प्रमुख चुनाव में सरकार का ही दबदबा रहता रहा है। अंब जोन में चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की सहकारी सभाएं शामिल हैं जबकि गगरेट में गगरेट की अधिकांश सहकारी सभाएं हैं। इसके अलावा ऊना में ऊना और हरोली की सहकारी सभाएं शामिल हैं।

ऊना जिले में अगर रोचक मुकाबला होगा तो ऊना जोन का होगा। इसमें ऊना के विधायक सतपाल सत्ती की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। हालांकि यहां हरोली से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और ऊना से सतपाल रायजादा की प्रतिष्ठा भी जुड़ी होगी। इस सीट से ही पूर्व में स्व. पूर्व विधायक वीरेंद्र गौतम चेयरमैन भी रह चुके हैं। हालांकि पिछली बार के निदेशक बलवंत सिंह जो भाजपा समर्थित रहे हैं उन्होंने फिर ताल ठोंकी है। अभी तक उनके मुकाबले हरपाल मैदान में आए हैं।

गगरेट की बात करें तो यहां भी भाजपा समर्थित निदेशक रहे पवन कुमार लंबरदार ने इस बार भी नामांकन दाखिल किया है। अब देखना है कि उनके मुकाबले सर्वजीत सिंह और अजय पाल सिंह हैं। अब दो उम्मीदवार अभी तक भाजपा की ओर से चुनाव मैदान में आ गए हैं। यहां विधायक राकेश कालिया की प्रतिष्ठा दांव पर होगी, जबकि भाजपा के चैतन्य शर्मा और राजेश ठाकुर भी चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों में समझौता करवाकर उम्मीद की किरण जगा सकते हैं। उधर, कुटलैहड़ में अगर पुराने इतिहास को देखें तो सत्तासीन पार्टी का समर्थित उम्मीदवार जीत का स्वाद चखता रहा है।

इस दफा यहां पहले निदेशक रहे कैप्टन प्रीतम सिंह मैदान में अभी नहीं आए हैं। यहां कांग्रेस ने अपने समर्थित उम्मीदवार अशोक कुमार को मैदान में उतारा है। राज्य सहकारी कर्मचारी संघ का भी उन्हें समर्थन होने के साथ-साथ चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा का आशीर्वाद भी है। ऐसे में उनके समर्थक अभी से जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिखे हैं। हालांकि यहां बंगाणा से विजय कुमार का भी नामांकन दाखिल हुआ है। बताया जा रहा है कि विजय कुमार को एक भाजपा नेता का समर्थन है। कुल मिलाकर इस चुनाव में भी सत्ता का प्रभाव देखा जाएगा। सत्तासीन पार्टी से समर्थन लेने वाले उम्मीदवारों को काफी उम्मीद होगी।

## राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से भी जुड़े हुए हैं चुनाव, जोड़-तोड़ में जुटे

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

द कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल चुनाव के लिए नामांकन-पत्र प्रक्रिया शुरू होते ही चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई हैं। गगरेट जोन से भी तीन प्रत्याशियों ने नामांकन-पत्र दाखिल करके अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। हालांकि नामांकन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 सितंबर तक है, लेकिन 6 सितंबर के बाद श्राद्ध पक्ष शुरू हो जाने के चलते प्रत्याशियों ने अभी ही नामांकन-पत्र दाखिल करने में भलाई समझी है। गगरेट जोन से 101 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे और उन्नतीस सितंबर को सुबह दस बजे से लेकर तीन बजे तक मतदान होगा और इसी दिन चुनाव परिणाम घोषित हो जाएगा।

इस बार द कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निवर्तमान निदेशक पवन नंबरदार फिर से किस्मत आजमा रहे हैं। वह दो बार निदेशक रह चुके हैं और गगरेट भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। वीरवार को पवन नंबरदार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वीरवार को ही कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार अजयपाल सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अजयपाल सिंह कलोह पंचायत के उपप्रधान हैं और कांग्रेस नेता हैं। हालांकि इस चुनाव में सहकारी सभाएं कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रहे सर्वजीत सिंह ने भी नामांकन पत्र दाखिल करके इस चुनाव को रोचक बना दिया है। माना जा रहा है कि गगरेट जोन से तीन प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में रहेंगे। हालांकि 15 सितंबर को नामांकन-पत्रों की छंटनी की जाएगी और सोलह सितंबर को आब्जेक्शन लिए जाएंगे।

17 सितंबर को आब्जेक्शन पर निर्णय सुनाया जाएगा। 18 सितंबर को नामांकन-पत्र वापस लिए जा सकेंगे, जबकि 19 सितंबर को प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट जारी होगी। 27 सितंबर को प्रचार थमेगा और 29 सितंबर को मतदान के बाद दोपहर बाद तीन बजे मतगणना शुरू होगी। जाहिर है कि द कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल का चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा हुआ है। यही वजह है कि अंदरखाते राजनीतिक दल भी जोड़तोड़ में जुटे हुए हैं। गगरेट जोन से रिटर्निंग अफसर उमेश कुमार ने बताया कि अब तक तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 19 सितंबर को ही पता चलेगा कि कितने प्रत्याशी मैदान में हैं।

## पढ़ाई का शेड्यूल बिगड़ने पर भड़के अभिभावक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**बोले-पहले की तरह बरसात में की जाएं छुट्टियां**

जिले में गर्मी की छुट्टियों के बाद अब लगातार भारी बरसात के कारण स्कूलों में आपदा को देखते हुए छुट्टियां घोषित हो रही हैं। अभिभावकों ने इस पर कड़ा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि जिले के मौसम को देखते हुए छुट्टियां बरसात के मौसम में ही घोषित की जानी चाहिएं। कुछ वर्ष पहले यही व्यवस्था लागू भी थी, लेकिन अब सरकार और शिक्षा निदेशालय ने इसमें बदलाव कर दिया है।

अधिकांश अभिभावकों का कहना है कि गर्मियों में एक माह की छुट्टियों के बाद बरसात में भी हर सप्ताह दो से तीन दिन स्कूल बंद हो रहे हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। वहीं, उपनिदेशक जिला प्रारंभिक शिक्षा विभाग सोमलाल धीमान ने बताया कि स्कूलों में छुट्टियों से संबंधी निर्णय सरकार और निदेशालय स्तर पर लिए जाते हैं। भविष्य में यदि इस नीति में कोई बदलाव होता है तो उसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। अभिभावकों में राजेश कुमार, सुमन देवी, अजय कुमार और संजीव जसवाल का कहना है कि बरसात के समय ही छुट्टियां रखना सही होगा, क्योंकि इस दौरान कई स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ऐसे में बच्चों को कक्षाओं में बैठाना जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में उतनी परेशानी नहीं होती, जितनी बरसात में झेलनी पड़ती है।

उनका कहना है कि रोजाना बच्चों को जोखिम में डालना संभव नहीं है। कई बार तो मजबूरी में माता-पिता को ही बच्चों को स्कूल भेजने से रोकना पड़ता है। जबकि ऐसी स्थिति गर्मियों में नहीं आती। उन्होंने मांग की कि सरकार और शिक्षा निदेशालय को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इन लोगों ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में आपदा जैसी स्थिति बनी हुई है, ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों का निर्णय जल्दबाजी में लिया गया प्रतीत होता है। परिणामस्वरूप पिछले तीन माह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि निजी स्कूल फीस पूरी वसूल रहे हैं।

जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान राकेश चंद्र शर्मा का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए गर्मियों के बजाए बरसात में छुट्टियां तय करना अधिक उपयुक्त रहेगा। बरसात में बच्चों के साथ अध्यापकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और कई बार स्कूल पहुंचना तक संभव नहीं होता। सरकार को इस मामले पर निश्चित रूप से ठोस निर्णय लेना चाहिए।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा गुरु होना जरूरी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

शिक्षक दिवस पर छोटे से गांव की बेटी मानसी राणा ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई दी। मानसी राणा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल की दस जमा दो की छात्रा है। मानसी राणा ने 2023 से स्कूल स्तर से खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेना शुरू किया था। वह थ्रो बाल खेलकूद प्रतियोगिता में तीन बार हिमाचल प्रदेश टीम की कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व कर चुकी है और उसने अपने स्कूल, माता-पिता क्षेत्र के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया था। इसके लिए मानसी राणा को दो बार राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार, एक बार राष्ट्रीय एकता पुरस्कार सहित एक बार प्राइड ऑफ भारत अवॉर्ड सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।



मानसी राणा ने सभी खेलकूद प्रतियोगिताओं की उपलब्धि पर पहुंचाने का सारा श्रेय ऊना जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल के डीपीई ग्राउंड व कबड्डी कोच रजनीश ठाकुर को दिया है। मुझे समय-समय पर एक अच्छी स्टूडेंट्स, बेटी तथा एक अच्छे खिलाड़ी की तरह मोटीवेशन किया है, जिससे मुझे बढ़िया प्रदर्शन करने का हौसला मिला है। आज शिक्षक दिवस पर वह बधाई के पात्र हैं।

## ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के विवेक बने सदस्य

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार द्वारा ब्राह्मण कल्याण बोर्ड में विवेक मिंका को प्रदेश का सदस्य बनाए जाने पर जिले में खुशी की लहर और सरकार के इस कदम को लोगों ने पूरी सराहना की है क्योंकि विवेक मिंका हमेशा जन कल्याण और धार्मिक स्थान में अपनी अग्रणी भूमिका हमेशा निभाते आ रहे हैं, खासकर युवा ब्राह्मण वर्ग में इस बात की ज्यादा खुशी की लहर है क्योंकि युवाओं में गहरी पैठ रखने वाले व्यक्तित्व के धनी के युवाओं में धार्मिक कार्यों में प्रवृत्त करने में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने अपने नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक विवेक शर्मा आदि का आभार प्रकट किया है।



## डीसी ने हरोली ब्लॉक में विकास कार्य जांचे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के डीसी जतिन लाल ने वीरवार को हरोली ब्लॉक के तहत विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने छेत्रां पंचायत में लगभग 69 लाख की लागत से बन रहे पंचायत भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां 25 लाख की लागत से विकसित किए जा रहे अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया और इसे अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए।

**गोंदपुर जयचंद में जिम सुविधा :** उपायुक्त ने गोंदपुर जयचंद स्थित सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते हुए पाया कि भवन में आंशिक रूप से जिम के कुछ उपकरण पहले से मौजूद हैं। इस पर उन्होंने बीडीओ हरोली को सामर्थ्य योजना के तहत एक पूर्ण जिम सुविधा स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय युवा इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर बीडीओ हरोली राजेश्वर भाटिया, छेत्रां के प्रधान विक्की राणा, गोंदपुर जयचंद पंचायत के प्रधान अनुप अग्निहोत्री, जेई अमनदीप शारजा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## कुटलैहड़ में प्रभावितों के आंसू पोंछने पहुंचे विधायक

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ धार क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश और भूस्खलन ने कई गांवों में तबाही मचा दी है। घरवासड़ा, चंगर, परोरियां और दोबड़ जैसे गांवों के सौ से अधिक परिवार बेघर हो गए हैं। इस आपदा के बाद विधायक विवेक शर्मा स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे।

उन्होंने न सिर्फ राहत सामग्री जैसे राशन, तरपाल और बर्तन किट बांटी, बल्कि हर परिवार को गले लगाकर ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार विधायक से मिलकर भावुक हो उठे और फूट-फूटकर रो पड़े। विधायक ने कहा कि मैं आपका बेटा बनकर सेवा करूंगा, यह राजनीति का समय नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुरक्षित स्थानों पर जल्द पक्के मकान बनाए जाएंगे और पुनर्वास की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद को भोजन, पानी और दवाइयों की व्यवस्था तुरंत मुहैया कराई जाए।



आपदा प्रभावितों का दुख-दर्द सुनते कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा।

### आपदा प्रभावितों को दी फौरी राहत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत घरवासड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से कई परिवार प्रभावित हुए। इस दुखद परिस्थिति में क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने राहत एवं सहायता कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर न केवल संवेदनाएं व्यक्त कीं, बल्कि ठोस राहत सामग्री भी उपलब्ध करवाई। विधायक विवेक शर्मा ने आपदा से प्रभावित पांच परिवारों को दस-दस हजार रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की। इसके अलावा, 50 परिवारों को राशन किट वितरित की गईं, साथ ही, ठंड और बरसात के मौसम को देखते हुए 20 परिवारों को गद्दे, कंबल एवं अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस मानवीय पहल ने प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत दी है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि रामगढ़धार के घरवासड़ा, रायपुर चुरड़ी सहित कई अन्य गांवों में भारी बारिश और भूस्खलन से दर्जनों परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। इसके लिए प्रशासन के सहयोग से राधा स्वामी सत्संग घर एवं रेस्ट हाउस घरवासड़ा में विशेष रिलीफ कैंप स्थापित किए गए हैं। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, स्थानीय प्रधान कर्ण ठाकुर, वीडीसी सदस्य अच्छरो बीबी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

## प्राकृतिक खेती को नया आयाम देगी 'हिम उन्नति योजना'

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**प्रदेश के 50 हज़ार किसान होंगे लाभान्वित**

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को सशक्त करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 'हिम उन्नति योजना' की शुरुआत की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 150 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है और इसे चरणबद्ध ढंग से लागू किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य कृषि में समेकित विकास, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और युवाओं के लिए कृषि-आधारित स्वरोज़गार के नए अवसर सृजित करना है।

कृषि विभाग के अनुसार योजना के तहत प्रदेश में 40 बीघा या उससे अधिक कृषि भूमि वाले 1239 क्लस्टर्स की पहचान की गई है। इनमें प्रदेश के 50 हजार किसानों को शामिल करते हुए 2600 किसान समूहों के गठन का लक्ष्य रखा गया है।

**ऊना जिले में नए क्लस्टर्स बनाने पर फोकस :** कृषि विभाग ऊना के उप निदेशक कुलभूषण धीमान बताते हैं कि जिले में योजना के तहत कृषि क्लस्टर्स का गठन किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए 33.50 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। वर्ष 2023-24 में 100 किसान समूहों का गठन किया गया था। 2024-25 में 10 नए क्लस्टर्स की कार्य योजना उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। इन प्रयासों से किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, विपणन सहयोग और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**मुख्यमंत्री का विजन-किसान की तरक्की में प्रदेश की तरक्की :** मुख्यमंत्री सुक्खू की यह सोच रही हैकि प्रदेश की असली तरक्की तभी संभव है, जब किसान समृद्ध और सशक्त हों। यही कारण है कि उनकी नीतियों में किसानों की आय बढ़ाना और खेती को लाभकारी बनाना सबसे बड़ी प्राथमिकता के रूप में उभरता है।

**प्रशासन के प्रयास :** उपायुक्त ऊना जतिन लाल का कहना है कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि राज्य सरकार की योजना का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचे, जिससे वे आत्मनिर्भर बनें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहयोगी हों।

**गुड न्यूज** मोइन थाना का शुभारंभ, सुरक्षा व्यवस्था में नया अध्याय

## क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** देहरा के एसपी मयंक चौधरी ने वीरवार को मोइन गांव में मोइन थाना का शुभारंभ किया। इस मौके पर थाना प्रभारी संजीव कुमार ने माता की चुनरी और बुके देकर एसपी का सम्मान किया। इसके बाद एसपी ने विधिवत रूप से नवग्रह पूजन और कन्या पूजन कर थाने का शुभारंभ किया। इस मौके पर डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर डीएसपी डाडासीबा राजकुमार , रवि पटियाल चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा ट्रैफिक याद दीपक राणा, समाजसेवी पंकज शर्मा रामधन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**लंबे समय से चली आ रही थी मांग :** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के जसवां-परागपुर और एसडीपीओ डाडासीबा के अंतर्गत आने वाले इस थाने को खोलने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। इससे पहले इस क्षेत्र के लोगों को देहरा थाना जाना पड़ता था, जो कि काफी दूर था। अब क्षेत्र के लोगों को मोइन थाना खुलने से सुविधा होगी।

**10 पंचायतें आएंगी थाना क्षेत्र के अंदर :** मोइन थाना क्षेत्र के अंदर 10 पंचायतें आएंगी, जिनमें गंगोट, कड़ोआ, समनोली, चलाली, उझे खास, स्वाणा, वैह, डोन्टा, न्याड और बगली शामिल हैं। थाना खुलने से इन पंचायतों में पुलिस सुरक्षा बढ़ेगी और लोग अपनी शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे।



पुलिस स्टेशन मोइन के शुभारंभ पर स्टाफ के साथ देहरा के एसपी मयंक चौधरी।

### सुरक्षा व्यवस्था में होगा सुधार

एसपी मयंक चौधरी ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी के स्थान पर हजारों श्रद्धालु आते हैं, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से इस थाने को खोलना जरूरी था। अब मोइन थाना पुलिस व चिंतपूर्णी थाना पुलिस के साथ समन्वय बनाकर स्थानीय लोगों की समस्याओं का निवारण करेगी, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त होगी।

## एनएच-503ए पर बिलग्राम के पास सड़क क्षतिग्रस्त

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** लठियाणी से कुछ ही दूरी पर बड़सर लठियाणी-हमीरपुर मार्ग पर स्थित बिलग्राम गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-503ए पर एक आश्चर्यजनक दृश्य देखने को मिला, जब सड़क का एक हिस्सा अचानक गुब्बारे की तरह फूल गया। इस अप्रत्याशित घटना ने न केवल वाहन चालकों को चौंका दिया, बल्कि राहगीरों में भी असमंजस की स्थिति पैदा कर दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर अस्थायी रूप से कोई भी चेतावनी चिन्ह (बोर्ड) नहीं लगाया गया है, जिससे वाहन चालकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। सड़क के एक हिस्से में उभार आने के साथ ही उसमें दरारें भी उभरने लगीं, जिससे मार्ग और भी खतरनाक हो गया। राहगीरों का कहना है कि सौभाग्यवश, घटना के समय कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन यदि इस पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई , तो गंभीर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।घटना की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि सड़क के फूलने का कारण भू-गर्भीय दबाव, जलभराव या सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की प्रतिक्रिया हो सकती है। इस सड़क को जल्दी से जल्दी इस समस्या का समाधान युद्धस्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए जाएंगे, ताकि यातायात सामान्य रूप से चलता रहे और किसी प्रकार की जनहानि न हो।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस मार्ग पर वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं और विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करें। इस तरह की घटनाएं सड़क निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी पर भी सवाल खड़े करती हैं। अब देखना यह होगा कि विभाग कितनी शीघ्रता और प्रभावशीलता से इस समस्या का समाधान करता है।

## रोहन कालिया ने दिल्ली में संगठन के पदाधिकारियों से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव रोहन कालिया ने वीरवार को अखिल भारतीय यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और महासचिव शिवी सिंह चौहान से उनके दिल्ली निवास में मुलाकात की। इस दौरान रोहन कालिया ने माता चिंतपूर्णी की फोटो और चुनरी देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान रोहन कालिया और उदय भानु चिब ने प्रदेश में यूथ कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। रोहन ने बताया कि यूथ कांग्रेस द्वारा जिला और ब्लॉक स्तर से गांव तक प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है।

उदय भानु चिब और शिवी सिंह चौहान ने रोहन कालिया के पार्टी के प्रति समर्पण और कार्य निष्ठा की सराहना की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विपिन राणा, राजकुमार, जतिन शर्मा आदि उपस्थित रहे। उदय भानु चिब जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं।

# इनर अखाड़ा बाजार में दूसरे दिन भी भूस्खलन, तीन घर जमींदोज

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में भारी बारिश के कारण जगह-जगह तबाही का मंजर है। आपदा और बारिश के कारण भूस्खलन से नुकसान का दौर थमने की बजाए बढ़ता ही जा रहा है।

वहीं, जिला मुख्यालय कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार में दो दिनों में भूस्खलन की दो घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं में लोगों की संपत्ति सहित जानी नुकसान भी हुआ है। जिला मुख्यालय कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार में वीरवार सुबह भूस्खलन ने रिहायशी मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं, इस घटना से छह के करीब लोग भूस्खलन की चपेट में आने से दब गए, जिन्हें ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। घटना सुबह लगभग साढ़े छह बजे घटी। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम, एनडीआरएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, पुलिस, होम गार्ड तथा अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। मलबे से चार लोगों को बाहर निकाला गया, जिनमें एक मृत पाया गया, जबकि तीन घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया। इनमें से एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। मलबे में दबे 6 लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ तथा अन्य राहत दल के सदस्यों द्वारा युद्धस्तर अभियान चलाया जा रहा है। राहत कार्य, क्षतिग्रस्त भवन के नीचे की ओर से मशीनों की मदद से और ऊपर की ओर मैनुअल तरीके से किया जा रहा है, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा है।

वहीं, कुल्लू के गांधीनगर में भी भूस्खलन के कारण कुछ घरों को नुकसान हुआ है, जबकि तीन चार वाहन भी चपेट में आने से नीचे गिर गए हैं। वहीं, देवधार में 10 घरों को खतरा पैदा हो गया है, जबकि लोरन में भी कई घर खतरे की जद में हैं। इसके अलावा जिले में और भी कई जगह बारिश और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है, जिन घरों को खतरा है, उन्हें प्रशासन की ओर से खाली करवाकर लोगों के रहने व खाने का सुरक्षित स्थानों में इंतजाम किया गया है। वहीं, एक बीते दिन भी भूस्खलन के कारण इनर अखाड़ा बाजार में घर चपेट में आए थे और दो लोग दब गए थे। उस जगह भी दूसरे दिन रेस्क्यू अभियान जारी रहा पर उनका भी कोई सुराग नहीं लग पाया।



इनर अखाड़ा बाजार में भूस्खलन की चपेट में आए घर और सर्च व रेस्क्यू में जुटी मशीनरी।

### खाली करवाए प्रभावित क्षेत्र

**वहीं,** सुरक्षा के मद्देनजर इनर अखाड़ा बाजार का पूरा रिहायशी एरिया सहित मठ के कुछ प्रभावित घरों को खाली करवा दिया गया है। स्थानीय गुरुद्वारे में प्रभावित परिवारों के लिए अस्थायी पुनर्वास केंद्र बनाया गया है, जहां उन्हें भोजन व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### मलबे में दबे लोगों की सूची

**मलबे** में दबे छह लोगों में सुमन देवी पत्नी बलदेव कृष्ण शर्मा और जम्मू-कश्मीर के निवासी हुसैन (45) पुत्र सुलतान, राशिद शेख (47) पुत्र मोहम्द जमाल, गुलगार अहमद (51) पुत्र मोहमद शाह, ताहिर शेख (23) पुत्र वशीर अहमद और सजाद अहमद वाणी (33) पुत्र गलाम अहमद शामिल हैं।

**भूस्खलन** की इस घटना में तीन लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है, जबकि एक की मलबे में दबने से मौत हो गई है और छह लोग अभी भी मलबे में दबे हैं, जिन्हें ढूंढने के लिए लगातार तलाशी अभियान जारी है। प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। लोगों से अपील है कि घरों में सुरक्षित रहें और जिला प्रशासन का सहयोग करें।
**तोरुल एस रवीश, डीसी कुल्लू।**

### ढलान वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील

**बारिश** के चलते भूस्खलन की घटनाओं में वृद्धि होने से जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और ढलान वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। भूस्खलन वाले क्षेत्रों से दूर रहें और जिन रिहायशी क्षेत्रों में भूस्खलन जैसी स्थिति बनी है, ऐसे स्थानों को छोड़ सुरक्षित स्थानों पर शरण लें और किसी भी आपात स्थिति में जिला प्रशासन को सूचित करें।

### रेस्क्यू में बाहर निकाले लोग

**रेस्क्यू** के दौरान चार लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें महराज लोक (30) बांदीपुरा, दुखद मृत्यु हुई है। राधिका (73) पत्नी घनश्याम संख्यान, कमलेश (60) और अभिनव (32) घायलों का क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचार चल रहा है। इनमें गंभीर रूप से घायल अभिनव को उपचार के लिये एम्स बिलासपुर के लिए रेफर किया गया है।

## मलबे में दबी जिंदगी, भारी बारिश के बीच तलाश जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार में भूस्खलन की चपेट में 8 जिंदगियां दबी हैं। मलबे व पत्थरों में दबी जिंदगियों की तलाश करने के लिए हालांकि लगातार प्रयास जारी हैं, लेकिन अभी तक किसी का भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। भारी बारिश के बीच भी सर्च ऑपरेशन जारी है और एनडीआरएफ के जवान जान जोखिम में डालकर युद्धस्तर पर मलबे में दबी जिंदगियों की तलाश कर रहे हैं।

जेसीबी व पोकलेन के माध्यम से भी मलबे व पत्थरों को हटाया जा रहा है, लेकिन उसके बाद भी जहां बीते बुधवार को जहां भूस्खलन हुआ था, वहां दबे दो लोगों को ढूंढने के लिए सुबह से लेकर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। वहीं, दूसरे दिन भी दबे लोगों की तलाश का कार्य जारी रहा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। वहीं, वीरवार को दूसरे दिन वहीं से कुछ दूरी पर फिर से भूस्खलन होने से 10 लोग दब गए, जिनमें से 3 को रेस्क्यू कर उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जबकि एक व्यक्ति की इस घटना में मौत हो गई है और छह लोग अभी तक लापता हैं और मलबे में दबे हैं। इस जगह पर भी सर्च ऑपरेशन वीरवार सुबह से लेकर रात तक जारी रहा, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी।

दोनों हादसों में मलबे की चपेट में ज्यादातर कश्मीर के लोग आए हैं, जिनमें कश्मीर के बेकर अहमद मीर सहित अन्य पांच लोग हैं, जो कि कई सालों से यहां पर कालीन, कंबल बेचने के अलावा कुछ मजदूर थे। वहीं, एक स्थानीय महिला और एक जिला के ब्यास में संबंधित युवक, जो कि एनडीआरएफ में सेवारत था, उसमें दबे हैं। इन सभी 8 लोगों के परिजन व साथियों के आंसू रुक नहीं रहे हैं और कहीं न कहीं अपने अपनों के अभी भी जिंदा होने की उम्मीदें इनमें जिंदा हैं।

### मलबे की ओर टकटकी लगाए बैठे जिगर के टुकड़े को ढूंढती रही पिता की निगाहें

**वहीं,** भूस्खलन में दबे जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा के बेकर अहमद (24) 5 दिन पहले ही कुल्लू आए थे और यहां पर अनहोनी के शिकार हो गए। बेकर अहमद के पिता अब्दुल रसीद मीर की निगाहें दो दिनों से आंखों में आंसू लिए अपने जिगर के टुकड़े को ढूंढ रही हैं। अब्दुल मलबे की ओर टकटकी लगाकर इस उम्मीद से देख रहे हैं कि शायद उनका बेटा मलबे से उठकर कहे कि अब्बू मैं जिंदा हूं। अब्दुल किसी से बात भी नहीं कर रहा बस अकेले में बैठकर सोच में डूबा है शायद यह सोच रहा कि अगर बेकर 5 दिन पहले कुल्लू नहीं आता, तो शायद उसके साथ यह घटना न घटती। रसद रहे कि बेकर अहमद 5 दिन पहले ही कुल्लू आया था और अखाड़ा बाजार में सब्जी मंडी के नजदीक चिकन कॉर्नर में काम करना शुरू किया था। उसने कुपवाड़ा के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ कमरा लिया था, ताकि वह यहां पर रहकर अपना कारोबार कर सके। लेकिन, होनी को कुछ और मंजूर था। उसका साथी फरीद अहमद खान किसी तरह बाहर निकल गया और उसकी जान बच गई, लेकिन बेकर अहमद को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिल पाया और वह मलबे दब गया।

## घाटी में बारिश बनी बाधा, दर्रे में बर्फबारी रोक रही राहगीरों की राह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी में बारिश व बर्फबारी से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घाटी में बारिश बाधा बनी हुई है। नदी के साथ-साथ नालों में बाढ़ आ गई है।

पागल नाला मनाली केलांग के बीच बाधा बन गया है। नाले में रोज बाढ़ आ रही है, जिस कारण वाहन चालकों सहित पर्यटकों व राहगीरों की दिक्कत बढ़ गई है। दूसरी ओर शिंकुला व बारालाचा दर्रे में हिमपात राहगीरों की राह रोक रहा है। हालांकि, इन दिनों पर्यटकों की आमद कम है, लेकिन लाहौल-स्पीति में विदेशी ट्रैकर जगह-जगह दिख रहे हैं। अधिकतर विदेशी ट्रैकर जंसकार मनाली, लेह मनाली व काजा मनाली मार्ग पर सफर कर रहे हैं। वीरवर को भी भारी संख्या में विदेशी ट्रैकर व पर्यटक पागल नाले में आई बाढ़ के कारण सिस्सु में फंस गए। लाहौल-स्पीति पुलिस ने विदेशी ट्रैकरों को नाला पार करने में मदद की।

लाहौल निवासी टशी, सोनम, दोरजे व राजेश ने बताया कि लाहौल-स्पीति प्रशासन पर्यटकों व राहगीरों के लिए मददगार बना हुआ है, लेकिन लगातार जारी बारिश व बर्फबारी ने जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन दिनों काजा, जांस्कर व लेह से विदेशी ट्रैकर मनाली का रुख कर रहे हैं, लेकिन मौसम उनकी रहा में बाधा बना हुआ है। डीएसपी लाहौल-स्पीति पुलिस रश्मि शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा सिस्सू में नालों को पार कराते हुए पर्यटकों की मदद की गई।

## बाइक पर गिरा पेड़, दो घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में भारी बारिश के कारण नुकसान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भुंतर के पास शाढ़ाबाई में एक बाइक पर पेड़ गिर गया। इससे बाइक सवार 2 लोग जख्मी हो गए। वहीं, आनी के बखनाओ में कार के ऊपर मलबा गिर गया, जिससे कार मलबे में दब गई। जानकारी के अनुसार भुंतर थाना के तहत शाढ़ाबाई में दो युवक बाइक में सवार होकर भुंतर की ओर आ रहे थे। इस दौरान अचानक पेड़ बाइक पर गिर गया। इससे बाइक सवार प्रमोद पुत्र डोरी लाल निवासी सिद्धपुर चित्रसेन डाकघर सिरसोल तहसील बिल्सी जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) और संजय पुत्र नंद लाल निवासी नया शहर बडाला सासनगर (पंजाब) को चोटें आई हैं। एएसपी संजीव चौहान ने घटनाओं की पुष्टि की है।

## कुल्लू में 258 .750 ग्राम चिट्टे सहित 4 काबू

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली पुलिस ने इस साल जिला कुल्लू की अब तक की सबसे बड़ी चिट्टे की खेप बरामद की है। पुलिस द्वारा इस वर्ष जिला कुल्लू में 258.75 ग्राम हेरोइन की सबसे बड़ी बरामदगी की गई है। यह सफलता मुख्य आरक्षी जगदीश कुमार ने पाई है।

पकड़े गए युवकों में पंजाब के दो, बिहार का एक और एक युवक हिमाचल प्रदेश का है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मुख्य आरक्षी जगदीश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि वोल्वो बस स्टैंड के अंदर एक गाड़ी नंबर पीबी 18 यू 8718 आई ट्वेंटी वरंग सफेद में चार व्यक्ति हैं, जो परचून में चिट्टा बेचने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही जगदीश कुमार ने वोल्वो बस स्टैंड में दबिश दी और चारों को 258.750 ग्राम चिट्टा सहित एक पिस्टल दो जिंदा रौंद व एक गाड़ी को बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना मनाली में धारा 21, 25, 29 मादक पदार्थ अधिनियम व धारा 25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा जा रही है। चिट्टा व पिस्टल के साथ पकड़े गए युवक, संजय कुमार (40 वर्ष) पुत्र धनी राम निवासी गांव व डाकघर सिद्धपुर तहसील धर्मपुर जिला मंडी हिप्र, हरमोहित दीपसिह (22 वर्ष) पुत्र सरवजीत सिंह निवासी गांव जहादपुर डाकघर जतोसरजा तहसील वटाला जिला गुरदासपुर पंजाब, कृष्णा सिंह (29 वर्ष) पुत्र भोला सिंह निवासी गांव खगोल डाकघर दानापुर तहसील व जिला पटना बिहार हाल हजारा। मंदीप सिंह (30 वर्ष) पुत्र सुखविंद्र सिंह निवासी गांव जहादपुर डाकघर जतोसरजा तहसील बटाला जिला गुरदासपुर पंजाब के रूप में हुई है।



## ट्रक चालकों के लिए की जा रही निशुल्क भोजन की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी में भारी बारिश के कारण व सड़क मार्ग बाधित होने के कारण कई लोग व ट्रक चालक फंसे हैं। इन लोगों के भोजन की व्यवस्था जगह-जगह की जा रही है।

डीसी व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने कहा कि भारी वर्षा व आपदा के कारण मार्गों में फंसे हुए यात्रियों, ट्रक चालकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से राजा घेपन समिति द्वारा सिस्सू से पागल नाला तक प्रतिदिन शाम के समय निशुल्क लंगर सेवा चलाई जा रही है, ताकि कोई भी भूखा न रहें। इसके अतिरिक्त गोंधला में संजय कुमार व्यापारी द्वारा प्रतिदिन प्रातः लंगर सेवा का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से भी इन स्थानों पर सूखे राशन का वितरण निरंतर किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। इस पहल से मार्ग में फंसे हुए यात्री, ट्रक ड्राइवर व असहाय लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने सभी फंसे हुए ट्रक चालकों व यात्रियों से आग्रह किया कि वे इन लंगर सेवाओं व राशन वितरण सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं।

## बंजार व सैंज आपदा की चपेट में, हालात बिगड़े

### शौरी ने कहा, 400 की आबादी वाला बंदल गांव धंसने के गंभीर खतरे से जूझ रहा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के बंजार व सैंज क्षेत्र इस समय भीषण आपदा से जूझ रहे हैं।

राशन की भारी कमी, बिजली व नेटवर्क की बार-बार बाधाओं ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। क्षेत्र की जीवनरेखा राष्ट्रीय राजमार्ग-305 अब भी बड़े वाहनों के लिए अवरुद्ध है और इसके जल्द बहाल होने की संभावना नहीं दिख रही है। बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में घाटी की जनता तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए हवाई आपूर्ति ही एकमात्र व्यवहारिक विकल्प बचा है। विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि गुशैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूरी तरह जमींदोज हो चुका है। करीब 400 की आबादी वाला बंदल गांव धंसने के गंभीर खतरे से जूझ रहा है, जहां अब तक लगभग 20 मकान पूरी तरह ढह चुके हैं। वहीं, बिहाली गांव में 3-4 मकान बह चुके हैं, जबकि दाड़ी, पाहली, कालूरोपा, शिल्ह और शराई गांव निरंतर भूस्खलन की मार झेल रहे हैं। यही हालात सैंज घाटी के सारी धारा, बिहाली, पनवी फव्वारी रैला, शाकटी मरौड़ और भलाण जैसे गांवों में भी बने हुए हैं। क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों पर स्थायी ब्लैक स्पॉट्स बन चुके हैं। इससे भविष्य की आवाजाही पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है। धरातल पर हालात बेहद भयावह हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस व प्रभावी राहत कदम नहीं उठाए गए हैं। नेटवर्क, आवागमन, पानी, बिजली व राशन की कमी व भूस्खलन के खतरों ने पूरी बंजार व सैंज घाटी को दुनिया से अलग-थलग कर दिया है व पूरा क्षेत्र संकट में है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे स्वयं बंजार व सैंज घाटियों का दौरा करें, वास्तविक स्थिति का आकलन करें तथा जल्द प्रभावी राहत एवं पुनर्वास उपाय सुनिश्चित करें।



## आपदा की स्थिति में दिव्यांग कर्मचारियों को दी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिले में वर्तमान मानसून के दौरान बादल फटने की घटनाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे प्रतिकूल हालातों में दिव्यांगजन कर्मचारियों का कार्यालयों तक आना-जाना उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम है। इस परिप्रेक्ष्य में दिव्यांगजन कर्मचारियों को ऐसी घोषित आपदा की स्थिति में कार्यालयों में अनिवार्य शारीरिक उपस्थिति से छूट प्रदान करने के आदेश जारी किए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्वनी कुमार द्वारा जारी निर्देशानुसार, आपदा की स्थिति में दिव्यांग कर्मचारियों को कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने से छूट दी जाएगी। यह निर्णय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 8 के अनुरूप लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जहां भी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हों, वहां दिव्यांग कर्मचारियों को भी कार्यालय आने से छूट दी जा सकती है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे घर से ही अपने कार्यों का निर्वहन करें, यदि तकनीकी रूप से संभव हो।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहीं विधायक अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

भारी बारिश और बाढ़ की चुनौतियों के बावजूद लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनुराधा राणा लगातार हालात का जायजा ले रही हैं।

वीरवार को उन्होंने बाढ़ प्रभावित जहालमा क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां नदी में तेज बहाव के कारण भूमि कटाव की स्थिति बनी हुई है। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम उदयपुर अलिशा चौहान, जिला परिषद अध्यक्ष वीना, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, जिला परिषद सदस्य छेजांग डोल्मा, दोरजे लारजे, बीडीसी सदस्य टशी केसांग, उपप्रधान रोहित, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष साहिल और क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। इससे पहले विधायक ने मनाली-केलांग सड़क मार्ग पर बीआरओ अधिकारियों के साथ क्षतिग्रस्त सड़कों का दौरा किया और मरम्मत कार्यों की समीक्षा की। विधायक के निर्देश के बाद बीआरओ ने सड़क बहाली का कार्य तेज कर दिया है। इससे आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक अनुराधा ने कहा कि प्रशासन और सभी विभाग पूरी तरह से मुस्तैद हैं और प्रभावित इलाकों में हर संभव सहायता पहुंचाई जा रही है। उन्होंने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा। ग्रामीणों ने भी विधायक के जमीनी स्तर पर सक्रिय प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही हालात सामान्य हो जाएंगे।



भारी बारिश और बाढ़ की चुनौतियों के बावजूद विधायक अनुराधा राणा हालातों का जायजा लेती हुईं।

### विधायक ने गाद की सफाई के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल में बिजली संकट के बीच विधायक अनुराधा राणा ने वीरवार को थिरोट पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पावर हाउस से जुड़ी विभिन्न तकनीकी समस्याओं व रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि फोरवे रिजर्ववायर में पिछले पांच वर्षों से कोई सफाई कार्य नहीं हुआ है, जिससे भारी मात्रा में गाद जमा हो गई है। विधायक अनुराधा राणा ने थिरोट बिजली परियोजना के अधिकारियों को जल्द गाद की सफाई करवाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली उत्पादन में आ रही बाधाएं दूर की जा सकें। इसके अतिरिक्त उन्होंने मेंन इनटेक क्षेत्र तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन भारी वर्षा के कारण रास्ता बह जाने से उन्हें आधे रास्ते से लौटना पड़ा। विधायक ने बताया कि जब तक कुल्लू क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बहाल नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक शेड्यूल लागू किया जाएगा। यह शेड्यूल पिछले कल ही अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, बिजली बोर्ड के एसडीओ कर्ण ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्रोकली व लिलियम फूलों की गाड़ियों को डीसी ने किया रवाना



लाहौल से फूलों की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती हुईं डीसी लाहौल-स्पीति।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की डीसी किरण भड़ाना ने वीरवार को जिले से ब्रोकली व लिलियम फूलों के वाहनों को लेह के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने खुशविंदर सिंह, सीडीपीओ को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हुए उनको जिम्मेदारी दी कि वे एयरपोर्ट प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर इन सब्जियों के सुचारू परिवहन का समन्वय करें। साथ ही, खुशविंदर सिंह अन्य कृषि उत्पादों के परिवहन की संभावनाओं का भी आकलन करेंगे। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन व हिमाचल प्रदेश सरकार किसानों और स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का उद्देश्य किसानों के उत्पादों को समय पर बाजार तक पहुंचाना और उनकी आय को बढ़ावा देना है। विदेशी सब्जियों के सफल ट्रांसपोर्ट से किसानों को नए व्यावसायिक अवसर मिलेंगे और कृषि क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन कृषि उत्पादों के भंडारण व परिवहन के लिए सुविधाएं बढ़ाने, स्थानीय विमान सेवाओं के माध्यम से त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने व किसानों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने पर काम कर रहा है। यह कार्य लाहौल-स्पीति के किसानों के उत्थान तथा क्षेत्रीय कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन आगामी समय में भी ऐसी पहलों को जारी रखेगा, ताकि किसानों का हित सर्वोपरि रहे।

**नुकसान** ब्यास नदी का तटीकरण सिर्फ फाइलों व नेताओं के भाषणों तक सीमित

# दो साल पहले आई आपदा से नहीं लिया सबक

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश व बाढ़ ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग करीबन 20 स्थानों पर ध्वस्त हो गया है। साल 2023 में भी ब्यास नदी में आई बाढ़ से इस सड़क को बहुत नुकसान हुआ था, लेकिन एनएचएआई ने पत्थरों की दीवार लगाकर अंदर मलबा भर कर वाहन चलने योग्य बना दिया, जो इस साल आई बाढ़ को सह नहीं पाया, अगर एनएचएआई ने पिछले साल ही चिह्नित जगहों पर पक्की सुरक्षा दीवार बनाई होती, तो आज इतना नुकसान नहीं होता। कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर वहीं ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां दो साल पहले नुकसान हुआ था। दुखद है कि न सरकार न प्रशासन और न ही एनएचएआई ने दो साल पहले आई बाढ़ से कोई सबक लिया। ब्यास नदी के तटीकरण की चर्चा पिछले कई सालों से चल रही है, लेकिन वह सिर्फ फाइलों और नेताओं के भाषणों तक ही सीमित रहा है। स्थानीय निवासी सुरेश, अमर सिंह, रमेश, नरेंद्र सूद और प्यारे लाल ने बताया कि साल 2023 में ही एनएचएआई ने ठीक ढंग से सड़क निर्माण का काम किया होता, तो आज इतना नुकसान नहीं होता। उन्होंने सरकार से मांग की कि कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे को बीआरओ के हवाले किया जाए।



पर्यटन नगरी मनाली में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से आपदा के बाद के एनएच-3 के हालात।

### 2013 में ब्यास के तटीकरण पर सरकार से किया था पत्राचार

**ब्यास** नदी के तटीकरण के साथ इस का सौंदर्यीकरण करने की चर्चा साल 2013 से चल रही है। मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष अनूप ठाकुर ने बाकायदा इस की फाइल तैयार कर प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी थी। इस पर केंद्र सरकार से पत्राचार भी हुआ और एक टीम सर्वे के लिए मनाली भी पहुंची, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

### जल्द पक्की दीवार लगाने का काम किया जाएगा शुरू

**एनएचएआई** के अधिकारी अशोक चौहान ने बताया कि कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे यातायात बहाल करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है और पक्की सुरक्षा दीवार लगाने के लिए जगह भी चिन्हित की गई है। जल्द ही उन स्थानों पर पक्की दीवार लगाने का काम शुरू किया जाएगा।

## जीएसटी में की कटौती, देशवासियों को मिलेगी बड़ी राहत : अखिलेश कपूर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीएसटी परिषद का हालिया फैसला आम जनता को सीधी राहत देने वाला ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी में कटौती से रोजमर्रा की वस्तुएं, दवाइयां, शिक्षा सामग्री, किसानों के उपकरण, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्माण सामग्री सब कुछ पहले से सस्ता हो जाएगा। अखिलेश कपूर ने बताया कि अब पनीर, यूएचटी दूध, रोटी, खाखरा और पिज्जा ब्रेड पूरी तरह जीएसटी मुक्त हो गए हैं। वहीं, मक्खन, घी, सूखे मेवे और पनीर पर टैक्स 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी रह गया है। इसके अलावा, चॉकलेट, बिस्कुट, नमकीन, पास्ता, अचार, फल का रस और कॉफी जैसी वस्तुओं पर पहले 18 फीसदी जीएसटी लगता था, लेकिन अब यह सिर्फ 5 फीसदी रहेगा। उन्होंने बताया कि साबुन, टूथपेस्ट, शैंपू, हेयर ऑयल और शेविंग क्रीम जैसे जरूरी सामान पर जीएसटी 18 फीसदी से घटकर 5 फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह बेबी डायपर, सिलाई मशीन, मोमबत्तियां, माचिस और रसोई के बर्तन पर अब केवल 5 फीसदी टैक्स श्रेणी में आ गए हैं।

स्टूडेंट्स को सबसे अधिक लाभ होगा, अब कॉपियां, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, मानचित्र और ग्लोब पूरी तरह जीएसटी मुक्त हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाइयां अब पूरी तरह करमुक्त होंगी। आयुर्वेदिक व एलोपैथिक दवाएं, मेडिकल ऑक्सीजन, थर्मामीटर व सर्जिकल उपकरण पर जीएसटी पहले 12-18 फीसदी था, जिसे घटाकर अब सिर्फ 5 फीसदी कर दिया गया है। किसानों को लेकर जीएसटी परिषद ने बड़ा फैसला लिया है, अब ट्रैक्टर पर टैक्स 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी कर दिया गया है। ट्रैक्टर टायर, पुर्जे और खेती की मशीनरी पर भी जीएसटी घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। साथ ही हार्वेस्टर, थ्रेशर, ड्रिप व स्प्रिंकलर सिस्टम, हैंडपंप सब कुछ अब कम दाम पर मिलेगा। अखिलेश कपूर ने कहा कि आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योग जगत को भी इससे राहत मिलेगी। पहले 28 फीसदी टैक्स वाले दोपहिया वाहन, छोटी कारें, ऑटो रिक्शा और बसें अब केवल 18 फीसदी जीएसटी श्रेणी में आ गए हैं।

# सोलन-शामति बाइपास में आई दरारें, यातायात बंद

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन से सिरमौर के राजगढ़ और अपर शिमला को जोड़ने वाले शामति बाइपास का एक बड़ा हिस्सा धंस जाने से यह सड़क मार्ग वाहनों के लिए बंद हो गया। सड़क में आई बड़ी-बड़ी दरारों के बाद धंसता जा रहा है। इससे निचले गांव को खतरा हो गया है। वहीं, कसौली विधानसभा क्षेत्र के तहत धर्मपुर में भी लैंड स्लाइड का मामला सामने आया है। धर्मपुर में लैंड स्लाइड से कई घरों को खतरा हो गया।

इससे एक मकान में दरारें आई हैं, जबकि खतरे के चलते 7 घरों को करवाया खाली करवाया गया है। बता दें कि शहर के ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए बनाई गई इस सड़क का करीब 50 मीटर लंबा हिस्सा धंस गया। इससे यह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। सड़क के धंसने से शयोथल (नीचे स्थित) और ओड़ना गांव (ऊपर स्थित) को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वीरवार सुबह अचानक सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। इससे लोगों को रातभर खुले में रहना पड़ा। करोड़ों रुपए की लागत से बनी यह सड़क पहले से ही अपनी ग्रेडिंग व निर्माण गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में थी। शामती बाइपास के बंद हो जाने से राजगढ़, जुब्बल-कोटखाई और अपर शिमला से आने वाले भारी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है, अब इन वाहनों को माल रोड होते हुए शहर में प्रवेश कराना पड़ेगा। इससे आने वाले दिनों में सोलन शहर में ट्रैफिक का दबाव और बढ़ेगा। बता दें कि इसी मार्ग से इन दिनों अपर शिमला का सेब चंडीगढ़ और दिल्ली भेजा जाता है। सड़क के धंसने के कारण यह व्यापारिक आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। हालांकि, स्थिति पर प्रशासन नजर बनाए हुए है, लेकिन मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में और बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे राहत की उम्मीद फिलहाल कम है।

## बीबीएन में बारिश से भारी नुकसान, दर्जनों मकान ढहे, संपर्क मार्ग बंद

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन व साथ लगते पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश ने कहर ढाया है।

उपमंडल नालागढ़, बद्दी व रामशहर में जगह-जगह भूस्खलन से लोगों के मकान क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ दर्जनों संपर्क सड़कें बंद हो चुकी हैं। मूसलाधार बारिश के कारण वीरवार को तहसील रामशहर के पटवार सर्कल के अधीन गांव कयारडू, घाटदोची, ककडदोची सहित अन्य प्रभावित गांवों में 72 घरों को खाली करवाकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। खाली करवाए गए अधिकतर मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और भूस्खलन के चलते खतरे की जद में हैं। प्रशासन की टीमें आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ लोगों की मदद में जुटी हैं। वहीं, बंद पड़े संपर्क मार्गों को प्रशासन व आपसी सहयोग से बहाल करने की जदोजहद जारी है। नायब तहसीलदार रामशहर का कहना है कि प्रभावित लोगों को फौरी राहत व सुरक्षित जगहों पर ठहराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि उपमंडल



नालागढ़ व बद्दी में दर्जनों मकान ढह गए हैं ओर कई भवन व पशुशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। 100 के करीब लोग बेघर हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। बारिश से लाखों रुपए के नुकसान का ब्यौरा दर्ज किया गया है। प्रभावितों की सूची में कोटला, चंदपुर और आसपास के गांवों के परिवार शामिल हैं। सबसे ज्यादा असर नालागढ़ उपमंडल क्षेत्र में देखा गया, जहां बारिश से तीन कच्चे मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए और 21 पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। इन घटनाओं से लगभग 11 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। क्षति झेलने वालों में बेअंत राम पुत्र देव राम, जसवंत सिंह पुत्र सुख राम, हिमा राम पुत्र गोकल राम, राजेंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, हरी सिंह, जयनाथ, ज्ञान चंद, मोहन सिंह, मीनाक्षी देवी, जयपाल, रोशन लाल समेत 24 परिवारों के नाम दर्ज किए गए हैं। ये सभी अपने-अपने गांवों में बारिश से मकानों में आई दरारों और दीवारों के गिरने से प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा 8 शौचालय पूरी तरह ढह गए, 9 पशुशाला भी ध्वस्त हो गईं और तीन रिटेनिंग वॉल गिर गईं, जिनका कुल नुकसान लगभग 2 लाख रुपए आंका गया। प्रभावित पशुपालकों में श्याम सिंह, धर्म सिंह, राम सिंह सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल हैं, जिनकी रोजमर्रा की आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। वहीं, बद्दी डिवीजन के गोरखनाथ क्षेत्र में भी बारिश ने कहर ढाया। यहां एक दो मंजिला पक्का मकान पूरी तरह ढह गया। इससे लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ। इसके अलावा चार पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए, प्रत्येक का नुकसान करीब 20 हजार रुपए आंका गया। वहीं, एक बड़ा रिहायशी मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया, जिसका अनुमानित नुकसान 1.20 लाख रुपए दर्ज किया गया। बद्दी डिवीजन में कुल 53 लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें कुलदीप, अर्जुन, सुरेंद्र, जलसिंह, रामलाल और रामनिवास के परिवार प्रमुख हैं। प्रशासन नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट बनाने में जुटा है। एसडीएम राजकुमार ने कहा कि प्रभावित लोग इस समय खुले आसमान व अस्थायी ठिकानों में जीवन काटने को मजबूर थे, जिन्हें प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया है। लोगों को फौरी राहत प्रदान की जा रही है और नुकसान का आकलन कर ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। बंद पड़े संपर्क मार्गों को प्रशासन व जनसहयोग से खुलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, प्रभावित लोगों का कहना है कि लगातार बारिश से हालात बिगड़ रहे हैं और आगे स्थिति ओर भी गंभीर हो सकती है। ऐसे में लोगों ने प्रशासन से राहत और स्थायी बहाली की गुहार लगाई है।

## 21 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा का सम्मान, दीपिका जंदैक को मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

अनंत ज्ञान, सोलन

प्रदेश सरकार ने राज्य शिक्षक पुरस्कार की घोषणा कर दी है। इसमें सोलन जिले के सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ की टीजीटी (मेडिकल) दीपिका जंदैक का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है। दीपिका शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 21 वर्षों से अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही हैं।



दीपिका की प्रारंभिक शिक्षा सेंट ल्यूक्स स्कूल सोलन से हुई। इसके बाद सोलन कॉलेज से बीएससी, जम्मू से बीएड व तमिलनाडु से एमएससी और एमफिल की डिग्री प्राप्त की है। दीपिका बच्चों के सर्वांगीण विकास व गुणात्मक शिक्षा पर बल देती आई हैं। इनके पढ़ाए विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन और गैर शैक्षिक गतिविधियों जैसे इको क्लब, चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस, कम लागत वाली शिक्षण अधिग्रम सामग्री, स्कूल अडॉप्शन, रचनात्मक गृह कार्य, विद्यार्थी छात्रवृत्ति परीक्षा आदि में विशेष योगदान रहा है। अपनी इस विशेष उपलब्धि का श्रेय दीपिका ने अपने स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल पूनम काल्टा, कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन, स्कूल स्टाफ ( शैक्षिक और गैर शैक्षिक ), एसएमसी, अभिभावकों को और विशेष कर अपने विद्यार्थियों को दिया है। दीपिका कहना है कि यह पुरस्कार पूरे विद्यालय परिवार का है। दीपिका एक समर्पित, संवादशील व नवाचारी अध्यापिका हैं। उन्होंने यह पुरस्कार अपने स्वर्गीय पिता डॉक्टर सीएल जंदैक को समर्पित किया। इससे पूर्व भी दीपिका जंदैक को सोलन के रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब द्वारा उनके शिक्षा के क्षेत्र में अथक प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर, शमरोड़ व नौणी पंचायत के सभी एसएमसी सदस्यों व इलाका वासियों ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर शिक्षिका को हार्दिक बधाई दी। ज्ञात रहे कि इनके पति रोहित वर्मा वर्तमान में सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारग में प्रिंसिपल हैं और वह भी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन परिसर तथा कंडाघाट, अर्की, कसौली और नालागढ़ न्यायालय परिसर में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी यहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाऊंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामले, धन वसूली के मामले आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, वेतन, भत्तों और सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों की सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव ने कहा कि जो मामले अब तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं, ऐसे मामलों का भी लोक अदालत में निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में समय व धन की बचत होती है। लोक अदालत में न्यायालय शुल्क नहीं लगता और पुराने मुकदमे का न्यायालय शुल्क वापस हो जाता है। लोक अदालत में किसी पक्ष को सजा नहीं होती। उन्होंने कहा कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों के निपटारे के लिए 13 सितंबर से पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय सोलन व जिले के सभी न्यायालयों में सादे कागज पर आवेदन कर सकता है, जिस अदालत में मामला विचारधीन है, उस अदालत में भी आवेदन किया जा सकता है।

### नरेश के परिवार पर टूटा मुसीबत का पहाड़

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** भारी बारिश के मंजर ने राजगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुड़ु लवाणा के बगैरना में एक परिवार को बेघर कर दिया है। इससे पूरा परिवार सदमें में है। प्रभावित परिवार के मुखिया नरेश ने बताया कि उनके घर के आसपास की करीब एक सौ मीटर जमीन धंसने लगी है। इससे उनके घर के आगे करीब छह इंच की दरार आने से इनका मकान खतरे की जद में आ गया है। नरेश का कहना है कि दो सितंबर की रात्रि को मकान का कुछ हिस्सा धंसने लगा था। इससे उनकी चिंताएं बढ़ने लग गई थी। वह सनौरा नेरीपुल सड़क के बगेरना में एक छोटा से ढाबा चलाते हैं और इनका मकान भी होटल से निचली तरफ को है। रात्रि को वह होटल में सो गए, जब वह प्रातः नीचे घर को गए, तो उनके होश उड़ गए। एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने बताया कि प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। नायब तहसीलदार नोहरी पझौता को मौके का जायजा लेने व प्रभावित परिवार के ठहरने की व्यवस्था करने के आदेश कर दिए गए हैं।

### बारिश से राहत, जनजीवन पटरी पर नहीं

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** लगातार पांच दिन भारी बारिश के बाद वीरवार को कंडाघाट में लोगों को राहत मिली। इसके बावजूद जनजीवन अभी पटरी पर नहीं लौटा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग की तीन और ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग की कई सड़कें बंद हैं। लोक निर्माण विभाग कंडाघाट की अधिकतर सड़कें बंद हो गई थी। विभाग ने इनमें अधिकतर को बहाल कर दिया है। कंडाघाट -मही, डीडीएल-चौहड़ा और कोट-ममलीग सड़कों को बहाल करना बाकि है। विभाग के एसडीओ शुभम अग्रवाल ने बताया कि इन सड़कों को भी जल्द बहाल किया जाएगा। उधर, ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग की बनाई बांजनी आंजी बीनू, बाग-नरूद सहित कई गांवों की सड़कें बंद हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। यह सड़कें ग्रामीण आवाजाही व फसल ढूलान के लिए अति आवश्यक हैं। चायल घाटी के गांव नावग में संतराम, बधेटधार के मेहर चंद और हीउन के लीलादत्त के घर के आगे का डंगा गिरने से घरों को खतरा हो गया। हीउन गांव के माधोराम की गोशाला का डंगा गिरकर रमेश कुमार के घर पर चला गया। मालनशील गांव के प्रकाश ठाकुर के घर पर ल्हासा गिरा और घर क्षतिग्रस्त हो गया। बारिश से क्षति के समाचार अभी लगातार प्राप्त हो रहे हैं।

## सिरमौर जिले में बारिश से 10 .93 करोड़ का नुकसान

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले में पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भूस्खलन व सड़क बंद होने से आवागमन प्रभावित है, जबकि विभिन्न विभागों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। शिलाई-गुम्मा और नाहन-कुमारहट्टी नेशनल हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही रुक-रुक कर चलती रही।

प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन भारी बारिश ने मुश्किलें और बढ़ा दीं। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में पिछले 24 घंटों में 10.93 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसमें लोक निर्माण विभाग को सबसे अधिक 4.18 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जबकि 176 सड़कें बाधित रहीं। वहीं, जल शक्ति विभाग की 66 सिंचाई व पेयजल योजनाएं ठप हो गईं, जिससे 3.64 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। स्वास्थ्य विभाग को भी करीब 43 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सराहां, पिनाली संगड़ाह, हरिपुरधार और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बिजली बोर्ड को तीन दिनों में 2.13 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें लाइनें, पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। जिले के 1933 हेक्टेयर क्षेत्र में बागवानी को 24.73 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। शिक्षा विभाग के भवनों व मैदानों को 29.50 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। इसमें कई स्कूलों की चारदीवारी व संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुईं। कई ग्रामीणों के कच्चे व पक्के मकान प्रभावित हुए हैं। नौहराधार, संगड़ाह और श्री रेणुका जी क्षेत्र में घरों व गोशालाओं को नुकसान हुआ है। मंडोली गांव के एक पक्के मकान को 5 लाख रुपए तक का नुकसान हुआ।

## शूलिनी ने प्रदेश में अपना शीर्ष स्थान रखा बरकरार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा घोषित रैंकिंग में शूलिनी विवि ने हिमाचल प्रदेश के सर्वोच्च रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 69वां स्थान हासिल किया है, जो पिछले साल घोषित रैंकिंग से एक पायदान ऊपर है। यह राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो शीर्ष 100 में शामिल है, जो शूलिनी की बढ़ती शैक्षणिक व अनुसंधान उत्कृष्टताको दर्शाता है। विवि ने फार्मेसी में भी प्रभावशाली 44वां स्थान हासिल किया, जिसने इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए एक मानक स्थापित किया और नवाचार, स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के एक मॉडल के रूप में उभरा।

## नाहन शहर में गहराया पेयजल संकट

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** करीब 35 से 40 हजार की आबादी वाले नाहन शहर में इन दिनों पेयजल समस्या खड़ी हो गई है। दरअसल, शहर को मुख्य रूप से पेयजल सप्लाई करने वाली गिरि उठाऊ पर जल योजना की मशीनरी जलमग्न हो गई है। वहीं, कई स्थानों पर पेयजल योजना की पाइपों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे शहर में पेयजल संकट खड़ा हो गया है।

नाहन शहर को गिरि पेयजल योजना के अलावा नेहरस्वार और खेरी स्कीम से भी पानी की सप्लाई होती है, मगर मौजूदा समय में गिरि पेयजल योजना के साथ-साथ खैरी उठाउ पेयजल योजना भी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हुई है। मौजूदा समय में एकमात्र नेहरस्वार पेयजल योजना से पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे मशहर के कुछ ही हिस्सों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके

### गिरि व खैरी उठाऊ पेयजल योजनाएं बारिश से प्रभावित

चलते शहर में पेयजल समस्या खड़ी हो गई है और लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता रोशन लाल शर्मा ने बताया की पिछले 7 दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण उठाऊ पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। इसकी बहाली के लिए विभाग के कर्मचारी दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश परेशानी का सबब बन रही है। इस कारण योजनाओं को बहाल करने में समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि अकेले नाहन सब डिवीजन में जलशक्ति विभाग को करीब एक करोड़ 75 लाख रुपए का नुकसान मानसून की बारिश से हुआ है। इसकी रिपोर्ट विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। नाहन सब डिवीजन में सभी पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा है और सभी योजनाओं को दुरुस्त करने का कार्य जारी है, ताकि जल्द लोगों को पेयजल सप्लाई हो सके।

उधर, शहर में लगातार बढ़ती पेयजल समस्या को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए। मीडिया से बात करते हुए भाजपा पार्षद विक्रम वर्मा ने बताया कि विभाग ने मानसून सीजन से निपटने के लिए पहले तैयारियां मुकम्मल नहीं की थी, जिस कारण पेयजल संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जब नाहन शहर के भीतर पेयजल संकट खड़ा हो गया हो। उन्होंने कहा कि शहर में अब लोगों को टैंकरों से पानी की सप्लाई करनी पड़ रही है। उन्होंने स्थानीय कांग्रेस विधायक की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए।

## वामन देव की शोभायात्रा से मेला आरंभ

अनंत ज्ञान, सराहां

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने सिरमौर जिले के सराहां में आरंभ हो रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला का विधिवत शुभारंभ किया।

उन्होंने भगवान वामन देव की विधिवत पूजा-अर्चना करने के उपरांत वामन देव की पालकी को कंधा देते हुए मंदिर से खंड विकास कार्यालय, नए बस स्टैंड तक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य दल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां के एनसीसी कैडेट, होमगार्ड बैंड व हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। नगर के मध्य में स्थित तालाब में भगवान वामन देव की पालकी को नौका विहार करवाया गया। डीसी ने राज्य स्तरीय मेले के शुभारंभ के दौरान उपस्थित लोगों को वामन द्वादशी मेले की बधाई देते हुए कहा कि सराहां का यह राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला सिरमौर जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों



वामन द्वादशी मेले का विधिवत शुभारंभ के दौरान पालकी को कंधा देती डीसी।

में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। दशकों से सारा जनपद वामन द्वादशी मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ करता आ रहा है।

भगवान विष्णु के वामन अवतार के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाला यह ऐतिहासिक मेला अपने साथ समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास समेटे हुए है। इसमें न केवल सराहां-पच्छाद क्षेत्र के लोग भाग लेते हैं, बल्कि सिरमौर के कोने-कोने से लोग इस मेले में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला देव परंपरा से जुड़ा होने के साथ-साथ आपसी मेलजोल, खेलकूद व सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि सराहां अगले तीन दिनों तक खेलकूद, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से सराबोर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेला आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। मेले के दौरान करोड़ों रुपए का व्यापार होता है। इस मेले में लोग जमकर खरीददारी करते हैं। डीसी ने तीन दिवसीय मेले के दौरान चलने वाली विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

## कदयोन मंदिर में रात के दो बजे खुद बजने लगी देवधुन

बीआर,चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** सिरमौर जिले के नौहराधार के निकट कदयोन स्थित विजट मंदिर में गत दिवस हुई एक अप्रत्याशित घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। इस मंदिर में 2 सितंबर की मध्यरात्रि को लगभग 2 बजे बिना किसी व्यक्ति की उपस्थिति के ही मंदिर के भीतर देवधुन बजनी शुरू हुई, जिसे रात्रि के समय अनेक लोगों ने सुना।

इस मंदिर में प्राचीन काल से ही ऐसी घटनाएं अनेक बार हो चुकी हैं, लेकिन आज के आधुनिक दौर में मंदिर के भीतर अर्धरात्रि को किसी बाजगी की अनुपस्थिति में स्वयं ही देवधुन बजना, यहां के समाज के लिए यह अप्रत्याशित घटना मानी जा रही है। क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों व अनेक मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि हिमाचल देवभूमि है और यहां के लोगों की अपने देवी-देवताओं के प्रति प्रगाढ़ आस्था है और इसी कारण यहां के मंदिरों में इस प्रकार की घटनाएं प्राचीन काल से होती रहती हैं। पंचायत समिति संगड़ाह के पूर्व अध्यक्ष मेला राम शर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र के प्राचीन इतिहास व लोक गाथाओं में ऐसे अनेक उल्लेख मिलते हैं, जब यहां के मंदिरों और देव स्थलों में चमत्कारिक घटनाएं होती आई हैं। उन्होंने एक पारंपरिक गीत का उल्लेख करते हुए बताया कि किले दे कदोयणो, बोलो पाणी रे दीवे रे नाराणा, पूजा कोरणी बिजटो री गीत इसी मंदिर के बारे में प्राचीन काल से गाया जाता है और यह उस घटना का विवरण है, जब इस मंदिर में पानी के दिए जला करते थे। आज समाज में कुछ लोग हमारे देवी-देवताओं की पवित्रता को भ्रष्ट और खंडित कर रहे हैं। इस कारण घटती आस्था से देवालयों की शक्तियां भी कम होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के देवी-देवताओं की आस्था के साथ हो रहे खिलवाड़ के कारण देवभूमि में प्राकृतिक आपदा और बादल फटने जैसी घटनाएं दिनों दिन विनाश का कारण बन रही हैं।

## हेल्थकेयर फूड प्रोसेसिंग सोसायटी को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उपमंडल राजगढ़ की पनेली पंचायत में बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इस आपदा में हिमाचल हेल्थकेयर फूड प्रोसेसिंग सोसायटी, पनेली को खासा नुकसान हुआ है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार सोसायटी को करीब एक करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यूनिट के प्रभारी राजू राम ने बताया कि बादल फटने से अचानक आए मलबे और तेज पानी की धारा ने सोसायटी की इमारत व मशीनरी को प्रभावित किया।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास की जमीन को भी नुकसान पहुंचा। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। वहीं, प्रशासन ने मौके का जायजा लेकर नुकसान का विस्तृत आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

## जोन मयोग में मलबे की चपेट में आया मकान, बड़ा हादसा टला



जोन मयोग पंचायत में मलबे की चपेट में मकान की छत से मिट्टी-पत्थर हटाते लोग।

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ़ उपमंडल की जोन मयोग पंचायत में एक बड़ी घटना होने से टल गई।

जानकारी के अनुसार, पंचायत की रहने वाली सरोज ठाकुर के मकान के ऊपर अचानक भारी मलबा आ गया। मलबा इतनी तेज आवाज के साथ नीचे गिरा कि पूरा मकान हिल गया और पलभर में ही खतरे की जद में आ गया। गनीमत यह रही कि जैसे ही परिवार ने आवाज सुनी, सभी सदस्य सतर्क हो गए और तुरंत घर से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों की मदद से परिवार ने धीरे-धीरे घर को पूरी तरह खाली कर दिया। समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर आ गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ियां खिसक रही हैं और जगह-जगह मलबा नीचे आ रहा है। इसी कारण सरोज ठाकुर का मकान भी खतरे में आ गया। लोग बताते हैं कि मकान के ऊपर अब भी भारी मात्रा में ढीली मिट्टी और पत्थर लटके हुए हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आसपास के कई परिवार भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत प्रभावित परिवार की मदद करने व इलाके में सुरक्षा उपाय करने की मांग उठाई है। प्रशासनिक स्तर पर अभी तक कोई राहत कार्य शुरू नहीं हुआ है, लेकिन प्रभावित परिवार प्रशासन से मदद व सुरक्षित स्थान पर आश्रय की उम्मीद कर रहा है।

**परेशानी** वर्षा और भूस्खलन से थनोगा और भूईरा में कई मकान खतरे की जद में

## टेंट में रहने को मजबूर परिवार, जंगली जानवरों का खतरा

अनंत ज्ञान, राजगढ़

भारी बारिश व भूस्खलन के कहर ने राजगढ़ उपमंडल के गांव थनोगा और भूईरा में कई परिवारों को टेंट में रहने को मजबूर कर दिया है।

एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने वीरवार को थनोगा और भूईरा गांव का दौरा कर प्रभावित परिवारों से बातचीत की और हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। थनोगा गांव के लेखराम ने बारिश के कहर का खुलासा करते हुए बताया कि पहली सितंबर की रात्रि को जब वह अपने घर में परिवार के साथ रात्रि को विश्राम कर रहे थे कि रात्रि को करीब साढ़े तीन बजे अचानक लहासा गिरने की आवाज आई। मूसलाधार बारिश के कारण उन्हें नींद नहीं आ रही थी, जैसे हि वह बाहर निकले और उन्होंने भूस्खलन का मंजर अपनी आंखों से देखा कि घर से ऊपर करीब 50-60 मीटर की दूरी से देवदार आदि के करीब पांच-छह पेड़ टूट कर मलबे के साथ उनके घर के पीछे पहुंच गए। इससे घर के पिछली ओर के शीशे टूट गए और



बारिश व भूस्खलन के कहर ने राजगढ़ उपमंडल के गांव थनोगा और भूईरा में कई परिवारों को टेंट में रहने को मजबूर कर दिया है।

मलबा घर के भीतर आ गया। उन्होंने अपने परिवार को तुरंत जगाया और बारिश में ही सुरक्षित स्थान पर चले गए। गनीमत यह रही कि उनका परिवार सुरक्षित बच गया। वह घर के समीप टैंट लगाकर अपने परिवार के साथ रहने लगे हैं, जहां पर जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। इसी प्रकार भूईरा गांव में प्रदीप और मनोज के मकान में दरारें आने से यह मकान खाली कर दिया गया है। प्रभावित परिवार के मुखिया मनोज तोमर ने बताया कि उन्होंने बड़ी मेहनत से मकान बनाया है, लेकिन घर के पिछली ओर भूस्खलन और मकान के आगे दरारें आ गई हैं। इससे यह मकान खतरे की जद में आ गया है। उनके द्वारा भी सुरक्षित स्थान पर टैंट लगाया गया है, जहां पर वह अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि राजगढ़ उपमंडल में बारिश व भूस्खलन से अनेक मकान खतरे की जद में आ गए हैं, जिन्हें खाली करवा दिया गया है। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने वैश्विक मुद्दों पर किया विचार

अनंत ज्ञान, सोलन



द लॉरेंस स्कूल सनावर में इंडियन पब्लिक स्कूल मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेंस (आईपीएससी) का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर देश के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों से आए 200 से अधिक प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिकूल मौसम के बावजूद प्रतिभागियों ने युद्ध व संघर्ष, भू-राजनीति पर व्यापार का बढ़ता प्रभाव, तानाशाही, वित्तीय संकट, मानव तस्करी तथा खाद्य असुरक्षा जैसे गंभीर वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया।

भाग लेने वाले प्रमुख विद्यालयों में आर्मी पब्लिक स्कूल, डगशाई; डेली कॉलेज, इंदौर; हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट; मेयो कॉलेज, अजमेर; एमजीडी गर्ल्स स्कूल, जयपुर; पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर; सिंधिया पब्लिक स्कूल, ग्वालियर; ताशी नामग्याल अकादमी, गंगटोक; द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर; द राजकुमार कॉलेज, राजकोट; सैनिक स्कूल, गोलपाड़ा; एलके सिंघानिया एजुकेशन सेंटर, गोतन; वल्लभ आश्रम एमजीएम अमीन व वीएन सावनी स्कूल, वलसाड तथा मेजबान विद्यालय द लॉरेंस स्कूल, सनावर शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पधारे न्यायमूर्ति राजीव भल्ला (सेवानिवृत्त), पूर्व न्यायाधीश पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने संबोधन में यह संदेश दिया कि संपूर्ण विश्व वसुधैव कुटुंबकम की भावना से नवनिर्माण करने के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सच्चा सामंजस्य तभी संभव है, जब मानवता स्वयं को अखंड माने व राष्ट्रों की संकीर्ण सीमाओं से ऊपर उठे। स्कूल के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह ढिल्लों ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार का मंच नई पीढ़ी में एक वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करता है, जो न्याय व सामंजस्य को विश्व भर में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## न्यूज ब्रीफ

### गोपाल ने पूजा प्लाजा में आउटलेट की शुरुआत की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अपने पारंपरिक लजीज खाने और मिठाई के लिए विख्यात गोपाल ने जीरकपुर में अपने आउटलेट को नई जगह पर शिफ्ट कर लिया है। जीरकपुर-अंबाला एक्सप्रेस-वे पर स्थित पूजा प्लाजा में गोपाल ने अपना यह नया आउटलेट शुरू किया है। आउटलेट का उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की बहन मनप्रीत कौर ने किया। इस मौके पर मनप्रीत कौर ने गोपाल प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गोपाल की पूरा प्रबंधन परिवार उपस्थित था। गोपाल के निदेशक मनप्रीत सिंह ने सबसे पहले लगातार हो रही बारिश से बिगड़े हालात पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि हम सब की बेहतरी की अरदास करते हैं। मनप्रीत सिंह ने कहा कि गोपाल द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उचित स्तर पर मदद की जा रही है। गोपाल ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राशन किट्स, मेडिसिन व ड्रिंकिंग वाटर बोटल सहित अन्य जरूरत का सामान चैरिटेबल आर्गेनाइजेशन को डोनेट किया है। मनप्रीत सिंह ने बताया कि गोपाल ने अपने पटियाला आउटलेट से बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक हेल्पलाइन नंबर डिस्ट्रीब्यूट किया है, ताकि जरूरतमंद सीधे रूप से भी मदद के लिए संपर्क साध सकें। वहीं, पूजा प्लाजा में शिफ्ट कर शुरू किए गए नए आउटलेट के बारे में जानकारी देते हुए मनप्रीत सिंह ने बताया कि 500 स्क्वायर फुट में शुरू किया गया गोपाल का यह आउटलेट आधुनिक लुक से भरपूर और वेंटीलेटेड व स्पेशियस है। आउटलेट में लगभग 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

### नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नई पहल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों से प्रशिक्षित जनशक्ति जुटाने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल शुरू की है। इसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नागरिक सुरक्षा सेवाओं में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने इस पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा बुनियादी ढांचे के पुनरुद्धार के राष्ट्रीय अभियान के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, यह पहल आपात स्थितियों के दौरान हमारे देश की तैयारी और प्रथम प्रतिक्रिया क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करेगी। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि एक व्यापक त्रि-स्तरीय रणनीति की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसे राज्य सरकार नागरिक सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए तुरंत लागू करेगी। पहले चरण में राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान नागरिक सुरक्षा सेवाओं के महत्व व भागीदारी के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डालेगा। जागरूकता अभियान के बाद, एक स्वैच्छिक नामांकन अभियान शुरू किया जाएगा। प्रदेश सरकार इच्छुक कर्मचारियों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करेगी। इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने के लिए सरकारी कर्मचारियों की पेशेवर विशेषज्ञता और कौशल का लाभ उठाना है।

### डीकार्बोनाइजेशन की आवश्यकता पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ऊर्जा प्रबंधन प्रकोष्ठ (ईएमसी)/राज्य नामित एजेंसी (एसडीए), इंजीनियरिंग विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन एवं उद्योग व डिस्कॉम में ऊर्जा दक्षता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, सेक्टर-31, चंडीगढ़ में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यूटी चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता, ईसीबी ओझा ने औद्योगिक क्षेत्र में डीकार्बोनाइजेशन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकों व ऊर्जा दक्ष प्रथाओं को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने पुनः दोहराया कि चंडीगढ़ वर्ष 2030 तक कार्बन न्यूट्रल और वर्ष 2047 तक नेट-जीरो सिटी बनने के संकल्प की ओर अग्रसर है। पवित्र सिंह, पीसीएस, निदेशक उद्योग, चंडीगढ़ प्रशासन ने सतत औद्योगिक विकास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के साथ-साथ राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ तकनीकों व अक्षय ऊर्जा को अपनाना चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पण के साथ कार्य करती रहेगी सरकार : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित राज्य स्त्री शक्ति, तीलू रौतेली व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 13 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार और 33 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीरांगना तीलू रौतेली को नमन करते हुए कहा कि, तीलू रौतेली ने महज 15 वर्ष की उम्र में अपने रण कौशल से विरोधियों को परास्त किया, जिस उम्र में बच्चे खेलना-कूदना और पढ़ना सीखते हैं, उसी उम्र में तीलू रौतेली ने अदम्य साहस व वीरता का परिचय दिया इसलिए वीरांगना तीलू रौतेली को उत्तराखंड की झांसी की रानी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी तू नारायणी के मंत्र के साथ मातृशक्ति के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की बात हो या बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना, केंद्र सरकार हर तरह से महिलाओं को सशक्त बना रही है, इसी तरह ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त करके भी प्रधानमंत्री मोदी ने देश की महिलाओं को सामाजिक तौर पर मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने जहां महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है।

वहीं, महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता को लागू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना और उद्यमिता विकास कार्यक्रम जैसी योजनाओं के माध्यम से भी मातृशक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपए तक का ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने वर्ष 2023 से तीलू रौतेली पुरस्कार राशि 31 हजार रुपए से बढ़ाकर 51 हजार और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार धनराशि 21 हजार रुपए से बढ़ाकर 51 हजार कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के शुरुआती चरण के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ग्रामीण इलाकों में माता-पिता के बाद बच्चों को संस्कार और प्रारंभिक शिक्षा देने की शुरुआत आंगनबाड़ी केंद्रों से ही होती है। उनके दोनों बच्चों ने भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार आंगनबाड़ी से ही प्राप्त किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे भी महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी शक्ति, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।



# भारत की विकास यात्रा में शिक्षक सदैव मार्गदर्शक शक्ति : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

> सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक युवा पीढ़ी को ज्ञान, मूल्यों और विवेक से संपन्न बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उनका निस्वार्थ समर्पण न केवल विद्यार्थियों के भविष्य को संवारता है, बल्कि एक मजबूत, प्रगतिशील व समावेशी समाज की नींव भी रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में शिक्षक सदैव मार्गदर्शक शक्ति रहे हैं और उन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी युवाओं को राष्ट्रहित में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन का एक दूरदर्शी रोडमैप है। उन्होंने शिक्षकों से इसके सफल क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया, ताकि विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, जिज्ञासा और समग्र शिक्षा की भावना को बढ़ावा मिल सके। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत को ज्ञान आधारित और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में शिक्षक अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा ने स्कूल नामांकन, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और उच्च शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी दोनों स्तरों पर शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि समाज के सभी वर्गों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प मजबूत है। राज्यपाल ने अंत में सभी से आह्वान किया कि वे शिक्षकों की अथक सेवा और योगदान का सम्मान करें, क्योंकि वे केवल विद्यार्थियों का ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का भविष्य संवारते हैं।

# अपना पंजाब फाउंडेशन ने वरिष्ठ शिक्षकों को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' अवार्ड से नवाजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर, स्वास्थ्य, शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही संस्था अपना पंजाब फाउंडेशन ने वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित करने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत की।

इस विशेष समारोह में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन शिक्षकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो आज भी शिक्षा और समाज के लिए सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा, शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन लोगों को सम्मानित करें, जिन्होंने पीढ़ियों को ज्ञान प्रदान किया है। इन शिक्षकों ने केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि ऐसे संस्कार भी दिए हैं जो एक जिम्मेदार और सफल नागरिक का निर्माण करते हैं। फाउंडेशन के संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. जगजीत सिंह धूरी ने बताया कि यह सम्मान समारोह पीएचडी चैंबर, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भेजे गए नामांकनों के आधार पर कुल 25 वरिष्ठ शिक्षकों का चयन कर उन्हें 'अर्पण अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

# राहत सामग्री की खेप रवाना की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी (आईआरसीएस), चंडीगढ़ ने बाढ़ प्रभावित पंजाब के नागरिकों की सहायता के लिए राहत सामग्री की एक खेप रवाना की है। इस खेप में खाद्य सामग्री, पेयजल, दवाइयां, वस्त्र, कंबल तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जो प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक हैं। यह पहल सोसाइटी की मानवीय सेवा व आपदा राहत के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। त्वरित संसाधन जुटाकर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, चंडीगढ़ ने इस संकट की घड़ी में पंजाबवासियों के साथ एकजुटता का परिचय दिया है। इस अवसर पर उपायुक्त-अध्यक्ष (आईआरसीएस) निशांत कुमार यादव ने कहा कि सोसायटी अपने समकक्ष संगठनों व अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि समय पर सहायता प्रभावित परिवारों तक पहुंचे।

# सांसद साहनी ने पंजाब बाढ़ राहत के लिए की 5 करोड़ देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने अपने सांसद निधि व व्यक्तिगत दान से पंजाब बाढ़ राहत के लिए कुल 5 करोड़ देने का वादा किया।

डॉ. साहनी ने घोषणा की कि वे बाढ़ बचाव कार्यों के लिए उन्नत नौकाओं और नदी से गाद निकालने के लिए आधुनिक मशीनों की खरीद के लिए राज्य आपदा राहत बल को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने भविष्य में आने वाली आपदाओं से संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए मजबूत बाढ़ सुरक्षा बांधों व तटबंधों के निर्माण के लिए भी धनराशि देने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. साहनी ने बताया कि उनका एनजीओ, सन फाउंडेशन, जमीनी स्तर पर राहत कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल है, अब तक 1 करोड़ से ज्यादा का खर्च करके, सन फाउंडेशन ने प्रशासन को कई मोटरबोट और एंबुलेंस उपलब्ध कराई हैं। वहीं, बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित परिवारों को सूखा राशन, मेडिकल किट, स्वच्छता सामग्री और पशुओं के लिए चारा भी वितरित किया है। डॉ. साहनी ने कहा कि वे सीमांत किसानों को गेहूं की बुवाई के लिए उर्वरक, बीज, कीटनाशक आदि जैसे कृषि इनपुट उपलब्ध कराएंगे। डॉ. साहनी ने केंद्र से 10,000 करोड़ के बाढ़ राहत पैकेज की मांग की। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि प्रत्येक किसान को फसल के नुकसान के लिए 50,000 प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए और दिहाड़ी मजदूरों और पशुपालकों को भी पर्याप्त मुआवजा मिले। इसके अलावा, क्षतिग्रस्त हुए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी धन की आवश्यकता है।

## देश-विदेश

# शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

> ग्रामीण क्षेत्रों भी घटी शिशुओं की मृत्यु दर

भारत में लंबे समय से शिशु मृत्यु दर एक गंभीर चिंता का विषय रहा है। हालांकि आधुनिक चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, टीकाकरण अभियान, प्रसव के दौरान बेहतर मेडिकल सुविधाओं के चलते इसमें उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। हालांकि चुनौतियां अभी भी हैं, कई इलाकों में कुपोषण, समय पर टीकाकरण की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं की असमानता के कारण समय-समय पर चिंता बढ़ाने वाली रिपोर्ट्स सामने आती रही हैं।

फिलहाल, भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर (इन्फेंट मोर्टालिटी रेट-आईएमआर) में काफी सुधार देखा गया है। ये साल 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। यानी कि मृत्युदर में 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। जारी आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आईएमआर में गिरावट देखी गई है जो 44 से कम होकर 28 रह गई है। वहीं देश के शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 27 से घटकर 18 हो गई। यह क्रमशः लगभग 36 प्रतिशत और 33 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

### आईएमआर?

**आईएमआर** प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर एक वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु की संख्या को दर्शाता है। यह किसी देश या क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण, मातृ देखभाल और सामाजिक-आर्थिक स्थिति का एक महत्वपूर्ण संकेतक होता है। उच्च आईएमआर विकासशील देशों में आम है, जबकि विकसित देशों में यह अपेक्षाकृत कम होता है।

# बिहार में छठ पूजा के बाद हो सकते हैं चुनाव

**एजेंसी, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा इलेक्शन कमीशन अक्तूबर में कर सकता है। अक्तूबर के पहले या दूसरे हफ्ते के शुरुआती दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, दो या तीन चरणों में बिहार में वोटिंग संभव है। नवंबर महीने में बिहार में मतदान होगा। जानकारी के मुताबिक, दुर्गा पूजा और दशहरा के बाद बिहार में चुनाव की घोषणा की जाएगी। आयोग छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख की घोषणा करेगा। 5 से 15 नवंबर मतदान और 20 नंवबर को मतगणना की तारीख तय हो सकती है। चुनाव आयोग 22 नवंबर की डेडलाइन से पहले बिहार में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक फाइनल वोटर लिस्ट 30 सितंबर को जारी होगी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली शहर में घुसा यमुना का पानी

## पंजाब के सभी जिलों में बाढ़, 3.55 लाख लोग प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। वीरवार सुबह मॉनेस्ट्री मार्केट में सड़क पर एक फुट तक पानी भर गया। मयूर विहार फेज-1 के पास बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया।

पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितंबर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितंबर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। पठानकोट में 3 लापता हैं। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं, मथुरा में यमुना की बाढ़ में 6 गांव डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिसार, पंचकूला, अंबाला और रोहतक में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली से पानी छोड़ने से फरीदाबाद में यमुना खतरे के निशान तक पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

### कृषि मंत्री शिवराज चौहान जायजा लेने पंजाब पहुंचे



**बारिश** और बाढ़ से बिगड़े हालात का जायजा लेने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान वीरवार को पंजाब दौरे पर रहे। अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद केंद्रीय मंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्र अजनाला पहुंचे। यहां वह किसानों से मिले। किसानों ने उन्हें खराब हुई फसलों के बारे में बताया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री डेरा बाबा नानक एरिया में पहुंचे। इस दौरान वह ट्रैक्टर में सवार थे। ट्रैक्टर पंजाब भाजपा प्रधान सुनील जाखड़ चला रहे थे। यहां केंद्रीय मंत्री ने बाढ़ के पानी में उतरकर लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि राज्य में 2 केंद्रीय टीमें नुकसान का आकलन कर रही हैं।

### जयशंकर ने सिंगापुर के पीएम से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वीरवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के रिश्तों को और मजबूत करने पर बातचीत की। वोंग ने जयशंकर के साथ मुलाकात के बाद कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के साथ-साथ भारत-सिंगापुर सहयोग की प्रगति पर चर्चा की। वोंग आज पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। जयशंकर ने उम्मीद जताई है कि मोदी और वोंग की मुलाकात से दोनों देशों के संबंधों के लिए एक नया रोडमैप बनेगा। वोंग ने एक्स पर लिखा, नई दिल्ली में मेरी यात्रा की शुरुआत प्रोडक्टिव रही। वोंग मंगलवार को तीन दिन के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे थे। वोंग बुधवार को प्रवासी सिंगापुरवासियों से मिले और एसजी 60 स्वागत समारोह में शामिल हुए। इसे सिंगापुर के 60वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर को पूर्वोत्तर से जोड़ने वाला एनएच खुलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच वीरवार को कुकी-जो काउंसिल राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को पूरी तरह खोलने को तैयार हो गई। अब इस मार्ग से लोगों और जरूरी सामान की आवाजाही बिना रुकावट हो सकेगी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, कुकी-जो काउंसिल सुरक्षा बलों के साथ हा-2 पर शांति बनाए रखने में सहयोग करेगी। यह हाईवे मणिपुर को नगालैंड और पूर्वोत्तर से जोड़ने वाली जीवन रेखा है, जो मई 2023 में भड़की मैतेई और कुकी समुदायों की हिंसा के बाद से बंद था। दिल्ली में वीरवार को केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और कुकी संगठनों के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई। बैठक के अंत में नया सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस करार साइन किया गया। यह समझौता एक साल के लिए प्रभावी रहेगा और इसमें नई शर्तें जोड़ी गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### सोनाली फोगाट मर्डर मामले में परिवार को झटका

**एजेंसी, पणजी।** हरियाणा की टिक-टॉक स्टार और भाजपा नेता सोनाली फोगाट की मौत मामले में परिवार को झटका लगा है। गोवा की कोर्ट ने आरोपी सुखविंद्र सिंह को विदेश जाने की इजाजत दे दी है। सुखविंद्र का पासपोर्ट पहले कोर्ट में जमा था, जिसे उसे लौटा दिया जाएगा। इस मामले को लेकर वीरवार को गोवा की जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुखविंद्र के वकील सुखवंत सिंह दांगी ने उसका पक्ष रखा। सुखवंत सिंह ने बताया कि कोर्ट ने रोल व अन्य महत्त्वपूर्ण पक्षों को देखते हुए सुखविंद्र को विदेश जाने की इजाजत दी है। सुखविंद्र 9 से 13 सितंबर तक इंडोनेशिया के बाली जाना चाहता है। इसके बाद 17 सितंबर तक चंगू रहेगा। 17 सितंबर के बाद वह उलुवातू जाएगा। जहां वह 22 सितंबर तक रुकेगा। 23 सितंबर को वह वापस इंडिया आएगा। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका के वेनेजुएला की नाव पर हमले में 11 की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

> विदेश मंत्री ने कहा ड्रग्स की तस्करी हो रही थी, ट्रंप ने उड़ाने का आदेश दिया

अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की एक नाव पर हमला किया है, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। अब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने खुलासा किया है कि खुद ट्रंप ने नाव पर हमला करने का आदेश दिया था। यह हमला मंगलवार को कैरिबियन सागर में हुआ था। रुबियो ने कहा कि वे चाहते तो उस नाव को सीज कर सकते थे, लेकिन ट्रंप ने इसके बजाय उसे उड़ाने का आदेश दिया। रुबियो ने कहा कि सिर्फ ड्रग्स की खेप जब्त करने से कार्टेल पर असर नहीं पड़ने वाला है।

उन्हें खत्म करना है तो उन्हें उड़ाना ही होगा। रुबियो ने यह भी कहा कि नाव पर मौजूद लोगों को कोई चेतावनी नहीं दी गई क्योंकि वह 'कोकीन या फेंटेनाइल' ड्रग से भरी हुई थी। यह अमेरिका के लिए सीधा खतरा थी। (अनंत ज्ञान)

### डोनाल्ड ट्रंप बोले-अब वे दोबारा ऐसा नहीं करेंगे

**अमेरिका** के राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि जहाज पर 'ट्रेन डे अरागुआ गिरोह' के सदस्य थे। अमेरिका इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। ट्रंप ने दावा किया कि नाव पर भारी मात्रा में ड्रग्स था। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हमारे पास उनकी बातचीत के टेप हैं। हमारे देश में बहुत बड़ी मात्रा में ड्रग्स आ रहे थे, जो कई लोगों को मार सकते थे।

# सेंसेक्स में 150.30, निफ्टी में 19.25 अंकों का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.30 अंक उछलकर 80,718.01 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.25 अंक की बढ़त के साथ 24,715.05 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.30 अंक या 0.19 प्रतिशत उछलकर 80,718.01 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 888.96 अंक या 1.10 प्रतिशत बढ़कर 81,456.67 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में बड़ी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली के कारण दिन के उच्चतम स्तर से नीचे आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.25 अंक या 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,734.30 पर आ गया। (अनंत ज्ञान)

### जीएसटी परिषद के फैसलों का असर

**बाजार** पर जीएसटी कानून के ढांचे में हुए बड़े बदलाव का भी असर देखने को मिला। जीएसटी 2.0 में रोटी/पराठा से लेकर हेयर ऑयल, आइसक्रीम और टीवी तक आम उपयोग की वस्तुएं सस्ती होंगी। नए एलानों के बाद स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर टैक्स का बोझ शून्य हो जाएगा।

**योजना** फिलिस्तीनियों को गाजा छोड़ने के बदले 4 लाख रुपए और 4 साल का रेंट मिलेगा

# गाजा को मेगासिटी बनाकर इमारतें बेचेंगे ट्रंप !

**एजेंसी, गाजा**

पिछले 23 महीनों से इसराइली हमलों के चलते गाजा पट्टी पूरी तरह से तबाह हो गई है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा को दुबई जैसा टूरिस्ट और फाइनेंशियल स्पॉट बनाने की योजना सामने आई है।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, एक 38 पेज की सरकारी रिपोर्ट में गाजा सिटी को हाई-टेक मेगासिटी में बदलने की योजना का जिक्र है। इस योजना को 'गाजा रीकंस्ट्रक्शन, इकोनॉमिक एक्सेलरेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशनल ट्रस्ट' (GREAT) नाम दिया गया है।



तबाह हुई गाजा सिटी की फाइल फोटो।

इसे करीब 9 लाख करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। ट्रंप इन इमारतों को ऊंचे दामों पर बेचेंगे। वहीं, इसके लिए 20 लाख लोगों को निकाला जाएगा, जिन्हें शहर छोड़ने के बदले 4 लाख रुपए और बसने के लिए 4 साल तक का किराया दिया जाएगा। साथ ही एक साल तक फ्री भोजन भी देने की बात कही गई है।

### गाजा को मेगासिटी में बदलने की योजना

**रिपोर्ट** में ट्रंप, एलन मस्क और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का जिक्र है। हालांकि, मानवाधिकार संगठनों और एक्सपर्ट्स ने इसे गाजा से लोगों को निकालने और नरसंहार की साजिश करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा से लोगों को निकाल कर मिस्र, कतर जैसे देशों में रखा जाएगा या फिर फिलिस्तीन के ही किसी एक क्षेत्र में रखा जाएगा। जितने लोग गाजा छोड़ेंगे, निवेश उतना घटेगा। हर 1% आबादी के विस्थापन से 40 हजार करोड़ रुपए बचेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया में भारत को 21 हिस्सों में बांटने का मैप पोस्ट

**एजेंसी, मेलबर्न**

> गुन्थर फेलिंगर बोले हमें खालिस्तान बनाने का करना चाहिए समर्थन

ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुन्थर फेलिंगर-जान ने बुधवार को भारत को 21 हिस्सों में बांटने का विवादास्पद मैप पोस्ट किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारत को कई हिस्सों में तोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं भारत को कई हिस्सों में तोड़ने की मांग करता हूं। नरेंद्र मोदी रूस समर्थक हैं। हमें खालिस्तान का समर्थक होना चाहिए। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक विवादास्पद नक्शा भी शेयर किया, जिसमें भारत के हिस्सों को पाकिस्तान, नेपाल और खालिस्तान में दिखाया।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि हम नाटो को और बड़ा करेंगे। यूक्रेन में जीत हासिल करेंगे और रूस, चीन और भारत को तोड़कर उनके नए बने देशों को नाटो और डब्ल्यूटीओ में शामिल करेंगे। गुन्थर यूक्रेन, कोसोवो, बोस्निया और ऑस्ट्रिया के लिए नाटो सदस्यता की वकालत करने वाली ऑस्ट्रियाई समिति के अध्यक्ष हैं। वह रूस के खिलाफ सख्त रवैया रखते हैं और ऑस्ट्रिया की न्यूट्रल पॉलिसी की आलोचना करते हैं। वहीं, शिवसेना (उद्धव) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इसका विरोध करते हुए लिखा, 'यह क्या पागलपन है? विदेश मंत्रालय को यह मामला ऑस्ट्रियाई दूतावास के सामने उठाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### मुसेत्ती को हराकर सिनेर अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** गत चैंपियन यानिक सिनेर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा, जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनेर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### स्वियातेक को हराकर अनिसिमोवा अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक को 6-4, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो महीने पहले ही छह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने विम्बलडन फाइनल में अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया था। अमेरिका की अनिसिमोवा का यह तीसरा ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है, लेकिन फ्लशिंग मीडोस पर वह पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं। अब उनका सामना चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने कोको गाफ को हराया था। उन्होंने सेमीफाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को मात दी। (अनंत ज्ञान)

### 40 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद आईपीएल टिकट होंगे महंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर के क्रिकेट प्रशंसकों को अगले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के टिकटों के लिए अधिक पैसे खर्च करने होंगे क्योंकि सरकार ने इन मैचों में प्रवेश पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है। बुधवार देर रात जारी वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, ''कैसीनो, रेस क्लब, कैसीनो या रेस क्लब वाली किसी भी जगह या आईपीएल जैसी खेल प्रतियोगिताओं में प्रवेश पर आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) के साथ 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।'' पिछले सत्र तक जीएसटी से पहले पांच सौ रुपए के आधार मूल्य वाले आईपीएल टिकट की कीमत 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ अंततः 640 रुपए थी। हालांकि, 2026 सत्र के दौरान सरकार द्वारा 40 प्रतिशत जीएसटी लगाने के बाद अब यही टिकट 700 रुपए का हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईपीएल टिकटों को 'विलासिता की वस्तुओं' की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। हालांकि, भारत के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों को अन्य खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है और 500 रुपये से अधिक मूल्य के टिकटों पर 18 प्रतिशत का कम जीएसटी लगेगा। पांच सौ रुपए से कम मूल्य के किसी भी टिकट को जीएसटी से छूट दी जाएगी। नियम में कहा गया है, ''मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में प्रवेश पर छूट जारी रहेगी जहां की टिकट की कीमत पांच सौ रुपये से अधिक नहीं है, और अगर टिकट की कीमत 500 रुपए से अधिक है तो उस पर 18 प्रतिशत की मानक दर से कर लगता रहेगा।'' जहां तक आईपीएल का सवाल है तो टिकटों की कीमतों पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का नियंत्रण नहीं है और हर फ्रेंचाइजी अपने-अपने घरेलू मैदानों पर कीमतें तय करती हैं। (अनंत ज्ञान)

### दलीप ट्रॉफी : सेमीफाइनल में दोहरे शतक से चूके रुतुराज गायकवाड़ का शतक



**एजेंसी, बेंगलुरु।** रुतुराज गायकवाड़ ने यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर की नाकामी की भरपाई करते हुए 184 रन की शानदार पारी खेली जिससे पश्चिम क्षेत्र ने वीरवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ छह विकेट पर 363 रन बनाकर वापसी की। दिन का खेल खत्म होने पर तनुश कोटियान (नाबाद 65) और शार्दुल ठाकुर (नाबाद 24) बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'बी' मैदान पर क्रीज पर डटे थे। दिन के स्टार गायकवाड़ रहे जिन्होंने पिछले महीने बुची बाबू टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए 133 रन की पारी खेलने के बाद लगातार दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 206 गेंद का सामना किया।गायकवाड़ मध्यक्रम में तब बल्लेबाजी के लिए आए जब पश्चिम क्षेत्र की टीम जायसवाल (4 रन) और हार्विक देसाई एक रन के विकेट गंवाने के बाद दो विकेट पर 10 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। जायसवाल को तेज गेंदबाज खलील अहमद ने आउट किया, जबकि हार्विक ने दीपक चाहर की गेंद पर पहली स्लिप में यश राठौड़ को आसान कैच थमा दिया। गायकवाड़ ने इसके बाद आर्य देसाई के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन की उपयोगी साझेदारी की और पश्चिम क्षेत्र की टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की। (अनंत ज्ञान)

## महिला एशिया कप हॉकी नए सिरे से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

# भारत का मुकाबला थाईलैंड से आज

**एजेंसी, हांगझोउ ( चीन )**

प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल-बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी।



फाइल फोटो

भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है, जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल-ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। चीन (चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। थाईलैंड के बाद भारत का सामना शनिवार को जापान से और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा।

अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका को लगी चोटों से भारतीय टीम कमजोर हुई है। सविता टखने की चोट के कारण बाहर है जो उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। दीपिका की जगह साक्षी खेल रही है।

फॉरवर्ड और ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने पिछले कुछ अर्से में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों के नहीं खेलने से कप्तान सलीमा टेटे, नवनीत कौर, उदिता, नेहा, शर्मिला देवी और लालरेम्सियामी पर अधिक दारोमदार होगा। भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन इस साल अच्छा नहीं रहा है और एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में आखिरी स्थान पर रहने के बाद टीम नीचे खिसक गई। भारत ने एशिया कप 2004 और 2017 में जीता है। भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को भी पता है कि प्रो लीग के खराब प्रदर्शन के बाद उन पर अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव होगा। भारत ने प्रो लीग के 16 मैचों में 100 से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर गंवाए, जिनमें से 17 बेल्जियम के खिलाफ ही गंवा दिए। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी और हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 चरण में पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल खेलेंगी। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीम

**बांसरी** सोलंकी और बिछू देवी खारीबम (गोलकीपर), मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, नेहा, वैष्णवी फाल्के, सलीमा टेटे (कप्तान), शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी, सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, साक्षी, संगीता कुमारी।

## भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर अमित मिश्रा ने गुरुवार, 4 सितंबर को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान किया है। दिग्गज लेग स्पिनर ने भारत के लिए 2003 में डेब्यू किया था, वह 2024 तक आईपीएल में खेले। अमित मिश्रा ने लिखा, 'आज, 25 वर्षों के बाद, मैं क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। एक ऐसा खेल जो मेरा पहला प्यार, मेरा शिक्षक और मेरी खुशी का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। अमित मिश्रा ने अपने रिटायरमेंट पोस्ट में आगे लिखा, 'यह सफर अनगिनत भावनाओं से भरा रहा है। गर्व, मुश्किलें, सीख और प्यार के पल। मैं बीसीसीआई, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, अपने कोचों, सहयोगी स्टाफ, सहकर्मियों और सबसे बढ़कर, प्रशंसकों का तहे दिल से शुक्रगुजार हूं, जिनके विश्वास और समर्थन ने मुझे हर कदम पर ताकत दी। (अनंत ज्ञान)



### 2003 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किया था डेब्यू

**अंतरराष्ट्रीय** वनडे मैच 2003 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। इसके 5 साल बाद उन्होंने 2008 में टेस्ट और 2010 में टी20 डेब्यू किया। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले, इनमें उनके नाम क्रमश 76, 64 और 16 विकेट हैं। अमित मिश्रा ने आगे लिखा, 'शुरुआती दिनों के संघर्षों और त्यागों से लेकर मैदान पर बिताए शानदार पलों तक, हर अध्याय एक ऐसा अनुभव रहा है जिसने मुझे एक क्रिकेटर और एक इंसान के रूप में बेहतर बनाया। मेरा परिवार मेरे उतार-चढ़ाव भरे समय में मेरे साथ मजबूती से खड़ा रहा, उसके लिए उनका शुक्रिया। मेरे साथियों और मेंटोर्स ने इस सफर को खास बनाया, उनका शुक्रिया।

## अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन वीरवार को एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। वह मध्य दिल्ली स्थित निदेशालय के कार्यालय में सुबह 11 बजे पहुंचे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी 'वन एक्स बेट' नामक एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़ी इस जांच के तहत धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। ऐसा माना जा रहा है कि 39 वर्षीय पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के जरिए इस ऐप से जुड़े हैं। ईडी पूछताछ के दौरान इस ऐप से उनके संबंधों को समझना चाहता है। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े ऐसे कई मामलों की जांच कर रही है जिन पर कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी करने या भारी कर चोरी का आरोप है। पिछले महीने पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से इस मामले में पूछताछ की गई थी। (अनंत ज्ञान)

## सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर 14 अक्तूबर को गोवा में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने वीरवार को कहा कि सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप ग्रुप-सी का आखिरी दौर का क्वालीफायर 14 अक्तूबर को गोवा में खेला जाएगा। एआईएफएफ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया,''एएफसी एशियाई कप ग्रुप सी का आखिरी दौर का क्वालीफायर भारत और सिंगापुर के बीच 14 अक्तूबर को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर होगा।'' पहले चरण का मैच सिंगापुर के नेशनल स्टेडियम पर नौ अक्तूबर को खेला जाएगा। सिंगापुर इस समय एक जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष पर है, जबकि भारत एक ड्रॉ और एक हार के साथ सबसे नीचे है। ग्रुप के विजेता को सउदी अरब में 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## भांबरी अमेरिकी ओपन युगल के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारत के युकी भांबरी अपने जोड़ीदार न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गए। भांबरी और वीनस ने 11वीं वरीयता प्राप्त निकोला मेकटिच और राजीव राम को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। इससे पहले उन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के केविच क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज को मात दी थी।

33 वर्ष के भांबरी चोटों से परेशान रहने के बाद एकल छोड़कर युगल पर फोकस कर रहे हैं। दुनिया के पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी भांबरी का सीनियर ग्रैंडस्लैम में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा,''यह बहुत ही रोमांचक अनुभव था। मैं काफी भावुक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि इतना कठिन मैच हम जीत सके। हमारी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी काफी अनुभवी थी और उनके खिलाफ जीतना बहुत बड़ी बात है।'' उन्होंने कहा,''अभी तक का सफर अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि वीनस और मैं मिलकर अच्छा खेल पा रहे हैं।'' अब भांबरी और वीनस का सामना छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जो सालिस्बरी और नील स्कूपस्की से होगा। (अनंत ज्ञान)

### फिडे ग्रैंड शतरंज

## प्रज्ञानानंदा का सामना जैफ्री शियोंग से, बाकरोट से खेलेंगे डी गुकेश

**एजेंसी, समरकंद ( उजबेकिस्तान )।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग से खेलेंगे जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश की टक्कर फ्रांस के एटियेने बाकरोट से होगी। ओपन वर्ग में 116 और महिला वर्ग में 56 खिलाड़ी 855000 डॉलर ईनामी राशि के लिए मुकाबला करेंगे जिसमें से 625000 पुरस्कार ओपन वर्ग में होगा। यह टूर्नामेंट अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफायर है, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त मैग्नस कार्लसन, फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन को क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है और वह विश्व चैंपियनशिप नहीं खेलते हैं। कारूआना कैंडिडेट्स के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं और नकामूरा को यकीन है कि जनवरी 2026 तक की औसत रैंकिंग के आधार पर वह जगह बना लेंगे। ओपन और महिला वर्ग से दो कोटा स्थान तय होंगे। इन तीनों के नहीं खेलने से शीर्ष तीन वरीयता भारतीय खिलाड़ियों को मिली है। दुनिया के चौथे, पांचवें और छठे नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर दुष्कर्म के आरोप में बरी

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली को लंदन की एक अदालत ने बड़ी राहत दी है। अली पर कुछ दिन पहले पाकिस्तानी मूल की ब्रिटिश महिला ने रेप का आरोप लगाया था। अब कोई ठोस सबूत नहीं मिलने पर उन्हें इन आरोपों से बरी कर दिया है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस और क्राउन प्रोसिक्यूशन सर्विस ने जांच बंद कर दी है। यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था, जब हैदर को मैनचेस्टर पुलिस ने 4 अगस्त 2025 को कैंटरबरी के मैदान में मेलबर्न क्रिकेट क्लब के खिलाफ मैच के दौरान गिरफ्तार किया था। हैदर उस समय पाकिस्तान शाहींस टीम का हिस्सा थे, जो इंग्लैंड के दौरे पर थी। एक ब्रिटिश-पाकिस्तानी महिला ने उन पर मैनचेस्टर के एक होटल में रेप का आरोप लगाया था। (अनंत ज्ञान)

## भुवनेश्वर ने 2022 में एशिया कप में चार ओवर में मात्र 4 रन देकर झटके थे 5 विकेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। यह तीसरा मौका है जब एशिया का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होगा। टी20 फॉर्मेट में अब तक खेले गए दो एशिया कप में भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसके आस-पास भी कोई दूसरा गेंदबाज नहीं है।

भुवनेश्वर कुमार 2022 में खेले गए एशिया कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने 4 ओवर में मात्र 4 रन देकर 5 विकेट लिए थे। टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में एक पारी में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं। टी20 में 5 विकेट लेना आसान नहीं होता है। भुवनेश्वर ने अफगानिस्तान के खिलाफ जैसा स्पेल फेंका था, वैसा स्पेल डालना भी बेहद मुश्किल है। देखना होगा आगामी एशिया कप में भुवी के पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कोई गेंदबाज कर पाता है या नहीं। टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी भुवनेश्वर के नाम है।

2016 और 2022 में खेले गए दो संस्करणों के 6 मैचों में भुवी ने 13 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर 2025 में एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। भुवनेश्वर कुमार भारतीय टीम के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके हैं। एक समय वह टी20 में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। नवंबर 2022 में भारत के लिए आखिरी बार खेलने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 21 टेस्ट में 63, 121 वनडे में 141 और 87 टी20 में 90 विकेट लिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### 10 सितंबर को भारत का पहला मैच

**एशिया** कप 2025 में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर से करेगी, जहां उनका सामना यूएई से होगा। इसके बाद 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ हाई वोल्टेज मुकाबला होगा। 19 सितंबर को ओमान के साथ टीम इंडिया का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच है। इसके बाद सुपर 4 स्टेज के मुकाबले होंगे, जहां चारों टीमें एक दूसरे से एक एक मैच खेलेंगी और टॉप पर रहने वाली 2 टीमें फाइनल में जाएंगी।



समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

शिक्षक दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**Major Achievements of Pre-Primary in HP:**

- For strategizing the ECCE program and coordinating field-level execution, the state has established the ECCE core group
- Enrolment drive campaigns have been done through jingles, print media, mass media, rallies, door-to-door visits, social media etc.
- Increase in parents' interest towards Government Schools with the beginning of Pre-Primary classes
- Registration and enrollment tracking of Pre-Primary classes have also been done
- Successful implementation of Pre-Primary classes in selected 6445 Government Primary Schools
- Capacity Building for Key Resource Persons at State Level and District Level across the state successfully in different phases.
- JBT/Primary teachers across the state have been trained on different aspects of ECCE
- A revision of Content has been done with alignment of NCF-FS 2022 and State Preschool Curriculum 2023 which consists material like Story cards, books, worksheets, report cards/teacher manual, activity calendar etc. as part of "Himvatika Kit"
- Successful implementation of ''पहली शिक्षक–माँ'' initiative across the state
- To strengthen mothers and ensure their role in the overall development of the child, monthly mother meetings have been conducted at the school level
- The ECCE digital content through biweekly WhatsApp or normal message has also been shared with mothers/parents so that they play an effective role in the growth of their children
- In-person capacity building of selected mothers on different developmental domains specific activities have been done through workshops in which ~24000 mothers were oriented
- The infrastructure development has provided an ambient atmosphere to the children that is helping in achieving the ECCE-specific learning objectives which includes child-friendly sitting fitment, indoor and outdoor play materials, curriculum, water purifier and other features relevant to BaLA
- The state has developed a continuum assessment and corresponding Child Report Card based on NIPUN Bharat Learning Objectives (LOs) for assessing the age–appropriate development among Pre-Primary children. The assessment is progressive, and observation-based and serves as a crucial tool for understanding/dissemination of children's learning gaps/gains.
- In digital initiatives LED has been provided for some Primary Schools having Pre-Primary Classes
- Jaadui Pitara has been adapted by the state Government and facilitated through Samagra Shiksha, Himachal Pradesh, with a comprehensive collection of 29 Learning–Teaching Material mapped to the different domains of development of a child i.e. Fine & Gross motor development, Socio-Emotional, Language & Literacy, Numeracy, Cognitive, Art, Aesthetic and Creative Development. Jaadui Pitara has been provided in 6202 primary schools having pre-primary classes and also oriented teachers during a capacity building workshop on e-Jaadui Pitara

*''पहली शिक्षक–माँ''*

*(Ensuring Active Engagement of Mothers in Pre-Primary Education Programme)*

Children spend considerable time at home and thus family, especially mother continues to be the stakeholders who support their major learning when it comes to early years. Particularly, mothers are the prime caregivers of the children in this segment. They can also be considered to be the child's first teacher. Thus, regular connections between teachers and mothers can play a vital role in the overall development of children.

Keeping the above in view, Samagra Shiksha, Himachal Pradesh envisaged to focus on strengthening the role of mothers in the overall development of the child in Early Childhood Care and Education under the Pre-primary program through *'पहली शिक्षक–माँ'* Initiative.

**Program Objectives:**

- Enabling mothers for supporting their children through home-based developmentally appropriate activities and thus imparting quality education
- Creating awareness amongst mothers on child care i.e., health, well-being, safety and nutritional requirements
- Enabling mothers for supporting teachers to create an early years environment in the school
- Fostering a learning environment where mothers learn from each other in groups
- To help mothers get engaged in child development by providing them with hands-on experience in development-appropriate activities

*"Three Components of "Pehli Shikshak Maa":*

1. Monthly Mother Meetings: Monthly Mother Meetings being conducted on last Saturday (Bag Free Day) of Every Month at the school level using agenda cards based on activities related to Pre Primary
2. WhatsApp Messages: Dissemination of two WhatsApp messages every week (Tuesday and Friday) based on five development domains (Physical, Cognitive, Creative, Socio-emotional, and Language for mothers to be used with children at home
3. Capacity Building of Mothers: In 2024-25, ~24000 mothers of children studying in pre-primary school were given a 2-day training based on Early Childhood Care and Education activities.

